कर्नाटक सरकार

# हिंदी सुमन

## प्रथम भाषा हिंदी

**Hindi First Language**

# 8

## आठवीं कक्षा

**Eighth Standard**

©KTBS
Not to be republished

**Karnataka Text Book Society (R.)**
100 Ft. Ring Road, BSK 3rd Stage,
Bengaluru - 560 085.

# PREFACE

The Textbook Society, Karnataka has been engaged in producing new textbooks according to the new syllabi prepared which in turn are designed based on NCF – 2005 since June 2010. Textbooks are prepared in 11 languages, seven of them serve as the media of instruction. From standard 1 to 4 there is the EVS and $5^{th}$ to $10^{th}$ there are three core subjects namely mathematics, science and social science.

**NCF- 2005 has a number special features and they are:**

- Connecting knowledge to life activities
- Learning to shift from rote methods
- Enriching the curriculum beyond textbooks
- Learning experiences for the construction of knowledge
- Making examinations flexible and integrating them with classroom experiences
- Caring concerns within the democratic policy of the country
- Make education relevant to the present and future needs.
- Softening the subject boundaries integrated knowledge and the joy of learning.
- The child is the constructor of knowledge.

The New books are produced based on three fundamental approaches namely.

Constructive approach, Spiral Approach and Integrated approach.

The Learner is encouraged to think, engage in activities, master skills and competencies. The materials presented in these books are integrated with values. The new books are not examination oriented in their nature. On the other hand they help the learner in the total development of his/her personality, thus help him/her become a healthy member of a healthy society and a productive citizen of this great country India.

Language textbooks are designed to help learners master communicative competencies, excellent comprehension, meaningful expression and efficient reference skills.

©KTBS Not to be republished

English is studied by most students as the second language. Teachers have to keep in mind the three fundamental approaches based on which the readers have been designed and adapt their teaching methods and help learners master language skills and competencies and help them become excellent users of English.

Schools in Karnataka offer seven languages a media of instruction and eight as first languages and ten languages are offered as third language. The objective is to help the learners to use these languages efficiently at the communicative level. It is hoped that at least a cross section of learners achieve competencies to use these languages at the creative level.

Teachers are expected to adapt their teaching methods not to make these textbooks just feed materials for examinations, but help learners master language competencies such as communication, comprehension, expression in writing and necessary reference skills. There is going to be a source book for teachers in Kannada 1st language, English 2nd Language and Hindi 3rd Language. Please make use of these source books and make teaching very effective.

The Textbook Society expresses grateful thanks to the chairpersons, writers, scrutinisers, artists, staff of DIETs and CTEs and the members of the Editorial Board in helping the Text Book Society in producing these textbooks.

Place : Bengaluru
Date : 1-3-2012

| **Nagendrakumar**<br>Managing Director<br>Karnataka Textbook Society®<br>Bangalore, Karnataka. | **Prof. G S Mudambadithaya**<br>Coordinator<br>Karnataka Textbook Society®<br>Bangalore, Karnatka |
|---|---|

©KTBS Not to be republished

# प्रस्तावना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार यह पाठ्य पुस्तक 'हिंदी सुमन' तैयार की गयी है। पाठों का चयन करते समय बच्चों के सर्वतोमुखी विकास को ध्यान में रखा गया है। अतः जीवन मूल्य, चरित्र-निर्माण, उत्कृष्ट व्यक्तित्व, देशप्रेम, बलिदान, ऐतिहासिक महत्व, वीरता, संवेदना, नैतिकता, पर्यावरण सुरक्षा, ग्राम सुधार, भक्ति भावना, लोककला आदि विषयों से संबंधित पाठ संकलित हैं।

'हिंदी सुमन' को तैयार करने में अनेक विशेषज्ञों ने अपना अमूल्य सहयोग दिया है और पाठ्य पुस्तक निर्माण समिति के सभी सदस्यों ने नये पाठ्यक्रम के अनुरूप इस संकलन को हर दृष्टि से आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक बनाने का हर संभव प्रयास किया है। उन सबके प्रति आभार प्रकट करते हुए आशा करती हूँ कि यह पुस्तक सम्यक् अध्ययन-अध्यापन के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

**अध्यक्ष**

**पाठ्य पुस्तक निर्माण समिति**

Not to be republished ©KTBS

# पाठ्य पुस्तक रचना समिति

**अध्यक्षा :**

**डॉ. एम. विमला,** प्रोफेसर, हिंदी विभाग, बेंगलूरु विश्वविद्यालय, बेंगलूरु – ५६० ०५६.

**सदस्य :**

**श्रीनिवास के. पंचारिया,** सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक, गुलेदगुड्ड – ५८७२०३.

**सुधाकर महेन्द्रकर,** सरकारी हाईस्कूल, नारायणपुर – ५८५३२७.

**स्मिता एम. आर.,** श्री कावेरी संयुक्त प.पू. कॉलेज, कुवेंपु नगर, मैसूरु – ५७० ०२३.

**डॉ. शोभा राव,** प्राचार्या, नंदी पी.यू. कॉलेज, बल्लारी – ५८३१०१.

**जगदीश बी.के.,** हिंदी शिक्षक, सबरमति संयुक्त हाईस्कूल, सुगटूर (कोलार)
**श्री संजय शेट्टी.,** चित्रकला शिक्षक, श्रीवल्ली हाईस्कूल, चित्रापुर, भट्कल ता, उत्तर कन्नड जि.

**परिशीलक :**

**प्रो. टी. सी. सिद्धरामेश,** एस.जे.आर. महाविद्यालय, बेंगलूरु – ५६० ००९.

**अध्यक्ष, संपादक मंडल :**

**डॉ. टी. जी. प्रभाशंकर 'प्रेमी',** पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग, बेंगलूरु विश्वविद्यालय, बेंगलूरु – ५६० ०५६.

**प्रधान संयोजक :**

**श्री जि. एस. मुडंबडित्ताय,** संयोजक, पाठ्य पुस्तक रचना समिति, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु – ५६० ०८५.

**सहायता और मार्गदर्शन:**

**श्री. नागेन्द्रकुमार,** प्रबंध निदेशक ,कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती सी. नागमणि,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# ಪರಿಷ್ಕರಣೆ ಕುರಿತು

ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಪ್ರಕಟಗೊಂಡ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಗಮನಿಸಿ ಮಾನ್ಯ ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಯವರೂ ಅರ್ಥಸಚಿವರೂ ಆಗಿರುವ ಶ್ರೀ ಸಿದ್ದರಾಮಯ್ಯನವರು ತಮ್ಮ 2014–15ರ ಬಜೆಟ್‌ನಲ್ಲಿ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ರಚಿಸುವ ಘೋಷಣೆ ಮಾಡಿದರು. ತಜ್ಞರು ಅನುಸರಿಸಬೇಕಾದ ಮೂಲ ಆಶಯವನ್ನು ಹೀಗೆ ಹೇಳಿದರು: "ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯ, ನೈತಿಕಮೌಲ್ಯಗಳು, ವ್ಯಕ್ತಿತ್ವವಿಕಸನ, ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮತ್ತು ವೈಚಾರಿಕ ಮನೋಭಾವ, ಜಾತ್ಯಾತೀತತೆ ಮತ್ತು ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಬದ್ಧತೆಗಳಿಗೆ ಅನುವಾಗುವಂತೆ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ಪುನರ್‌ರಚಿಸಲಾಗುವುದು" – ಇದು ಬಜೆಟ್ ಭಾಷಣದಲ್ಲಿ ಸಾದರಪಡಿಸಿದ ಆಶಯ.

ಆನಂತರ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆಯು ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯವರೆಗಿನ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಾಗಿ 27 ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ದಿನಾಂಕ: 24.11.2014 ರಂದು ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ವಿಷಯವಾರು ಮತ್ತು ತರಗತಿವಾರು ಮಾನದಂಡಕ್ಕನುಗುಣವಾಗಿ ರಚಿತವಾದವು. ವಿವಿಧ ಪಠ್ಯವಿಷಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರು, ಅಧ್ಯಾಪಕರು ಈ ಸಮಿತಿಗಳಲ್ಲಿದ್ದಾರೆ. ಈಗಾಗಲೇ ಲಿಖಿತವಾಗಿ ಬಂದಿರುವ ಅನೇಕ ಆಕ್ಷೇಪಗಳು ಮತ್ತು ವಿಶ್ಲೇಷಣೆಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಿ, ತಪ್ಪು ಒಪ್ಪುಗಳ ಬಗ್ಗೆ ನಿರ್ಣಯಿಸಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ ಹೊಣೆಹೊತ್ತ ಈ ಸಮಿತಿಗಳಿಗೆ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪಠ್ಯವಸ್ತುವನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸಿ ನಂತರ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು 24.11.2014ರ ಆದೇಶದಲ್ಲೇ ನೀಡಲಾಗಿತ್ತು. ಆನಂತರ 19.09.2015 ರಂದು ಹೊಸ ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪುನರ್ ರಚಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು ನೀಡಲಾಯಿತು. ಹೀಗೆ ಸಮಗ್ರ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗೊಂಡ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು 2016–17ರ ಬದಲು 2017–18ನೇ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ

©KTBS Not to be republished

ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಜಾರಿಗೊಳಿಸಲಾಗುವುದೆಂದು ಇದೇ ಆದೇಶದಲ್ಲಿ ತಿಳಿಸಲಾಯಿತು. ಅನೇಕ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳೂ ಸಂಘಟನೆಗಳೂ ಸ್ವಯಂಪ್ರೇರಿತರಾಗಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಮಾಹಿತಿದೋಷ, ಆಶಯದೋಷಗಳನ್ನು ಪಟ್ಟಿಮಾಡಿ ಶಿಕ್ಷಣ ಸಚಿವರಿಗೆ, ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘಕ್ಕೆ ಕಳುಹಿಸಿದ್ದರು. ಅವುಗಳ ಪರಿಶೀಲನೆಮಾಡಿದ್ದಲ್ಲದೆ, ಸಮಿತಿಗಳಾಚೆಗೆ ಅನೇಕ ಸಂವಾದಗಳನ್ನು ಏರ್ಪಡಿಸಿ ವಿಚಾರ ವಿನಿಮಯ ಮಾಡಿಕೊಂಡಿದ್ದೇವೆ. ಪ್ರಾಥಮಿಕ ಮತ್ತು ಪ್ರೌಢಶಾಲಾ ಅಧ್ಯಾಪಕರ ಸಂಘಗಳ ಜೊತೆ ಚರ್ಚಿಸಿದ್ದಲ್ಲದೆ ಪ್ರಶ್ನಾವಳಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿ ಅಧ್ಯಾಪಕರಿಗೆ ಕಳಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಸಂಗ್ರಹಿಸಲಾಗಿದೆ. ಅಧ್ಯಾಪಕರು, ವಿಷಯಪರಿವೀಕ್ಷಕರು ಮತ್ತು ಡಯಟ್ ಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರ ಪ್ರತ್ಯೇಕ ಸಭೆಗಳನ್ನು ನಡೆಸಿ ವಿಶ್ಲೇಷಣಾತ್ಮಕ ಅಭಿಮತಗಳನ್ನು ಪಡೆಯಲಾಗಿದೆ. ವಿಜ್ಞಾನ, ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ, ಭಾಷೆ ಸಾಹಿತ್ಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರಿಗೆ ಮೊದಲೇ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಕಳುಹಿಸಿ ಆನಂತರ ಸಭೆ ನಡೆಸಿ ಚರ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಮಹಿಳಾ ಸಂಘಟನೆ ಹಾಗೂ ವಿಜ್ಞಾನ ಸಂಬಂಧಿ ಸಂಸ್ಥೆಗಳನ್ನು ಆಹ್ವಾನಿಸಿ ಚಿಂತನೆ ನಡೆಸಲಾಗಿದೆ. ಹೀಗೆ ಎಲ್ಲಾ ಮೂಲಗಳಿಂದ ಪಡೆದ ಅರಿವಿನ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಕಡೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಬಹುಮುಖ್ಯವಾದ ಇನ್ನೊಂದು ಸಂಗತಿಯನ್ನು ಇಲ್ಲಿ ಹೇಳಬೇಕು. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ **(N.C.E.R.T)** ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ತೌಲನಿಕವಾಗಿ ಅಧ್ಯಯನ ಮಾಡಿ ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ನೀಡಲು ವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ ಮತ್ತು ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದಂತೆ ತಜ್ಞರ ಮೂರು ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಲಾಯಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ನೀಡಿದ ತೌಲನಿಕ ವಿಶ್ಲೇಷಣೆ ಮತ್ತು ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ಆಧರಿಸಿ ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳಿಗಿಂತ ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟ ಕಡಿಮೆಯಾಗದಂತೆ ಕಾಯ್ದುಕೊಳ್ಳಲಾಗಿದೆ. ಜೊತೆಗೆ ಆಂಧ್ರ, ತಮಿಳುನಾಡು, ಮಹಾರಾಷ್ಟ್ರ ರಾಜ್ಯಗಳ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ನಮ್ಮ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಲಾಗಿದೆ.

©KTBS Not to be republished

ಇನ್ನೊಂದು ಸ್ಪಷ್ಟನೆಯನ್ನು ನೀಡಲು ಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ನಮ್ಮ ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿರುವುದು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯೇ ಹೊರತು ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸಮಗ್ರ ರಚನೆಯಲ್ಲ. ಆದ್ದರಿಂದ ಈಗಾಗಲೇ ರಚಿತವಾಗಿರುವ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸ್ವರೂಪಕ್ಕೆ ಎಲ್ಲಿಯೂ ಧಕ್ಕೆಯುಂಟುಮಾಡಿಲ್ಲ. ಲಿಂಗತ್ವ ಸಮಾನತೆ, ಪ್ರಾದೇಶಿಕ ಪ್ರಾತಿನಿಧ್ಯ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಸಮಗ್ರತೆ, ಸಮಾನತೆ, ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯಗಳ ಹಿನ್ನೆಲೆಯಲ್ಲಿ ಕೆಲವು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಳು ನಡೆದಿವೆ. ಹೀಗೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವಾಗ ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟು ಮತ್ತು ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟುಗಳನ್ನು ಮೀರಿಲ್ಲವೆಂದು ತಿಳಿಸಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ಜೊತೆಗೆ ನಮ್ಮ ಸಂವಿಧಾನದ ಆಶಯಗಳನ್ನು ಅನುಸರಿಸಲಾಗಿದೆ. ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿದ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯನ್ನು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಪರಿಶೀಲಿಸಲು ವಿಷಯವಾರು ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನ ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಪಡೆದು ಅಳವಡಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಹೀಗೆ ಕ್ರಮಬದ್ಧವಾಗಿ ನಡೆದ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ತಮ್ಮನ್ನು ತಾವು ಸಂಪೂರ್ಣ ತೊಡಗಿಸಿಕೊಂಡ 27 ಸಮಿತಿಗಳ ಅಧ್ಯಕ್ಷರು ಮತ್ತು ಸದಸ್ಯರನ್ನು ಹಾಗೂ ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನಾ ಸಮಿತಿಯ ಸಮಸ್ತರನ್ನು ಕೃತಜ್ಞತೆಯಿಂದ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಅಂತೆಯೇ ಸಮಿತಿಗಳ ಕೆಲಸ ಸುಗಮವಾಗಿ ನಡೆಯುವಂತೆ ವ್ಯವಸ್ಥೆಮಾಡಲು ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಅಧಿಕಾರಿಗಳಾಗಿ ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ದುಡಿದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘದ ಎಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳನ್ನೂ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಸಹಕರಿಸಿದ ಸಿಬ್ಬಂದಿಗೂ ನಮ್ಮ ವಂದನೆಗಳು. ಅಭಿಪ್ರಾಯ ನೀಡಿ ಸಹಕರಿಸಿದ ಸರ್ವ ಸಂಘಟನೆಗಳು ಮತ್ತು ತಜ್ಞರಿಗೆ ಧನ್ಯವಾದಗಳು.

**ನರಸಿಂಹಯ್ಯ**
ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ನಿರ್ದೇಶಕರು
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

**ಪ್ರೊ. ಬರಗೂರು ರಾಮಚಂದ್ರಪ್ಪ**
ಸರ್ವಾಧ್ಯಕ್ಷರು
ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಪರಿಷ್ಕರಣ ಸಮಿತಿ
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

© KTBS Not to be republished

# पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति

**सर्वाध्यक्ष :**

**प्रो. बरगूरु रामचंद्रप्पा,** अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति, बेंगलूरु.

**सहयोग :**

**श्री नरसिंहय्या,** प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु-५६००८५

**श्रीमती. नागमणि सी,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**अध्यक्ष:**

**डॉ. नामदेव. एम. गौडा,** विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, महाराजा कॉलेज, मैसूरु विश्वविद्यानिलय, मैसूरु-५७०००५

**सदस्य :**

**श्रीमती. सुमा. एस. के,** विषय परिवीक्षिका (हिंदी) बेंगलूरु विभाग आयुक्तालय बेंगलूरु-५६० ००१

**डॉ. रागिनी. आर,** हिंदी अध्यापिका (स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त) ७३८/४, सोप्पिनकोला स्ट्रीट, काशीपति अग्रहार, के.आर. मुहल्ला, मैसूरु - २४

**डॉ. एस. ए. मंजुनाथ,** सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पंपई कॉलेज, ऐकला, मंगलूरु-५७४१४१

**डॉ. एस. विजि,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी हाईस्कूल, वोंटीकोप्पल, मैसूरु-५७००२०

**श्री. एम. जी. मंजुनाथ,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी पी.यु. कॉलेज, गौनीपल्ली, श्रीनिवासपुरा ताल्लुका, कोलार जिला-५६३१६१

**श्रीमती. वसंतकुमारी बाई,** सह-शिक्षिका (हिंदी), एस. एस. पी. एस. हाईस्कूल, कोप्पा ताल्लुका, चिक्कमगलूरु जिला - ५७७१२६

**वासुदेवमूर्ति. एस,** हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, उद्बूरु, मैसूरु तालूक, मैसूरु जिला - ५७००२६.

**उन्नत परिशीलन समिति :**

**डॉ. काशीनाथ अंबलगे,** अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**डॉ. के.ए. सेबास्टियन,** क्राइस्ट विश्वविद्यालय, होसूर रोड, बेंगलूरु

**डॉ. गणेश पवार,** कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**कलाकार:**

**श्री डी. एन. वेंकटेश,** सरकारी हाईस्कूल, उरमार कसलगेरे, मंड्या जिला.

**कार्यक्रम संयोजक :**

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं | शीर्षक | विधा | पृ.सं |
|---|---|---|---|
| १. | चाहता हूँ | कविता | १ |
| २. | साँप और सपना | कहानी | ६ |
| ३. | डॉ. राजा रामण्णा | व्यक्ति परिचय | १८ |
| | मैं पृथ्वी हूँ | पूरक वाचन | २३ |
| ४. | कभी मत | कविता | २६ |
| ५. | न्याय | कहानी | ३० |
| ६. | राखी बाँधकर पेड़ों से रिश्ता | निबंध | ३८ |
| ७. | कर चले हम फिदा | कविता | ४७ |
| | रूपं देही | पूरक वाचन | ५३ |
| ८. | दरोजी अभयारण्य में भालू | आत्मकथा | ५५ |
| | हाथी के साथी | पूरक वाचन | ६१ |
| ९. | भोलाराम का जीव | कहानी | ६३ |
| १०. | नदी और साबुन | कविता | ७७ |
| ११. | भारतीय सितारा - कल्पना चावला | जीवनी | ८० |
| १२. | कित्तूर का किला | कहानी | ९० |
| | एकता में बल है | पूरक वाचन | |
| १३. | कसौटी | कविता | ९७ |
| १४. | ईदगाह | कहानी | १०३ |
| १५. | यक्षगान | लेख | १२१ |
| | दिशा ज्ञान | पूरक वाचन | १३० |
| १६. | वीर | कविता | १३५ |
| १७. | बैलगाड़ी | रेखाचित्र | १४० |
| १८. | ऐसे-ऐसे | एकांकी | १५१ |
| १९. | रहीम के दोहे | दोहे | १६५ |
| | परिशिष्ट:<br>१. व्याकरण<br>२. पत्र-लेखन | | १६९ |


Not to be republished ©KTBS

# पाठ - १

## चाहता हूँ

- रामावतार त्यागी

**आशय : प्रस्तुत कविता में कवि अपनी मातृभूमि पर अपना सर्वस्व समर्पित करना चाहता है। वह देश की धरती को अपना तन-मन-धन सब कुछ देना चाहता है।**

मन समर्पित, तन समर्पित
और यह जीवन समर्पित।
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ।



माँ, तुम्हारा ऋण बहुत है, मैं अकिंचन,
किन्तु इतना कर रहा फिर भी निवेदन -
थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब भी,
कर दया स्वीकार लेना वह समर्पण।
गान अर्पित, प्राण अर्पित,
रक्त का कण-कण समर्पित।
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ।

माँझ दो तलवार को, अब कर न देरी,
बाँध दो कसकर कमर पर ढाल मेरी।

©KTBS Not to be republished

भाल पर मल दो चरण की धूल थोड़ी,
शीश पर आशिष की छाया घनेरी।
स्वप्न अर्पित, प्रश्न अर्पित,
आयु का क्षण-क्षण समर्पित।
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ।

तोड़ता हूँ मोह का बंधन क्षमा दो।
गाँव मेरे, द्वार, घर, आँगन क्षमा दो,
आज सीधे हाथ में तलवार दे दो,
और बायें हाथ में ध्वज को थमा दो।
ये सुमन लो, ये चमन लो,
नीड़ का तृण-तृण समर्पित।
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ।

*****

**कवि परिचय - रामावतार त्यागी**

रामावतार त्यागी का जन्म सन् 1925 को मुरादाबाद जिले के कुरकावली ग्राम में ब्राह्मण परिवार में हुआ। घर की रूढ़िवादिता से विद्रोह कर त्यागी ने अत्यंत विषम परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त की। अंत में दिल्ली आकर इन्होंने वियोगी हरि और महावीर अधिकारी के साथ सम्पादन कार्य किया। त्यागी पीड़ा के कवि थे। इनकी शब्द - योजना सरल तथा अनुभूति गहरी है। 'नया खून' तथा 'आठवाँ स्वर'

Not to be republished ©KTBS

इनके कविता-संग्रह हैं। 'आठवाँ स्वर' पुस्तक पुरस्कृत है। इन निधन सन् 1982 को हुआ।

**शब्दार्थ:**

तन - शरीर, अकिंचन - तुच्छ, बहुत छोटा ; भाल - सिर, मस्तक; समर्पित - आदरपूर्वक दिया हुआ, माँझना - धार तेज़ करना, आशिष - आशीर्वाद, घनेरी - घना, सघन ; चमन - बगीचा, नीड़ - घोंसला, थाल - बड़ी थाली, मलना - लगाना, मसलना।

## अभ्यास

**I. मौखिक -**

१) कवि क्या-क्या समर्पित करना चाहते हैं?

२) कवि किस तरह का बंधन तोड़ना चाहते हैं?

३) कवि थाल में क्या सजाकर लाना चाहते हैं?

४) कवि अपने दोनों हाथों में क्या लेना चाहते हैं?

**II. लिखित -**

१) कवि धरती माँ से क्या समर्पित करने की बात कर रहे हैं?

२) हम धरती माँ से उऋण कैसे हो सकते हैं ?

३) कवि युद्ध के लिए जाते समय कैसे तैयार होना चाहते हैं?

४) छठी-सातवीं पंक्तियों में कवि धरती माँ से क्या निवेदन कर रहे हैं?

©KTBS Not to be republished

## III. भाव स्पष्ट कीजिए :

माँझ दो तलवार को, अब कर न देरी,
बाँध दो कसकर कमर पर ढाल मेरी।
भाल पर मल दो चरण की धूल थोड़ी,
शीश पर आशिष की छाया घनेरी।

## IV. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

१. निवेदन  २. समर्पण  ३. स्वीकार  ४. बंधन

## V. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

१) तन  २) धरती  ३) रक्त  ४) क्षमा  ४) अर्पित

## VI. तुकवाले शब्द लिखिए :

**उदाहरण : सुमन - चमन**

१) मन - ...............
२) थाल - ...............
३) शीश - ...............
४) क्षमा - ...............
५) अर्पित - ...............

## VII. निम्नलिखित पंक्तियों की पूर्ति कीजिए :

१) तोड़ता हूँ .......................................
........................................क्षमा दो।

Not to be republished ©KTBS

२) आज सीधे ......................................

...................................... थमा दो।

३) ये सुमन ......................................

...................................... समर्पित।

४) चाहता हूँ ......................................,

......................................भी दूँ।

**योग्यता - विस्तार :**

✻ देशभक्ति की कविताओं का संग्रह कर कक्षा में सुनाइए।

✻ इस कविता को लय में हाव - भाव के साथ पढ़िए।

✻✻✻✻✻

©KTBS
Not to be republished


# पाठ - २

# साँप और सपना

- योगिराज थानी

**आशय : इस कहानी में बताया गया है कि बुराई या अच्छाई का असर हर व्यक्ति पर पड़ता है। गलती सबसे हो जाती है और लालच सबमें होता है। अपनी गलती सुधारना बड़ी बात है।**

एक राजा था। वह रात को जब भी कोई सपना देखता तो एकदम घबरा जाता और सुबह उठकर वह अपने दरबारियों से उस स्वप्न का मतलब पूछता। एक दिन जब रात को स्वप्न में उसे एक बिल्ली दिखाई दी तो वह एकदम घबरा गया। दरबारियों ने राजा को बहुत समझाने की कोशिश की, मगर राजा की परेशानी कम नहीं हुई। राजा ने एक-एक करके सभी मंत्रियों और दरबारियों को बुलाया। हर एक ने उस स्वप्न का



Not to be republished ©KTBS

अपना-अपना अर्थ निकाला। पर राजा की परेशानी और भी बढ़ गयी।

आखिर तंग आकर राजा ने अपने शहर में ढिंढोरा पिटवा दिया कि जो व्यक्ति मेरे स्वप्न का सही उत्तर बताएगा उसे मालामाल कर दिया जाएगा। बस फिर क्या था ! सैकड़ों लोग अपनी-अपनी किस्मत आज़माने के लिए दरबार में आने लगे। मगर कोई भी व्यक्ति राजा को सही अर्थ बताने में सफल नहीं हो सका।

इसी राज्य के एक छोटे-से गाँव में एक गरीब किसान भी रहता था। जब यह खबर उस गरीब किसान के कानों तक पहुँची तो उसने भी राजमहल में जाने का फैसला किया। जब वह किसान राजमहल की ओर



जाने लगा तो रास्ते में एक पहाड़ी पर उसे एक साँप मिला। साँप ने उस किसान का रास्ता रोक कर पूछा - ''कहाँ जा रहे हो किसान भाई ?''

©KTBS Not to be republished

किसान ने बड़े उदास भाव से कहा –''मैं अपनी किस्मत आज़माने के लिए राजमहल जा रहा हूँ।''

किसान से सारी बात सुनने के बाद साँप ने किसान से पूछा – ''क्या तुम उस स्वप्न का सही अर्थ जानते हो?''

यह सुनकर किसान चुप हो गया।

साँप ने कहा – ''मैं तुम्हें राजा के स्वप्न का सही अर्थ बता सकता हूँ। शर्त यह होगी कि तुम्हें राजा के यहाँ से जितना भी माल मिलेगा उसमें से आधा मुझे देना होगा।''

किसान ने खुशी–खुशी साँप की यह शर्त मान ली। साँप ने कहा – ''राजा से जाकर यह कहना कि स्वप्न में बिल्ली दिखाई देने का मतलब यह है कि तुम्हारे राज्य में आजकल रिश्वत और धोखाधड़ी का बोलबाला है।''

किसान ने जब राजा को उसके स्वप्न का अर्थ बताया तो राजा बहुत ही प्रसन्न हुआ। राजा ने किसान को बहुत सारे रुपये–पैसे दिये। किसान जब उन रुपयों की गठरी को उठाकर अपने घर की ओर जाने लगा तो उसकी नीयत खराब हो गयी। उसने सोचा कि अब साँप के पास जाने में कोई फायदा नहीं। फिर साँप को मेरे घर का पता भी तो नहीं मालूम। लालच ने उस किसान को अंधा कर दिया। वह चुपचाप किसी और रास्ते से अपने घर पहुँच गया। जब किसान की पत्नी ने रुपयों का ढेर देखा

©KTBS Not to be republished

तो वह एकदम हैरान हो गयी। किसान ने डींग मारते हुए अपनी पत्नी से कहा कि देखो मैं कितना समझदार हूँ। मैंने राजा के स्वप्न का बिल्कुल सही–सही अर्थ बता दिया।

कुछ दिन बीत जाने के बाद राजा ने एक और स्वप्न देखा। उसने स्वप्न में देखा कि वह जिस कमरे में लेट रहा है  उसकी छत पर दो नंगी तलवारें लटक रही हैं। ये दोनों तलवारें कच्चे धागों से बँधी हुई थीं और किसी भी क्षण राजा के ऊपर गिर सकती थीं।

सुबह होते ही राजा फिर परेशान हो उठा। राजा ने एक–एक करके सभी मंत्रियों और दरबारियों को बुलाया। हर एक ने उस स्वप्न का अपना–अपना अर्थ निकाला। पर राजा को किसी के उत्तर पर भी सन्तोष नहीं हुआ।

आखिर में राजा ने उसी किसान को बुलाया। किसान को जब यह पता चला तो वह बहुत घबरा गया। मरता क्या न करता। बेचारा चुप–चाप मुहँ लटकाये फिर उसी पहाड़ी पर पहुँचा जहाँ पर उसे साँप मिला था। वहाँ पहुँचकर वह 'नागराज' और 'नागदेवता' कहकर उस साँप को पुकारने लगा।

किसान के काफी देर तक चीखने – चिल्लाने के बाद नागराज अपने बिल से बाहर आया और गुस्से से बोला – "चिल्ला क्यों रहे हो, क्या बात है ? यहाँ क्यों आये हो ?" किसान ने हाथ जोड़ते हुए कहा – "महाराज मुझे क्षमा करें। मैं फिर मुसीबत में फँस गया हूँ। राजा ने मुझे अपने यहाँ बुला भेजा है। मैं आपकी सहायता के बिना कुछ नहीं कर सकता। कृपया मुझे राजा के स्वप्न का अर्थ बता दें।"

©KTBS Not to be republished

साँप ने कहा – ''देखो, तुम मुझे एक बार पहले भी धोखा दे चुके हो। मुझे अब तुम पर विश्वास नहीं होता।''

किसान ने हाथ जोड़ते हुए कहा – ''अब की बार मैं आपको धोखा नहीं दूँगा।'' किसान की बात पर विश्वास करके साँप ने कहा – ''अच्छा तो सुनो, तुम राजा से जाकर यह कहना कि तुमने स्वप्न में दो नंगी तलवारें देखी हैं। उनका मतलब यह है कि तुम्हारे राज्य के अन्दर और बाहर तुम्हारे शत्रु अपनी ताकतें बढ़ा रहे हैं और वे कभी भी तुम पर हमला कर सकते हैं। इसलिए तुम्हें अभी से सावधान हो जाना चाहिए और अपनी सैनिक शक्ति को और मज़बूत कर लेना चाहिए।''

राजा के पास पहुँचकर जब उस किसान ने स्वप्न का अर्थ बताया तो राजा बहुत ही खुश हुआ। राजा ने किसान को पहले से ज़्यादा मालामाल कर दिया। किसान जब रुपयों की गठरी उठाकर अपने घर की ओर जाने लगा तो उस पर एक बार फिर लालच का भूत सवार हो गया। उसने मन ही मन सोचा कि मुझे साँप को आधा हिस्सा देने की मूर्खता नहीं करनी चाहिए। मुझे चुपचाप रास्ता बदलकर अपने घर चले जाना चाहिए। किसान अभी यह सोच ही रहा था कि वही साँप उसके सामने आकर खड़ा हो गया। साँप उस किसान से अपना आधा हिस्सा माँगने लगा। उसने रुपयों की गठरी एक ओर रख दी और एक लाठी उठाकर साँप को मारने की सोची। साँप उस किसान की नीयत को पहले से ही समझ गया था, इसलिए वह जल्दी–जल्दी झाड़ियों में जाकर छिप गया। किसान ने साँप को लाठी से मारने की कोशिश की। मगर वह लाठी उसकी पूँछ पर लगी

©KTBS Not to be republished



और इस प्रकार साँप वहाँ से बच निकला। इसके बाद वह किसान अपनी गठरी उठाकर खुशी–खुशी अपने घर की ओर चल पड़ा।

देखते ही देखते किसान की झोंपड़ी के स्थान पर एक महल खड़ा हो गया और वह गरीब किसान रईसों की तरह अपनी ज़िंदगी बिताने लगा।


कुछ वर्षों बाद फिर उस किसान को राजा के यहाँ से बुलावा आया। अब की बार राजा ने फिर स्वप्न में एक कबूतर को उड़ते हुए देखा था। किसान यह खबर सुनकर एकदम घबरा गया। वह यह बात अच्छी तरह से जानता था कि साँप की सहायता के बिना उसका बेड़ा पार होना मुश्किल है। वह फिर उसी पहाड़ी पर गया। वहाँ पहुँचकर वह 'नागराज' और 'नागदेवता' कहकर उस साँप को पुकारने लगा।

किसान के काफी देर तक चीखने–चिल्लाने के बाद साँप अपने बिल

©KTBS Not to be republished

से बाहर आया और गुस्से से बोला – ''चिल्ला क्यों रहे हो? क्या बात है? यहाँ क्यों आये हो ? तुम तो मुझे मारना चाहते थे न।''

किसान ने हाथ जोड़ते हुए कहा – ''मुझे माफ कर दो। मैंने आपके साथ बड़ा अत्याचार किया है। आप मुझे जो चाहें कह सकते हैं। मैं सचमुच पापी हूँ।'' इतना कहते–कहते किसान की आँखों से आँसू बह निकले। साँप को यह समझने में ज़रा भी देर नहीं लगी कि किसान के आँसू प्रायश्चित्त के आँसू हैं। किसान का मन अब पहले जैसा पापी नहीं रहा था। किसान की आँखों में आँसू देखकर दयालु साँप का मन पिघल गया। साँप उस किसान से कहने लगा – ''घबराओ मत, तुम सीधे राजा के पास जाओ और कहो कि आपको स्वप्न में जो उड़ता हुआ कबूतर दिखाई दिया है उसका मतलब यह है कि अब आपके राज्य में पूर्ण शान्ति है। आपकी जनता आपसे एकदम सन्तुष्ट है और अब आपको किसी भी शत्रु से किसी प्रकार का खतरा नहीं है।''



Not to be republished ©KTBS

किसान ने राजा को जब इस स्वप्न का अर्थ बताया तो राजा बहुत खुश हुआ। इस बार राजा ने किसान को बहुत ज़्यादा इनाम दिया। किसान ने फिर रुपयों की गठरी उठाई और सीधा उस पहाड़ी पर पहुँच गया जहाँ वह साँप रहता था। जैसे ही साँप बिल से बाहर आया किसान ने रुपयों की गठरी उसके सामने रख दी और हाथ जोड़ते हुए कहा – ''मुझ पापी को क्षमा कर दो नागदेवता। मैं अपने किये पर बहुत शर्मिन्दा हूँ।''

साँप ने कहा – ''अपने आँसुओं को पोंछ डालो किसान भाई। तुमने अब तक मेरे साथ जैसा भी व्यवहार किया है उसमें तुम्हारा कोई कसूर नहीं है। पहली बार जब तुम्हें रुपयों की गठरी मिली उस समय देश में रिश्वत और धोखाधड़ी का बाज़ार गरम था। क्योंकि तुम भी इसी समाज के ही एक अंग हो, तुम पर लालच का रंग चढ़ गया।

दूसरी बार जब तुम्हें रुपयों की गठरी मिली उस समय देश में लूट–मार मची हुई थी। किसी भी वक्त बाहरी हमले का खतरा था। लोग एक–दूसरे के खून के प्यासे हो रहे थे। क्योंकि तुम भी इस समाज के ही अंग हो, इसलिए तुम पर भी मार–पीट का नशा सवार हो गया। तुम लाठी लेकर मुझे मारने दौड़े। अब चारों ओर सुख और शान्ति का वातावरण है। लोग मन से वैर–भाव मिटाकर प्रेम का भाव बढ़ा रहे हैं। क्योंकि तुम भी इस समाज के ही अंग हो, इसलिए तुम्हारे हृदय में भी प्रेम भाव प्रबल हो उठा है। तभी तो तुम अपनी सारी पूँजी मुझे देकर मुझसे प्रेम बढ़ाना चाहते हो। जाओ भाई जाओ, अपना रास्ता लो। ईश्वर तुम्हें खुश रखे। मुझे रुपयों से क्या लेना है। मैं लोगों को रुपया देता हूँ, लोगों से रुपया लेता नहीं

©KTBS Not to be republished

हूँ। लोग मुझसे माँगते हैं और जब मैं लोगों की माँगें पूरी कर देता हूँ तो वे मुझे भूल जाते हैं। शायद तुम नहीं जानते कि मैं भिखारी नहीं हूँ, दाता हूँ। मैं नागराज नहीं हूँ, नारायण हूँ।'' इतना कहते ही वह साँप किसान की आँखों से ओझल हो गया।

*****

**शब्दार्थ :**

ढिंढोरा - डुग्गी, मुनादी; धोखाधड़ी - जालसाजी, मालामाल - धन-दौलत से भरा हुआ, आज़माना - परखना, परीक्षा लेना ; सन्तुष्ट - प्रसन्न, डींग मारना - लंबीचौड़ी आत्मप्रशंसा करना, सावधानी - सचेत, सतर्क, खबरदार ; मज़बूत - दृढ़, पुष्ट, बलयुक्त।

## अभ्यास

**I. मौखिक -**

१) राजा ने पहली बार सपने में क्या देखा ?

२) रास्ते में गरीब किसान किससे मिला ?

३) किसान की पत्नी हैरान क्यों हुई ?

४) किसान साँप को किस तरह पुकारने लगा ?

**II. लिखित -**

**अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) राजा ने दूसरी बार सपने में क्या देखा?

२) साँप को किसान पर क्यों विश्वास नहीं था ?

©KTBS Not to be republished

३)	तीसरी बार राजा ने सपने में क्या देखा ?

४)	किसान ने हाथ जोड़ते हुए साँप से क्या कहा ?

५)	नागराज वास्तव में क्या था ?

**आ) तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१)	राजा ने शहर में ढिंढोरा किसलिए पिटवाया ?

२)	साँप ने किसान के सामने किस तरह की शर्त रखी ?

३)	स्वप्न में बिल्ली दिखाई देने का मतलब क्या था ?

४)	किसान साँप को क्यों मारना चाहता था ? साँप कैसे बच गया?

५)	किसान की आँखों में आँसू देखकर साँप का मन क्यों पिघल गया?

**इ) चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१)	स्वप्न में नंगी तलवारें और कबूतर दिखाई देने का मतलब क्या था?

२)	अंत में साँप ने किसान को किस तरह समझाया ?

**III. किसने किससे कहा :**

१)	'चिल्ला क्यों रहे हो ? क्या बात है ?'

२)	'अब की बार मैं आपको धोखा नहीं दूँगा।'

३)	'क्या तुम उस स्वप्न का सही अर्थ जानते हो ?'

४)	'मैं अपने किये पर बहुत शर्मिन्दा हूँ।'

©KTBS Not to be republished

**IV. सार्थक वाक्य बनाइए :**

१) राजा था एक।

२) कहा हुए हाथ ने जोड़ते किसान।

३) गया चुप किसान हो यह सुनकर।

४) भी बाहरी का था किसी वक्त हमले खतरा।

५) खुश ईश्वर रखे तुम्हें।

**V. नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित सर्वनामों के वचन बदलिए :**

१) किन्होंने तुम्हारी सहायता की ?

२) तुम किनसे झगड़ा कर रहे थे ?

३) किसका पत्र आया है ?

४) तुम किन्हें दावत में बुला रहे हो ?

५) किनके लिए उपहार ले जा रहे हो ?

**VI. निम्नलिखित वाक्यों में 'कोई' या 'कुछ' का प्रयोग करते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

१) दरवाज़ा खुला है, लगता है ............. घर में है।

२) दूध में ............. गिर गया है।

३) माँ भूख लगी है, ............. खाने को दे दो।

४) दरवाज़े पर ............. खड़ा है।

५) तुम्हारी बात अनुचित है ............. नहीं मानेगा।

©KTBS Not to be republished

## VII. प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए :

| | क्रिया | | प्रथम प्रेरणार्थक | | द्वितीय प्रेरणार्थक |
|---|---|---|---|---|---|
| १) | सोना | – | सुलाना | – | सुलवाना |
| २) | लूटना | – | | – | |
| ३) | देखना | – | | – | |
| ४) | सुनना | – | | – | |
| ५) | छिपना | – | | – | |

## VIII. आवश्यक स्थान पर नुक्ता दीजिए :

१) पहाडी  २) आजमाना  ३) धोखाधडी  ४) मजबूत

५) खडा  ६) जोडते  ७) झोंपडी  ८) जिंदगी

९) उडता  १०) बाजार

## IX. अन्य लिंग रूप लिखिए :

१) माली  २) सुत  ३) कवि

४) सम्राट  ५) पड़ोसी

## योग्यता - विस्तार :

* अपने किसी सपने का वर्णन कीजिए।
* 'लालच बुरी बला है' – विषय पर दस वाक्य लिखिए।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ- ३

# डॉ. राजा रामण्णा

**-संकलित**

**आशय : प्रस्तुत पाठ में कर्नाटक के महान वैज्ञानिक डॉ. राजा रामण्णा के व्यक्तित्व तथा उनकी महान साधना पर प्रकाश डाला गया है।**

स्वतंत्रता के बाद भारत के सामने कई चुनौतियाँ थीं। सदियों की दासता से देश बहुत पिछड़ गया था। हर क्षेत्र में प्रगति की आवश्यकता थी। अब देश को आत्मनिर्भर बनाना था। इसके लिए भारत सरकार ने कई योजनाएँ बनाईं। इन्हीं योजनाओं के कारण आज भारत शक्तिशाली राष्ट्र बनकर उभरा है। इन योजनाओं द्वारा कृषि, विज्ञान, चिकित्सा, तकनीकी, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में देश ने अत्यंत उन्नति की है। देश को स्वावलंबी व सशक्त बनाने में कई महान् वैज्ञानिकों ने अपना योगदान दिया है। इन्हीं महान् वैज्ञानिकों में से एक हैं, कर्नाटक के डॉ. राजा रामण्णा जी।

राजा रामण्णा जी का जन्म २८ जनवरी सन् १९२५ को कर्नाटक के तुमकूरु नगर में हुआ था। उनकी प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा बेंगलूरु के बिशप-कॉटन हाईस्कूल में हुई थी। इन्होंने मद्रास के क्रिस्चियन कॉलेज से 'स्नातक' पदवी प्राप्त की। लंदन के किंग्स कॉलेज से पी-एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। इस प्रतिभावान वैज्ञानिक ने देश की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

©KTBS Not to be republished

देश की प्रगति के लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता को समझकर भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. होमी जहाँगीर भाभा ने 'परमाणु संशोधन केंद्र' की स्थापना की। सन् १९६६ में डॉ. भाभा के निधन के बाद डॉ. राजा रामण्णा जी को अणु संशोधन केंद्र में एक महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया। इनके नेतृत्व में एक गोपन समिति परमाणु बम की रचना व कार्य में जुट गई और इसका फल सामने आया।

सन् १९७४ में भारत ने राजस्थान के पोखरान में छः अणुविस्फोट किए और इसके बाद भारत विश्व का एक प्रमुख अणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनकर उभरा। भारत अणुशक्ति का प्रयोग अपनी सुरक्षा व ऊर्जा के क्षेत्र में करता है।

डॉ. राजा रामण्णा जी विज्ञान के साथ-साथ संगीत में भी रुचि रखते थे। वे एक अद्भुत पियानो वादक भी थे। इन्होंने देश-विदेश में संगीत के कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दुनियाभर में सराहा गया ।

संगीत के अतिरिक्त इन्होंने देश की राजनीति में भी अपना योगदान दिया है। सन् १९९० में श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी की सरकार में डॉ. राजा रामण्णा रक्षा मंत्रालय के राज्यमंत्री थे। सन् १९९७ में वे राज्यसभा के सदस्य मनोनीत किए गए। विज्ञान-संगीत-राजनीति के अद्भुत मेल के व्यक्तित्व के धनी राजा रामण्णा जी के कंधों पर देश के कई वैज्ञानिक संशोधनों की जिम्मेदारी थी।

डॉ. राजा रामण्णा की सेवाओं को देखकर इन्हें कई पुरस्कार तथा उपाधियों से सम्मानित किया गया। आपको सन् १९६३ में शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार, सन् १९६८ में पद्मश्री की उपाधि, सन् १९७३ में पद्मभूषण की उपाधि, सन् १९७६ में पद्मविभूषण की उपाधि आदि प्राप्त हैं।

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

ऊर्जा - शक्ति, दासता - गुलामी, परीक्षण - प्रयोग, संशोधन - खोज, पिछड़ा - पीछे रहना, पुरस्कार - इनाम, सम्मान; सदैव - हमेशा, स्मरणीय - याद रखने योग्य, प्रदान करना - देना, अद्भुत - निराला, सराहना - प्रशंसा करना।

*****

## अभ्यास

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

१. डॉ. राजा रामण्णा का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

२. परमाणु संशोधन केन्द्र की स्थापना किसने की थी?

३. भारत अणुशक्ति का प्रयोग किस क्षेत्र में करता है?

४. विज्ञान के अलावा रामण्णा जी को किन विषयों में रुचि थी?

५. रामण्णा जी किस वाद्य को बजाते थे?

६. 'पोखरान' किस राज्य में है?

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

१. राजा रामण्णा जी की शिक्षा के बारे में लिखिए।

२. राजा रामण्णा जी ने राजनीति में क्या योगदान दिया था?

३. डॉ. राजा रामण्ण को किन-किन पुरस्कार व उपाधियों से सम्मानित किया गया ?

Not to be republished ©KTBS

**III. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों से कीजिए :**

१. भारत के सामने कई ................थीं।

२. सदियों की दासता से देश बहुत................. गया था।

३. देश को................बनाना था।

४. राजा रामण्णा जी एक अद्भुत .............. वादक भी थे।

**IV. निम्नलिखित वाक्यांश सही है या गलत पहचान कर लिखिए :**

1. राजा रामण्णा जी एक अद्भुत वीणावादक थे। ☐
2. रामण्णा जी ने देश-विदेश में कई संगीत कार्यक्रम किए। ☐
3. रामण्णा जी ने देश की राजनीति में भी योगदान दिया। ☐
4. कर्नाटक के पोखरान में अणुविस्फोट किया गया। ☐

**V. डॉ. राजा रामण्णा जी को देश-विदेश में सराहा गया। क्या आप भी अपने लिए प्रशंसा चाहते है ? निम्नलिखित में से किस कार्य में भाग लेकर आपने सराहना पायी है या पुरस्कार पाया है उसपर (✓) निशान लागाइए :**

१. खेल प्रतियोगिता में। ☐

२. संगीत, नृत्य आदि में। ☐

३. चित्रकला में। ☐

४. भाषण प्रतियोगिता में। ☐

५. परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करके। ☐

६. पाठशाला में अच्छे व्यवहार के लिए। ☐

७. साहसिक कार्य के लिए। ☐

८. मित्रों की सहायता करके। ☐

©KTBS Not to be republished

**VI. वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

१. चुनौती २. उन्नति ३. योगदान ४. नेतृत्व ५. सम्मान

**VII. उदाहरण के अनुसार पाठ में से ढूँढ़कर लिखिए :**

**उदा: राजा रामण्णा जी का जन्म - सन् १९२५**

१. अणु संशोधन केंद्र में कार्य - ____________________

२. पोखरान में अणु विस्फोट - ____________________

३. __________________________ - सन् १९९०

४. __________________________ - सन् १९९७

५. शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार - ____________________

६. __________________________ - सन् १९६८

७. पद्मभूषण की उपाधि - ____________________

८. __________________________ - सन् १९७६

**VIII. डॉ. राजा रामण्णा जी रक्षा मंत्री थे। हमारे देश की उन्नति के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। अब आप कल्पना कीजिए कि आप शिक्षा-मंत्री हैं। शिक्षा-क्षेत्र में सुधार लाना हो तो आप क्या-क्या करेंगे? चार वाक्यों में लिखिए।**

____________________________________________________________

____________________________________________________________

____________________________________________________________

____________________________________________________________

**योग्यता विस्तार:**

* कर्नाटक राज्य के अन्य महान् वैज्ञानिकों के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए।

*****

Not to be republished ©KTBS

# पूरक वाचन

## मैं पृथ्वी हूँ

मैं पृथ्वी हूँ। मैं ही धरती माता हूँ। मैं ही जीवन को धारण करती हूँ। मैं सभी जीवों का पालन-पोषण करती हूँ। मैं मानव समाज के लिए भोजन, वस्त्र, हवा, पानी आदि सभी कुछ उपलब्ध कराती हूँ। मुझे 'वसुधा' भी कहते हैं। आप जानते हैं क्यों? वसुधा का अर्थ है-'धन और वन को धारण करने वाली!' मैं मनुष्य के हित के लिए फ़सलें उगाती हूँ। उसे अनेक प्रकार की जड़ी-बूटियाँ देती हूँ। मैं रत्नगर्भा हूँ। मुझसे ही आपको विविध प्रकार के रत्न, जैसे हीरा-माणिक और खनिज पदार्थ, जैसे लोहा, सोना, चाँदी आदि प्राप्त होते हैं। मैं सूर्य की परिक्रमा करती हूँ। इसीके परिणामस्वरूप रात-दिन होते हैं तथा ऋतुएँ बनती हैं। मैं सूर्य-परिवार की, या सौरमंडल की प्रमुख सदस्या हूँ। वैज्ञानिक कहते हैं कि मैं सूर्य से ही अलग हुई हूँ। लगभग दस खरब वर्ष पूर्व मैं सूर्य से अलग होकर उसके इर्द-गिर्द घूमने लगी। उस समय तो मैं आग का एक धधकता हुआ गोला थी, गरम गैस और धुएँ से भरा एक पिंड।

उसी समय मेरा एक टुकड़ा टूटकर चंद्रमा बन गया। वह मेरी परिक्रमा करता रहता है, जैसे मैं सूर्य की परिक्रमा करती हूँ। इसलिए तो आप चंद्रमा को चंदा मामा कहते हैं और सूर्य को सूरज दादा। धीरे-धीरे मैं ठंडी होती गई। फिर यहाँ तेज़ वर्षा होने लगी। इससे मेरी ऊपरी सतह शांत और स्थिर होती गई। जब मेरा शरीर ठंडा हुआ तो मेरा आकार कहीं ऊँचा और कहीं नीचा हो गया। निचली जगहों में पानी भर गया और महासागर एवं महाद्वीपों की रचना हुई। ऊँची जगहों पर पेड़ पौधे उग गए। निरंतर घूमते रहने के कारण और महासागरों की लहरों के थपड़े खाते-खाते मेरा रूप बदलता गया और अब भी बदल रहा है।

©KTBS Not to be republished

मेरा यह सजा-सँवरा रूप, जो आप देखते हैं, पहले नहीं था। चारों ओर जंगल और केवल जंगल थे जो विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों से भरे थे। आप जैसे सभ्य मनुष्य उन दिनों नहीं थे। आपके सभ्य होने की एक अलग ही कहानी है। उस कहानी को बताने लगूँ तो पता नहीं कितना समय लग जाए! कहते हैं कि प्राचीनकाल में एक राजा थे, पृथु। राजा पृथु ने अपने सहायकों के सहयोग से मुझ पर उगे जंगलों को काटा और मुझे समतल बनाया। राजा पृथु ने मुझ पर हल चलाया और बीज बोकर नई फ़सलें उगाईं। राजा पृथु ने ही हल का आविष्कार किया था। इसीलिए मेरा नाम 'पृथ्वी' पड़ा है।

जो लोग अंतरिक्ष में गए हैं, वे कहते हैं कि मैं बहुत सुंदर हूँ। सुदूर आकाश से यदि आप मुझे देखें तो मैं प्रकाशमय तारों की तरह झिलमिलती-सी दिखलाई दूँगी। ठीक उसी तरह जिस तरह यहाँ से आपको चाँद-सितारे दिखलाई देते हैं।

मैं आज जैसी हूँ, अपने पुत्रों तथा अन्य जीव जंतुओं के अथक परिश्रम के कारण हूँ। मैं चाहती हूँ कि राजा पृथु की तरह मेरे पुत्र व पुत्रियाँ पराक्रमी और परिश्रमी हों, क्योंकि उन्हींके प्रयास से मैं अपनी शक्तियों को सबके हित के लिए प्रयोग में ला सकती हूँ। परंतु आपसे मेरा विशेष अनुरोध है कि आप मेरे जल और वायु को प्रदूषित न करें अन्यथा सारा वातावरण बिगड़ जाएगा। उसका दुष्प्रभाव मुझ पर ही नहीं अपितु आप सभी जीवों पर पड़ेगा। आप ज़्यादा वृक्ष लगाएँ जिससे वातावरण शुद्ध हो। ध्यान रखें मेरी सुरक्षा में ही आप सबकी सुरक्षा निहित है!

Not to be republished ©KTBS

## I. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

१. पृथ्वी को 'वसुधा' क्यों कहते हैं?

२. धरती का नाम 'पृथ्वी' क्यों पड़ा?

३. दिन-रात क्यों होते हैं और ऋतुएँ कैसे बनती हैं?

४. महासागरों और महादेशों की रचना किस प्रकार हुई?

५. पृथ्वी को रत्नगर्भा क्यों कहते हैं?

६. पृथ्वी की सुरक्षा के लिए हमें क्या करना चाहिए?

## II. नीचे दिए गए वाक्यों के आगे सही ✓ या गलत ✗ लगाइए :

क. पृथ्वी शुरू में आग का एक धधकता गोला थी।

ख. पृथ्वी चंद्रमा की परिक्रमा करती है।

ग. राजा पृथु ने गड्ढे खोदकर महासागर बनाए।

घ. सूर्य-परिवार को तारामंडल कहते हैं।

ङ. पृथ्वी हमें अनेक प्रकार की जड़ी-बूटियाँ देती है।

*****

©KTBS Not to be republished

## पाठ - ४

# कभी मत

- श्रीधर पाठक

**आशय : इस कविता में कवि कहते हैं कि बुरा मत सोचो, बुरा मत बनो और बुरा मत करो। हर मनुष्य में दोष हैं ही, लेकिन दोष पर ध्यान न देकर उससे मिलनेवाले ज्ञान एवं गुणों की ओर ध्यान देना चाहिए।**

बालको, लड़ो कभी मत। रार में पड़ो कभी मत।।

भ्रात से भिड़ो कभी मत। बात से चिढ़ो कभी मत।।

मस्त हो अड़ो कभी मत। सुस्त हो सड़ो कभी मत।।

झूठ पर झुको कभी मत। सत्य से रुको कभी मत।।



©KTBS Not to be republished

व्यर्थ को बको कभी मत। ऐब को ढको कभी मत।।

नीच से हँसो कभी मत। कीच में फँसो कभी मत।।

डाह से जलो कभी मत। राह से टलो कभी मत।।

ताल में धँसो कभी मत। जाल में फँसो कभी मत।।

दुष्ट से जुड़ो कभी मत। कष्ट से मुड़ो कभी मत।।

रात भर जगो कभी मत। मार कर भगो कभी मत।।

पाप पर डटो कभी मत। पुण्य से हटो कभी मत।।

गंद में धँसो कभी मत। फंद में फँसो कभी मत।।

प्यार को तजो कभी मत। कार्य से लजो कभी मत।।

*****

**कवि परिचय - श्रीधर पाठक**

श्रीधर पाठक का जन्म सन् १८५९ को आगरा जिले के जौंधरी ग्राम में हुआ। शिक्षा, संस्कृत और फारसी में हुई। कलकत्ता में सरकारी सेवा करने के पश्चात् ये प्रयाग में आकर रहने लगे। इन्होंने ब्रजभाषा तथा खड़ीबोली दोनों में कविता लिखी। इनकी मुख्य रचनाएँ हैं – 'जगत सचाई – सार', 'मनोविनोद', 'कश्मीर सुषमा', 'गोपिका–गीत' एवं 'भारत–गीत'। खड़ीबोली में काव्य रचना कर इन्होंने गद्य और पद्य की भाषाओं

Not to be republished ©KTBS

में एकता स्थापित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। इन्होंने अंग्रेजी तथा संस्कृत की पुस्तकों के पद्यानुवाद भी किए। ये प्राकृतिक सौंदर्य, स्वदेश प्रेम तथा समाज सुधार की भावनाओं के कवि थे। आपका निधन सन् १९२८ को हुआ।

**शब्दार्थ :**

रार – झगड़ा, विवाद; भ्रात – भाई, अड़ना – हठ करना, ऐब – दोष, कीच – कीचड़, डाह – जलन, असूया; धँसना – नष्ट होना, फँसना; फंद – फंदा, बंधन; तजना – त्यागना, डटना – जमकर खड़ा होना, लजो – शरमाओ।

**अभ्यास**

**I. मौखिक -**

१) कवि किससे न लड़ने के लिए कह रहा है ?

२) किस पर नहीं झुकना है ?

३) किस में फँसना नहीं चाहिए ?

४) किससे लजाना नहीं चाहिए ?

**II. लिखित -**

**एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) किसके सामने झुकना नहीं चाहिए ?

२) कष्ट से क्या नहीं करना चाहिए ?

३) किससे नहीं हटना चाहिए ?

४) किसका त्याग नहीं करना चाहिए ?

©KTBS Not to be republished

**III. विस्तार से :**

१) 'कभी मत' कविता का सारांश लिखिए।

**IV. निम्नांकित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए :**

१) भ्रात से भिड़ो कभी मत। बात से चिढ़ो कभी मत।।

२) व्यर्थ को बको कभी मत। ऐब को ढको कभी मत।।

३) रात भर जगो कभी मत। मार कर भगो कभी मत।।

४) झूठ पर झुको कभी मत। सत्य से रुको कभी मत।।

**V. खाली जगह भरिए :**

१) पाप पर .................. कभी मत।

२) नीच से .................... कभी मत।

३) फंद में ..................... कभी मत।

४) प्यार को ................. कभी मत।

**VI. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

१) सत्य २) व्यर्थ ३) दुष्ट ४) पुण्य ५) कार्य

**VII. इस कविता को कंठस्थ कीजिए।**

**योग्यता - विस्तार :**

* ऐसी ही छोटी-छोटी शिक्षाप्रद कविताएँ पढ़िए।
* पाठशाला में अनुशासन के पालन के सम्बंध में सहपाठियों से चर्चा कीजिए।
* गांधीजी के तीन बंदरों की कहानी पढ़िए।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ-५

# न्याय

-संकलित

**आशय : प्रख्यात कथा संग्रह ‘अरेबियन नाइट्स’ की एक कथा पर आधारित यह रोचक कहानी न्याय और बुद्धिबल की एक झलक देती है।**

पुराने ज़माने में एक व्यापारी रहता था, नाम था उसका अली ख्वाजा। व्यापार करते-करते जब उसके पास एक हज़ार सोने की मोहरें इकट्ठी हो गईं तो उसने मक्का शरीफ़ की यात्रा का निश्चय किया। चूँकि वह अकेला रहता था, उसने अपनी जमा पूँजी अपने मित्र के यहाँ रखने का निश्चय किया। यात्रा के खर्च के लिए उसने पाँच सौ मोहरें अलग रख लीं। फिर एक घड़े में बची हुई मोहरें डाल कर तेल भर दिया। अली ख्वाजा पड़ोस में अपने मित्र वाज़िद के घर गया। उसको अपनी यात्रा के बारे में बताया और कहा, ‘‘यह तेल का घड़ा मैं आपके घर रखकर जाना चाहता हूँ। मक्का से लौटकर ले लूँगा’’। वाज़िद ने अपने तहखाने की चाबी उसे देते हुए कहा कि, ‘‘आप अपना घड़ा तहखाने में रख आइए और जब आप लौटें तो उसी स्थान से ले लीजिए।’’ अली ख्वाजा घड़ा रखकर यात्रा के लिए निकल गया।

एक दिन वाज़िद के घर दावत थी। तरह-तरह के पकवान बनाते हुए तेल खत्म हो गया। रात का समय था। वाज़िद की बीवी अपना सिर खुजलाने लगी। तभी उसे अली ख्वाजा के तेल के घड़े की याद आई। उसने वाज़िद से कहा -‘‘आप तहखाने में रखे तेल के घड़े से थोड़ा

©KTBS Not to be republished

तेल निकाल लाइए। इस समय बाज़ार तो बंद है। कल सुबह बाज़ार से नया तेल लाकर घड़े में भर दीजिए। ख्वाजा आज रात ही आकर तो तेल नहीं माँगेंगे।''

बीवी की बात सुनकर वाज़िद तहखाने में गया। जब घड़े की सील खोलकर तेल निकालने लगा, तब घड़े में से सिक्कों की आवाज़ आई। उसे लगा कि घड़े में तेल के नीचे कुछ है। इसलिए उसने दूसरे बर्तन में सारा तेल निकाल लिया। उसने देखा कि घड़े में तो पाँच सौ सोने की मोहरें थीं। उसने उन मोहरों को अपनी तिजोरी में छिपाकर रख दिया और तेल लाकर बीवी को दे दिया। अगले दिन उसने बाज़ार से नया तेल लेकर घड़े में भर दिया। उसे वैसे ही सीलबंद कर दिया जैसे कि ख्वाजा अली ने किया था।

कुछ दिनों के बाद अली ख्वाजा मक्का की यात्रा से वापस आया। घर में अपना सामान रखकर वह सीधा वाज़िद के घर गया और अपनी यात्रा की सारी बातें बताई। फिर तेल का घड़ा लेकर वह घर आ गया। जब उसने घड़े का तेल निकालकर देखा तो उसके पैरों तले ज़मीन ही खिसक गई। वह सिर पकड़कर बैठ गया, क्योंकि घड़े में एक भी सोने की मोहर नहीं थी। वह सोचने लगा, अब क्या किया जाए।

वह उलटे पाँव वाज़िद के घर गया और अपनी मोहरें माँगने लगा। वाज़िद ने कहा कि, ''सीलबंद तेल का घड़ा आपको उसी स्थान से मिला जहाँ आप रखकर गए थे। मैंने तो उसे हाथ भी नहीं लगाया। मैं कैसे मान लूँ कि उसमें सोने की मोहरें थीं''। दोनों मित्रों में कहा-सुनी होने लगी। दोनों का झगड़ा सुनकर आस-पास के लोग इकट्ठे हो गए।

©KTBS Not to be republished

उन्होंने जब झगड़े को बढ़ते हुए देखा तो ख्वाजा से कहा कि, ''आप काज़ी की अदालत में जाइए। वह ही आपके झगड़े को मिटा सकता है।''

ख्वाजा ने काज़ी की अदालत में अपनी बात रखी परंतु पक्के सबूतों के अभाव में उसे वहाँ से निराश लौटना पड़ा। तब उसने खलीफ़ा के यहाँ अपील की और न्याय माँगा। खलीफ़ा ने उसकी अपील स्वीकार कर ली। खलीफ़ा ने सारे मामले पर विचार करने के लिए कुछ समय चाहा। एक सप्ताह बाद का समय सुनवाई के लिए दिया गया। ख्वाजा और वाज़िद का किस्सा अब प्रख्यात हो गया था।

खलीफ़ा एक दिन अपना भेष बदलकर शहर में घूम रहे थे। तभी उन्होंने कुछ लड़कों को न्यायालय का खेल खेलते हुए देखा। वह छिप-कर उनका खेल देखने लगे। उन्हें लगा कि जो लड़का न्यायाधीश बना है, बड़ा समझदार है। वह जिस तरह न्याय कर रहा है, बिल्कुल ठीक है। इसलिए उन्होंने उस लड़के को अपने पास बुलाया और उसका नाम पूछा। लड़के ने कहा - ''मेरा नाम हसन है।'' खलीफ़ा ने कहा -''मैंने तुम्हारा खेल देखा। तुम बहुत समझदार हो। कल हमारे दरबार में आना।''

अगले दिन खलीफ़ा के दरबार में अली ख्वाजा, वाज़िद और हसन उपस्थित हुए। खलीफ़ा ने हसन से कहा कि, ''तुम इन दोनों के झगड़े का किस्सा सुनो और बताओ कि इनमें से कौन सच बोल रहा है।''

हसन ने दोनों की बातें ध्यान से सुनीं। फिर उसने दो तेलियों को बुलवाया। थोड़ी देर में दो तेली आ गए। हसन ने उनसे कहा -''आप इस घड़े के तेल की जाँच कीजिए और बताइए इस घड़े में तेल कितना

©KTBS Not to be republished

पुराना है।'' दोनों तेलियों ने बारी-बारी से तेल को देखा, सूँघा और चखा। फिर अपना निर्णय दिया। ''घड़े का तेल दो महीने पुराना लगता है, इससे ज्यादा नहीं'', वे बोले।

तेलियों की बात सुनकर वाज़िद तो घबरा गया। अली ख्वाजा खुश होकर बोल पड़ा, ''हूज़ूर, मैं तो छह महीने पहले मक्का की यात्रा करने गया था। तभी मैंने तेल खरीदा था।'' तेलियों और अली ख्वाजा की बात सुनकर सबको वास्तविकता का ज्ञान हो गया। खलीफ़ा को न्याय के लिए सबूत मिल गया था। खलीफ़ा ने हसन को धन्यवाद दिया और वाज़िद से कहा कि, ''आपने अली ख्वाजा के घड़े से तेल और मोहरें निकाली हैं। आप उन्हें वापिस कीजिए और चोरी और विश्वासघात के अपराध की सज़ा भोगिए।'' खलीफ़ा ने हसन को बहुत सारा पुरस्कार दिया।

खलीफ़ा के दरबार में उपस्थित सभी लोगों ने हसन की सूझ-बूझ और न्याय की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

*****

**शब्दार्थ :**

जमाना - समय, मोहर - सिक्का, तहखाना - ज़मीन के नीचे बना कमरा, दावत - भोज का निमंत्रण, बीवी - पत्नी, अदालत-न्यायालय, सबूत - साक्षी, किसी बात को सिद्ध करने का प्रमाण, अपील - प्रार्थना, किस्सा - कहानी, भेष - वेष, तेली - तेल निकालनेवाला, जाँच - परीक्षा, विश्वासघात - धोखा देना, सूझ-बूझ - समझदारी, भूरी-भूरी - खूब, अत्यंत।

Not to be republished ©KTBS

**मुहावरे :**

सिर खुजलाना - सोचना

पैरों तले ज़मीन खिसकना - घबरा जाना, आघात होना

सिर पकड़कर बैठना - चिंता करना

कहा-सुनी होना - बातों की लड़ाई होना

## अभ्यास

**I. मौखिक प्रश्न -**

१) अली ख्वाजा ने कहाँ जाने का निश्चय किया ?

२) वाज़िद ने तहखाने की चाबी देते हुए क्या कहा?

३) वाज़िद ने मोहरों को कहाँ छिपाकर रखा?

४) जो लड़का न्यायाधीश बना था, उसका नाम क्या था?

५) हसन ने तेलियों से क्या कहा?

**लिखित प्रश्न -**

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) अली ख्वाजा ने अपनी जमा पूँजी कहाँ रखने का निश्चय किया?

२) अपने तेल का घड़ा रखते हुए अली ख्वाजा ने क्या कहा?

३) तेल के घड़े में कितने सोने की मोहरें थीं?

४) झगड़े को बढ़ते देखकर लोगों ने क्या कहा?

५) दरबार में खलीफ़ा ने लड़के से क्या कहा?

© KTBS Not to be republished

**III. दो - तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१) अली ख्वाजा ने मोहरों को वाज़िद के यहाँ रखने का निश्चय क्यों किया?

२) वाज़िद की पत्नी ने उसे क्या सुझाव दिया?

३) मोहरें पूछने पर वाज़िद ने क्या कहा?

४) अली ख्वाजा ने खलीफ़ा से क्यों अपील की?

५) हसन की समझदारी कैसी थी?

**IV. चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१) वाज़िद ने अपने मित्र के साथ कैसे विश्वासघात किया?

२) वाज़िद को आखिर न्याय कैसे मिला?

**V. उदाहरण के अनुसार प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| करना | कराना | करवाना |
| बनना | ------ | -------- |
| लिखना | ------ | -------- |
| काटना | कटाना | कटवाना |
| काँपना | ------ | -------- |
| जागना | ------ | -------- |
| ठहरना | ठहराना | ठहरवाना |
| पकड़ना | ----- | ------ |
| समझना | ----- | ----- |

©KTBS Not to be republished

## VI. उदाहरण के अनुसार बहुवचन-रूप लिखिए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| घोड़ा | - | घोड़े | घर | - | घर |
| घड़ा | - | ---------- | व्यापारी | - | ------- |
| झगड़ा | - | ---------- | तेल | - | ---------- |
| याद | - | यादें | यात्रा | - | यात्राएँ |
| रात | - | ---------- | सुविधा | - | ---------- |
| चीज़ | - | ---------- | लता | - | ---------- |

## VII. रिक्त स्थानों में सही परसर्ग भरिए :

पुराने ज़माने ............ एक व्यापारी रहता था, नाम था उसका अली ख्वाजा। व्यापार करते-करते जब उसके पास एक हज़ार सोने ................मोहरें इकट्ठी हो गईं तो उसने मक्का शरीफ़ ............ यात्रा ........... निश्चय किया।

## VIII. नीचे लिखे विशेषण-विशेष्यों का मिलान कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| पुराना | - | तेल |
| बहुत सारे | - | प्रशंसा |
| थोड़ा | - | ज़माना |
| पक्के | - | मेहमान |
| भूरि-भूरि | - | सबूत |

## IX. अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए :

१) ले लौटकर से मक्का लूँगा।

२) दावत के दिन वाज़िद एक घर थी में।

© KTBS Not to be republished

३) उलटे घर के वाज़िद पाँव गया वह।

४) जाए किया क्या अब लगा सोचने वह?

## X. उदाहरण के अनुसार वाक्यों को बदलिए :

१) उसने अपना सिर खुजलाया → वह अपना सिर-खुजलाने लगा।

२) उसने सोचा → ................................।

३) लड़के ने बताया → ................................।

४) खलीफ़ा ने हसन की प्रशंसा की → ................................।

५) हसन ने दोनों की बातें सुनीं → ................................।

## XI. अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

१) इकट्ठा करना २) याद आना

३) छिपाकर रखना ४) वापस करना

५) भूरि-भूरि

## योग्यता विस्तार :

* अरेबियन नाइट्स की अन्य दो कहानियाँ पढ़िए और कक्षा में सुनाइए ।
* इस कहानी का एकांकी के रूप में मंचन कीजिए ।

*****

©KTBS Not to be republished

पाठ - ६

# राखी बाँधकर पेड़ों से रिश्ता

- प्रज्ञा

**आशय : यह पाठ लेखिका की पुस्तक 'तारा की अलवर यात्रा' से लिया गया है। अलवर में लोगों ने पानी, जंगल तथा पशु-पक्षियों की सुरक्षा के लिए कदम उठाकर अपनी बदहाली को खुशहाली में बदल दिया है। छात्रों को इससे पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ मानव के श्रम तथा हौसले का महत्व भी ज्ञात होता है।**

अलवार के लोग पानी की जीवनदयिनी शक्ति पाकर जैसे जल, जंगल और ज़मीन के प्रति समर्पण की भावना रखने लगे, इसे बड़े ही रोचक तरीके से चाचाजी ने बताया। उन्होंने हमसे एक सवाल किया, ''क्या तुम धराड़ी का अर्थ बता सकते हो?'' हम चुप। ''अरे भई, शब्द पर ध्यान दो-धरोहर, धारणा, धारण करना और क्या!'' हमें अब भी समझ नहीं आया। अब चाचा जी ने बात खोलकर समझाई, ''राजस्थान में धराड़ी शब्द का निश्चित अर्थ है। यहाँ एक परंपरा है कि हर परिवार, कुल की एक-एक धराड़ी है। यह धराड़ी मूल रूप से वृक्षों की, जीव-जंतुओं की रक्षा का भाव है। इस परंपरा के साथ कई कथाएँ भी चली आ रही हैं, जैसे-किसी कष्ट के मौके पर परिवार को अशोक, कदंब, बरगद आदि वृक्षों ने सहायता पहुँचाई तो लोगों ने आजीवन उस वृक्ष के सम्मान में उसे न काटने का निर्णय लिया। इन लोक कथाओं को आज के लोग न भी मानें, परंतु धराड़ी का अर्थ वृक्ष की रक्षा का जो भाव देता है, वह निश्चित ही मनुष्य को पर्यावरण से जोड़ने वाला है। धराड़ी की यह

©KTBS Not to be republished

परंपरा इनसानी जीवन में वृक्ष पर हमारी निर्भरता, हमारे जीवन में वृक्ष की अनिवार्यता और उसके संरक्षण से जुड़ी हुई है। प्रकृति के अनुचित दोहन का कार्य इससे एक हद तक रोका या सीमित किया जा सकता है। इसी तरह तुम जीव-जंतुओं के संदर्भ में भी देखो कि राजस्थान का बिश्नोई समाज काले हिरण को अपनी धराड़ी मानता है।'' कितनी सुंदर और रोमांचक हैं ये लोककथाएँ जो इनसान के पेड़-पौधों और पशु-पक्षियों से मधुर संबंधों की गाथा कहती हैं। इन्हें सुनकर ढेरों जिज्ञासाएँ सिर उठाती हैं। मेरा मन कहीं भटक-सा गया जिसे अंततः चाचाजी की आवाज़ ने दिशा दिखाई।

चाचाजी बता रहे थे कि अलवर के लोग वृक्षों के महत्त्व को जान गए हैं और अपनी धराड़ी की ही नहीं, दूसरों की धराड़ी की भी रक्षा कर रहे हैं। इतना ही नहीं, वे प्रकृति से केवल ज़रूरत भर सामग्री ले रहे हैं, उसका अनावश्यक दोहन नहीं कर रहे। वृक्ष रोपने का काम तो लोगों ने बड़े पैमाने पर किया ही है, साथ ही पेड़ों को राखी बाँधकर उनसे एक जीवित रिश्ता भी बनाया है। जल और जंगल बचाने में गाँववासी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अपने परिश्रम और संगठित शक्ति के आधार पर इन्होंने सच्चे पर्यावरण प्रेम का उदाहरण देश के समक्ष रखा है। विकास की इस राह पर चलकर इन्होंने अपनी सामाजिक-आर्थिक स्थिति को भी सुधारा है। जल ने जीवन दिया और जीवन ने ग्रहण किया नया आकार। जन जागृति ने शिक्षा के महत्त्व को जाना। बच्चों और महिलाओं की शिक्षा को नया आसमान मिला। रोज़गार के नए अवसर प्राप्त हुए।

''चेतना संपन्न, संसाधन संपन्न अलवर के कई गाँव आज देश के बदहाल गाँवों के लिए एक बेहतर उदाहरण तो हैं ही, साथ ही ये गाँव

Not to be republished ©KTBS

अलवर की सीमा से निकलकर अन्य गाँवों में बदलाव लाने की दृष्टि से भी कार्यरत हैं।'' चाचाजी के स्वर में ओज था, ''नदियों एवं गाँवों को मिला यह नवजीवन किसी चमत्कार से कम नहीं है, परंतु इस चमत्कार के पीछे कोई जादू-टोना, जंत्र-मंत्र नहीं, बल्कि छिपा है इनसान का हौसला, उसकी हिम्मत और अपने श्रम में उसकी अटूट आस्था।''

कहानी यहाँ आकर रुकी ही थी कि चाचीजी, माँ और पिताजी के सब्र का बाँध टूट गया। यूँ भी चाचा जी अपनी बेमिसाल कहानी सुना ही चुके थे। चाचीजी ने माँ-पिताजी की मदद से खाना मेज़ पर सजा दिया था। सलाद की थाली देखते ही मैं समझ गई कि टमाटर को काटकर फूल का आकार देने की कलाकारी पिताजी की ही है। सारी तैयारी देखकर और हवा में फैली स्वादिष्ट खाने की गंध ने हमारी भूख को चमका दिया। इसके साथ ही चाचीजी का सख्त आदेश भी था - 'अब बातें कम, खाना ज़्यादा।' खाने की मेज़ पर चाचीजी ने बताया कि आज का खाना पकाने में मुख्य भूमिका तुम लोगों के कथावाचक चाचाजी की है, जिन्होंने राजस्थानी भोजन विशेष रूप से तैयार किया है। खाने में बेसन के गट्टे की रसेदार सब्ज़ी, दालबाटी-चूरमा, पापड़ की सब्ज़ी, मिर्ची वड़ा जैसे स्वादिष्ट व्यंजन थे। अलवर की यह यात्रा अभी तक राजस्थानी खाने के बिना अधूरी थी। इस अधूरेपन को चाचाजी और चाचीजी के संयुक्त प्रयास ने पूरा कर दिया।

खाना खाते हुए हम सबने अनुभव किया कि चाचाजी व चाचीजी दोनों ही पाक-कला में माहिर हैं। जितने प्रेमपूर्वक उन्होंने हमसे बातें कीं उतने ही प्रेम से भोजन परोसा और आग्रह कर-करके खिलाया भी। खाने

©KTBS Not to be republished

के बाद मिष्टान्न में अलवर की खास मिठाई कलाकंद हमारे सामने थी। ताज़ा और खुशबूदार कलाकंद के सामने आने पर, पेट भरा हुआ होने के बावजूद मुँह में पानी आ गया। हम सबने मज़े ले-लेकर कलाकंद उड़ाया। खाने के बाद चाचाजी व पिताजी टहलने के लिए बाहर निकल गए। उनके पीछे से हम सबने एक प्रस्ताव पास कर डाला कि आज रात हम चाचाजी के घर ही रुकेंगे। थोड़ी देर में वे लोग पान खाकर लौट आए। पिताजी ने गंभीरतापूर्वक कहा, ''देखो बच्चो, मैं कई बरसों के बाद अपने दोस्त से मिला था और आते ही तुमने मेरा समय कहानी सुनने के लिए ले लिया। इसलिए आज रात हम यहीं रुकेंगे। अब तुम लोग सोने जाओ। हम दोस्त अपनी बातें करेंगे।'' पिताजी की इस बात पर हमने ज़ोर का ठहाका लगाया, क्योंकि हम तो पहले ही ऐसा प्रस्ताव पास कर चुके थे।

*****

**लेखिका परिचय - प्रज्ञा**

दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज में रीडर के पद पर कार्यरत प्रज्ञा जी का जन्म दिल्ली में २८ अप्रैल १९७१ को हुआ था। आपने हिन्दी साहित्य में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। राष्ट्रीय नाट्य-विद्यालय की ओर से इनकी पुस्तक 'नुक्कड़ नाटक-रचना और प्रस्तुति' का प्रकाशन हाल ही में हुआ है। विभिन्न समाचार पत्र तथा साहित्यिक पत्रिकाओं में इनके लेख प्रकाशित होते रहते हैं। आकाशवाणी तथा दूरदर्शन के लिए भी आप रचनाएँ करती रहती हैं।

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

धराड़ी - धरोहर, दोहन - अत्यधिक उपयोग, जिज्ञासा - जानने की इच्छा, समक्ष - सामने, बेमिसाल - अनुपम (जिसके समान दूसरा न हो), कथावाचक - कहानी पढ़कर सुनाने वाला, माहिर - कुशल, ठहाका लगाना - जोर से हँसना।

## अभ्यास

**I. मौखिक -**

१) चाचाजी ने धराड़ी शब्द का अर्थ क्या समझाया ?

२) लोगों ने वृक्ष न काटने का निर्णय क्यों लिया ?

३) बिश्नोई समाज की धराड़ी क्या है ?

४) चाचाजी और चाचीजी ने कैसा भोजन बनाया था?

५) चाचाजी और पिताजी खाना खाने के बाद कहाँ गए ?

६) पिताजी की बात सुनकर बच्चों ने क्या किया ?

**II. लिखित -**

**अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) अलवर के लोग किसके प्रति समर्पण की भावना रखते थे ?

२) धराड़ी की परंपरा से किसे सीमित किया जा सकता है ?

३) अलवर के लोगों ने पेड़ों से कैसा रिश्ता बनाया है ?

४) अलवर के लोग किसका दोहन नहीं करते ?

५) विकास की राह पर चलकर क्या सुधारा गया ?

६) पिताजी ने क्या कलाकारी दिखाई ?

©KTBS Not to be republished

७) चाचीजी ने क्या आदेश दिया ?

८) भोजन किस प्रकार तैयार किया गया था ?

९) चाचाजी व चाचीजी किसमें माहिर थे ?

१०) अलवर की खास मिठाई कौन-सी है ?

**आ) चार-पाँच वाक्यों में उत्तर दीजिए :**

१) चाचाजी ने राजस्थान में धराड़ी परंपरा के बारे में क्या बताया?

२) अलवर के लोगों ने प्रकृति और पेड़ों की सहायता से किस प्रकार विकास की राह प्राप्त की ?

३) राजस्थानी खाने में विशेष रूप से क्या-क्या बनाया गया था?

४) यदि अलवर के लोगों ने प्रकृति-संरक्षण का कदम न उठाया होता तो उनके गाँव की क्या दशा हो सकती थी, अपनी कल्पना से लिखिए।

**इ) निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे कहा :**

१) ''क्या तुम धराड़ी का अर्थ बता सकते हो ?''

२) ''अब बातें कम, खाना ज़्यादा।''

३) ''अब तुम लोग सोने जाओ, हम दोस्त लोग अपनी बातें करेंगे।''

**ई) आशय स्पष्ट कीजिए :**

१) यह धराड़ी मूल रूप में वृक्षों की, जीव-जन्तुओं की रक्षा का भाव है।

२) इस चमत्कार के पीछे कोई जादू-टोना, जंत्र-मंत्र नहीं, बल्कि छिपा है इनसान का हौसला, उसकी हिम्मत और अपने श्रम में उसकी अटूट आस्था।

© KTBS Not to be republished

# भाषा - बोध

क) पाठ में आए इन शब्दों पर ध्यान दें :

१) निर्भरता = निर्भर + ता,  २) अनिवार्यता = अनिवार्य + ता

इन शब्दों में 'ता' प्रत्यय जोड़कर भाववाचक संज्ञाओं का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार पाँच अन्य शब्दों का निर्माण कीजिए।

३) अनावश्यक = अन् + आवश्यक

बेमिसाल = बे + मिसाल

अटूट = अ + टूट

अपव्यय = अप + व्यय

'अन्', 'बे', 'अ', 'अप' आदि जोड़कर विलोम शब्दों का निर्माण किया जाता है। नीचे दिए शब्दों के विलोम शब्द पाठ में से ढूँढकर लिखिए :

१) निष्क्रिय  २) खुशहाल  ३) अनिश्चित

४) अपमान  ५) उचित  ६) अनावश्यक

७) निर्जीव  ८) बेस्वाद  ९) बासी  १०) बदबूदार

ख) ताज़ा, खुशबूदार, स्वादिष्ट आदि शब्द किसी खाद्य पदार्थ की विशेषता या गुण बताते हैं। ये गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं । गुणवाचक विशेषण वस्तु का रूप, रंग, आकार, काल, स्पर्श, स्वाद आदि का बोध कराते हैं। निम्नलिखित उदाहरणों के आगे दो-दो अन्य उदाहरण लिखिए :

१) बड़ा  २) प्राचीन  ३) मुलायम  ४) मीठा  ५) गोल

©KTBS Not to be republished

**ग) निर्देशानुसार रिक्त स्थान भरिए :**

१) चाचाजी .......... आवाज़ .......... दिशा दिखाई।

(कारक चिह्नों से पूर्ण कीजिए)

२) बिश्नोई समाज काले हिरन को अपनी धराड़ी मानता ........।

('था' का वर्तमान काल रूप लिखिए)

३) ............ खाने की गंध ने हमारी भूख को चमका दिया।

(विशेषण शब्द लिखिए)

४) थोड़ी देर में वे लोग पान खाकर ..........।

(उचित क्रिया पद लिखिए)

५) उन्होंने हमसे बहुत .......... बातें की।

(क्रिया-विशेषण शब्द लिखिए)

**IV. निम्नलिखित अनुच्छेद में उचित विरामादि चिह्न लगाइए :**

उन्होंने हमसे एक सवाल किया क्या तुम धराड़ी का अर्थ बता सकते हो हम चुप अरे भई शब्द पर ध्यान दो धरोहर धारणा धारण करना और क्या हमें अब भी समझ नहीं आया अब चाचाजी ने बात खोलकर समझाई राजस्थान में धराड़ी शब्द का निश्चित अर्थ है यहाँ एक परंपरा है कि हर परिवार कुल की एक-एक धराड़ी है

©KTBS Not to be republished

**योग्यता - विस्तार :**

* राजस्थान के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कीजिए और उससे सम्बंधित चित्रों का संग्रह करके अपने विद्यालय के सूचना - पट्ट पर प्रदर्शित कीजिए।
* पर्यावरण-संरक्षण में छात्रों की क्या भूमिका हो सकती है? कक्षा में चर्चा कीजिए।
* राजस्थानी व्यंजनों की तरह कर्नाटक के आपके इलाके के विशिष्ट भोजन की कक्षा में चर्चा कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

पाठ-७

# कर चले हम फ़िदा

- कैफ़ी आज़मी

**आशय : जिंदगी सबको प्यारी होती है। मगर देश की रक्षा करनेवाले सैनिकों का जीवन इससे विपरीत होता है। वे हमेशा दुश्मनों से लड़ने हेतु अपना सीना तानकर खड़े रहते हैं। इसलिए कवि अपने वतन को उनके हवाले कर रहे हैं।**

कर चले हम फ़िदा जानो-तन साथियो,
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो ।।

साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई,
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया।
कट गए सर हमारे तो कुछ ग़म नहीं,
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया।

जिंदा रहने के मौसम बहुत हैं, मगर
जान देने की रुत रोज़ आती नहीं।
राह कुर्बानियों की न वीरान हो,
तुम सजाते ही रहना नए काफ़िले।
फ़तह का जश्न इस जश्न के बाद है,
जिंदगी मौत से मिल रही है गले।

©KTBS Not to be republished

खींच दो अपने खूँ से जमीं पर लकीर,
इस तरफ़ आने पाए न दुश्मन कोई।
तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे,
छू न पाए ज़मीन का दामन कोई।

बाँध लो अपने सर से कफ़न साथियो,
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो।।

*****

**कवि परिचय : कैफ़ी आज़मी**

अतहर हुसैन रिज़वी का जन्म १९ जनवरी १९१९ को उत्तर प्रदेश के आज़मगढ़ ज़िले में मजमां गाँव में हुआ। अदब की दुनिया में आगे चलकर वे कैफ़ी आज़मी नाम से मशहूर हुए। कैफ़ी आज़मी जी की गणना प्रगतिशील उर्दू कवियों की पहली पंक्ति में की जाती है।

कैफ़ी जी की कविताओं में एक ओर सामाजिक और राजनैतिक जागरूकता का समावेश है तो दूसरी ओर हृदय की कोमलता भी है। अपनी युवावस्था में मुशायरों में वाह-वाही पाने वाले आज़मी ने फ़िल्मों के लिए सैकड़ों बेहतरीन गीत भी लिखे हैं।

१० मई २००२ को इस दुनिया से रुखसत हुए कैफ़ी जी के पाँच कविता-संग्रह झंकार, आखिर-ए-शब, आवारा सज़ंदे, सरमाया और फ़िल्मी गीतों का संग्रह मेरी आवाज़ सुनो प्रकाशित हुए। अपने

©KTBS Not to be republished

रचनाकर्म के लिए कैफ़ी जी को साहित्य अकादमी पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से नवाज़ा गया। कैफ़ी जी कलाकारों के परिवार से थे। पत्नी शौकत आज़मी, बेटी शबाना आज़मी मशहूर अभिनेत्रियाँ हैं।

**शब्दार्थ :**

फ़िदा - न्योछावर, तन - शरीर, हवाले - वश में, हवाले करना - सौंपना, थमना - रुकना, नब्ज़ - नाड़ी, गम - दु:ख, सर - सिर, रुत - मौसम, ॠतु; कुर्बानी - बलिदान, वीरान - जंगल, उजड़ा हुआ, निर्जन, शोभारहित; काफिला - यात्रियों का समूह, फ़तह - जीत, जश्न - उत्सव, समारोह; खूँ - खून, लकीर - रेखा, तोड़ - काट, दामन - आँचल, पल्लू; कफ़न - शव पर ओढ़ाने का नया वस्त्र।

**टिप्पणी :**

आज़मी जी उर्दू कवि होने के नाते कविता में ज़्यादा से ज़्यादा उर्दू-फारसी शब्दों का प्रयोग हुआ है।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. कवि अपने वतन को किसके हवाले कर रहे हैं?

२. कविता में कवि किनको 'साथियो' कह रहे हैं?

३. हमें किस बात का ग़म नहीं है?

४. कौन-सी ॠतु रोज़ नहीं आती?

५. कौन गले मिल रहा है?

Not to be republished ©KTBS

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया'-इस पंक्ति का भाव क्या है? यहाँ हिमालय किसका प्रतीक है?

२. कवि ने एक जश्न के बाद दूसरे जश्न की बात कही है। ये कौन-कौन से जश्न हैं?

३. 'खून से लकीर खींचना'-इस पंक्ति का भाव क्या है? और यह लकीर खींचने की क्या आवश्यकता है?

**III. भाव स्पष्ट कीजिए :**

१. साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई,
फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया।

२. बाँध लो अपने सर से कफ़न साथियो,
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो।।

**IV. कविता में कुछ विशिष्ट वाक्यांशों का प्रयोग किया गया है। इनका भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

**जैसे:** १. साँस थम जाना - थकावट के कारण साँस रुक जाना

२. सर कट जाना -

३. सर झुकने न देना -

४. मौत से गले मिलना -

५. ज़मीन का दामन छूना -

© KTBS Not to be republished

**V. ध्यान रखिए - संबोधन में बहुवचन रूप पर अनुस्वार का प्रयोग नहीं होता। आप कोई ऐसे पाँच बहुवचन संबोधन शब्द लिखिए :**

**जैसे :** साथियो (साथियों नहीं)

१.

२.

३.

४.

५.

**VI. कविता से पर्यायवाची उर्दू शब्द ढूँढ़कर लिखिए :**

१. न्योछावर -

२. नाड़ी -

३. प्राण -

४. प्रतिदिन -

५. बलिदान -

६. जीत -

७. उत्सव -

८. रक्त -

**VII. वतन के लिए जान देने पर भी हमें ग़म नहीं होता। आप कोई ऐसे चार विषय लिखिए जिन्हें करने पर आपको ग़म नहीं होता :**

१. ......................................

२. ......................................

©KTBS Not to be republished

३.      ....................................

४.      ....................................

**योग्यता विस्तार :**

* निर्माता चेतन आनंद की फिल्म 'हकीकत' के लिए कवि कैफ़ी आज़मी जी ने यह गीत लिखा है। यह गीत सुनिए। अपने स्कूल के किसी समारोह में इसे सामूहिक रूप से गाइए।
* आज़ाद होने के बाद सबसे मुश्किल काम है 'आज़ादी को बनाए रखना।' - इस विषय पर कक्षा में चर्चा कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

# पूरक वाचन
## रूपं देहि

- सुमित्रानंदन पंत

ये भारत के ग्राम निवासी,
क्षुधित देह मन, आँखें प्यासी,
जीवन वैभव से हों परिचित !
इन्हें रूप दो !

घर घर गीत वसंत गुँजाओ,
इन्द्रधनुष ऋतु घन फहराओ,
रंग गंध मधु में नहलाओ,
लोग रहें न अभाव अहि ग्रसित !
इन्हें रूप दो !

बाह्य रूप हो पहिले सुंदर,
जानें जन, जीवन प्रभु का वर,
देखें ईश्वर का मुख बाहर,
छँटे दृष्टि तम ज्योतिर्मंडित !
इन्हें रूप दो !

धुले असुंदरता तन-मन की,
भय संशय कुंठा क्षण-क्षण की,
मिटे दमित तृष्णा जीवन की,
पीएँ अंतस् सरित का अमृत !
इन्हें रूप दो !

©KTBS Not to be republished

नगर नरक, – जन कीर्ण अप्राकृत,
ग्राम स्वर्ग हों, संघ विकेन्द्रित,
सरल सौम्य सात्विक जीवन मित,
शिक्षित न हों, लोग हों संस्कृत !
इन्हें रूप दो !

भारत के जन ग्राम निवासी,
मनुष्यत्व के हों अभिलाषी,
भू संपद जन श्रम की दासी,
जीवन रचना हो दिक् कुसुमित !
इन्हें रूप दो !

– 'युगवाणी' से

**अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) कवि किसे रूप देना चाहते हैं ?

२) तन–मन से क्या धुल जाए ?

३) कवि को नगर कैसा लगता है ?

४) ग्राम निवासी किसके अभिलाषी हों ?

५) भू संपद किसकी दासी है ?

६) भारत के ग्राम निवासी कैसे हैं ?

७) भारत के ग्राम निवासी कैसे बनें ?

*****

©KTBS Not to be republished

पाठ-८

# दरोजी अभयारण्य में भालू

**- संकलित**

**आशय : पशु-पक्षी भी मनुष्य के प्यार को खूब समझते हैं। यदि हम उन्हें प्यार करते हैं, तो वे ढेर-सारा प्यार हम पर लुटाते हैं। इसलिए हमें उनके प्रति सहृदय होना चाहिए। सुल्ताना नामक भालू की आत्मकथा के रूप में रचे गये प्रस्तुत लेख में इस भाव को दर्शाया गया है।**

वह सुबह बड़ी सुहानी थी। सुनहरी धूप में घास पर ओस की बूँदें चमक रही थीं। मैं बड़े मज़े से पेड़ पर चढ़ रही थी। ऊपर एक मधुमक्खी का छत्ता था। शहद की मिठास मुझे उसकी ओर खींच रही थी। मीठे शहद के ख्याल से ही मेरे मुँह से लार टपक रही थी। मेरा हाथ छत्ते तक पहुँचने ही वाला था कि मेरी पीठ पर जोर की लाठी पड़ी। मैं चौंक कर देखने लगी। मुझे बहुत बुरा लग रहा था कि मेरा सपना टूट गया। मालिक आँखें लाल करके मेरे सामने खड़ा था। उसने गरजकर कहा - ''सुल्ताना। उठ ! काम पर चल।''

सुल्ताना! यह नाम मेरे माता-पिता का दिया हुआ नहीं है। मेरा मालिक मुझे इस नाम से पुकारता है। नहीं ! अब मैं बरदाश्त नहीं कर सकती। कब तक मैं किसी की खुशी की सुल्ताना बनी रहूँ?

मुझे आज भी याद है जब मैं केवल छः महीने की थी, अपने माता-पिता, संगी-साथियों के साथ खूब खेलती, फल खाती, पेड़ पर चढ़ती, शहद चाटती। रोज की तरह उस दिन भी मैं आगे बढ़ रही थी, अचानक मेरे मुँह पर एक बोरी पड़ी। आँखों के सामने घुप्प अँधेरा छा

©KTBS Not to be republished

गया। जब आँखें खुलीं तो अपने-आप को एक अँधेरी कोठरी में पाया। मेरा दिल घबरा रहा था, भूख भी बहुत लग रही थी। मैं बिलखते हुए माँ को बुला रही थी। तभी एक डरावना आदमी आया। उसके हाथ में लाठी थी। उसके साथ और एक आदमी भी आया था। जिसके हाथों में कुछ फल थे। उसने वे फल मेरे सामने फेंके। मैं बहुत भूखी थी, पल भर में फल खत्म! पर भूख नहीं मिटी।

उसके बाद तो आधे पेट खाकर सो जाना रोज की बात हो गई है। मार खानी पड़ती है सो अलग। जंगल में स्वच्छंद होकर घूमना, गुफाओं में रहना तो सपने में भी संभव नहीं है। कड़ी धूप हो या मूसलाधार वर्षा, मुझे मालिक के साथ सड़कों पर नाचना पड़ता हैं। जिस और मालिक खींचे, उसी ओर बढ़ना पड़ता है।

मेरा नाच देखकर लोग ताली बजाते हैं, और पैसे फेंकते हैं। कुछ भले मानुस मुझे फल खिलाते हैं। मुझे सबसे अच्छा तब लगता है जब छोटे बच्चे मुझे देखकर खुश होते हैं और अपने नन्हें हाथों से मुझे सहलाते हैं। आजकल मुझे बहुत कम दिखाई देता है, आँखें कमजोर हो गई हैं। अभी तो सिर्फ १५ साल की हूँ। जाने आगे क्या होगा?

मैं हर रोज़ ईश्वर से प्रार्थना करने लगी हूँ कि वह मुझे इस कष्ट से मुक्ति दिला दे।

आखिर वह दिन भी आ गया। 'प्राणिदया समिति' के कुछ सदस्यों ने मुझे मालिक के चंगुल से छुड़ा लिया। जो जंगल, गुफाएँ, फल आदि मैं केवल सपने में देखा करती थी, आज उन्हें अपने सामने देख रही हूँ। यह दरोजी भालू-धाम है। इस अभयारण्य को हम जैसे भालुओं की रक्षा के लिए ही बनाया गया है।

©KTBS Not to be republished

दरोजी अभयारण्य बल्लारी जिले के होसपेट से लगभग २५ कि.मी. की दूरी पर है। ५८७.३० हेक्टेर तक फैले वन प्रदेश को अक्तूबर १९९४ में सरकार ने दरोजी अभयारण्य के नाम से घोषित किया। यह वन्यधाम सारे एशिया में भालुओं के लिए घोषित किया गया सर्वप्रथम अभयारण्य है।

पथरीली गुफाओं से भरे इस वन प्रदेश में झाड़दार वन हैं, जिसमें सीताफल, महुआ, जामून, बेर आदि फलों के पेड़ हैं जो भालुओं के पसंदीदा आहार है। मधुमक्खी के छत्ते व चींटियों की बाँबियाँ भी अधिक मात्रा में पाई जाती हैं, जो भालुओं को अच्छी लगती हैं।

पुराणों में तथा रामायण व महाभारत में किष्किंधा नगर के रूप में इस प्रदेश का उल्लेख है। यह प्रदेश हनुमान और जांबवंत का माना जाता है। यह अभयारण्य भालुओं के साथ तेंदुआ, तीतर, सेह, काँटोंवाला सूअर, हिरन, कछुए, जंगली सूअर, मोर, हैना, लोमड़ी आदि का भी आवास स्थल है। यहाँ लगभग पक्षियों की ९० प्रकार की प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

आज मैं बहुत खुश हूँ। आशा करती हूँ कि ऐसे अभयारण्य और भी बनें और मुझ जैसे अन्य जानवरों को भी सुकून मिले।

**संदेश :** पशु-पक्षी हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं और प्यार दुनिया का सबसे बड़ा खज़ाना है।

**शब्दार्थ :**

सुनहरी - सोने का रंग, कोठरी - कमरा, बिलखना - रोना, लार टपकना - ललचाना, मूसलाधार वर्षा - जोरदार बारिश, आँखे लाल करना - गुस्सा करना, यातना - कष्ट, स्वच्छंद - आज़ाद।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. सुल्ताना को कौन पकड़कर लाया?

२. सुल्ताना को क्या-क्या खाना पसंद था?

३. सुल्ताना ने ईश्वर से क्या प्रार्थना की?

४. सुल्ताना को कैसी कोठरी में डाला गया था?

५. सुल्ताना किस आयु में अपने माँ -बाप से बिछुड़ गई थी?

**II. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. मालिक के चंगुल में रहते सुल्ताना का क्या सोचना संभव नही हैं?

२. माता-पिता, संगी-साथियों के साथ सुल्ताना क्या करती थी?

३. सुल्ताना कौन-सा सपना देख रही थी?

४. सुल्ताना को मालिक के चंगुल से किसने छुड़ाया?

**III. चार वाक्यों मे उत्तर लिखिए :**

१. दरोजी अभयारण्य पर टिप्पणी लिखिए।

२. दरोजी अभयारण्य में कौन-कौन से प्राणी रहते हैं?

**IV. रिक्त स्थान भरिए:**

१. सुल्ताना का नाच देखकर लोग.............................. बजाते हैं और ............................फेंकते हैं।

२. भले मानस सुल्ताना को......................खिलाते हैं।

३. सुल्ताना के मुँह पर एक ....................पड़ी।

४. छोटे बच्चे सुल्ताना को देखकर .............होते हैं।

©KTBS Not to be republished

## V. सही या गलत लिखिए :

१. 'सुल्ताना' यह नाम मेरे माता-पिता ने रखा हैं।

२. पेड़ के नीचे एक मधुमक्खी का छत्ता था।

३. मालिक ने कहा-'' सुल्ताना उठ! काम पर चल।''

४. पलभर में फल खत्म हुआ।

५. ''अभी तो सिर्फ पंद्रह साल की हूँ। ''

६. दरोजी भालू अभयारण्य बीदर जिले में है।

## VI. निम्नलिखित शब्दों के अन्य लिंग रुप लिखिए :

१. शेर................ २. मोर....................

३. हाथी................ ४. ऊँट....................

५. सिंह................ ६. हिरन..................

## VII. किसने, किससे कहा :

१. सुल्ताना। उठ! काम पर चल।

## VIII. वाक्य में प्रयोग कीजिए :

१. आँखे लाल करना : ..............................

२. मुसलाधार वर्षा : ..............................

३. लार टपकना : ..............................

४. चंगुल से छुड़ाना : ..............................

**समझिए :** 'भालू' शब्द का प्रयोग पुल्लिंग रूप में किया जाता है। इसका स्त्रीलिंग रुप 'मादा भालू'' है। इसी प्रकार अन्य कई प्राणियों के नाम स्त्रीलिंग के रूप में प्रयुक्त गाते हैं और उनके पुल्लिंग रूप में 'नर' शब्द का प्रयोग किया जाता है।

©KTBS Not to be republished

**IX. कर्नाटक के किन्हीं चार अभयारण्य या पक्षीधामों के नाम लिखिए:**

**X. सोच अपनी-अपनी :**

कहानी का पहला और दूसरा अनुच्छेद पढ़ते समय आपको सुल्ताना की कहानी किसकी कहानी लग रही थी? उसकी चर्चा कक्षा में कीजिए।

**योग्यता विस्तार**

* वन्य पशुओं के चित्रों को इकट्ठा कीजिए।
* मानव अपने स्वार्थ के लिए पशु-पक्षियों का उपयोग करता आया है, लेकिन पशु-पक्षियों को कितनी यातना होती है, इसकी चर्चा कक्षा में कीजिए।
* सुल्ताना की तरह कई बंदर भी अपने मालिकों के चंगुल से छुड़ा लेने के लिए तड़प रहे हैं। आप उन बंदरों की मदद कैसे करेंगे? विचार कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

# पूरक वाचन

## हाथी के साथी

यह एक सच्ची घटना है। झारखंड के राँची शहर के पास घने जंगल थे। यहाँ हाथियों का एक झुंड बसा था। मनमौजी मस्त हाथी जंगली पेड़-पौधे खाते। जंगल की ठंडक में आराम करते। लेकिन, उनकी खुशी ज्यादा दिन तक टिकी नहीं। लोगों ने जंगल काटना शुरू किया। ज़मीन और लकड़ी इनसान को मिली, लेकिन हाथी बेघर हो गए।

भूख और गर्मी से हाथी परेशान थे। वे जाते भी तो कहाँ? घर और खाना उनको भी तो चाहिए। हार खाकर वे नज़दीक के गाँवों तक जाने लगे। वे वहाँ के खेत और घर बरबाद कर डालते।

एक दिन इसी झुंड का एक हाथी तोरपा ब्लॉक पहुँचा। उसने कई घरों और इनसानों को रौंद डाला। लंबा-चौड़ा हाथी और उसके बड़े-बड़े दाँत। लोग उसे मार भी नहीं सकते थे। हाथी मारना कानूनी जुर्म जो है।

तभी एक घटना घटी। तोरपा जंगल के बीच एक सड़क है। इसके किनारे बिजली के खंभे हैं। कुछ तार ज़मीन पर गिरे थे। वहाँ से गुज़रते हाथी का पाँव तारों पर पड़ा। ज़ोर से बिजली का झटका लगा और वह मर गया।

ख़बर मिलते ही गाँववाले वहाँ आ पहुँचे। लोगों को गुस्सा उतारने का मौका मिल गया। मरे हुए हाथी को कोई ठोकर मारता, कोई लाठी, कुल्हाड़ी और चाकू से मारता। कुछ लोग तो उसके दाँत ही तोड़ने लगे। हाथी-दाँत बहुत महँगा होता है। इससे ज़ेवर और सजावट का सामान बनता है। पर हाथी-दाँत निकालने के लिए सरकारी इजाज़त ज़रूरी है। चोरी से निकालो, तो पुलिस केस बन जाता है। दूसरी तरफ वे हाथी-दाँत

Not to be republished ©KTBS

के टुकड़े चुपचाप निकलवाते रहे। पाँच दस किलो दाँत का एक टुकड़ा ही काफ़ी था।

एक महीने तक हाथी की लाश वहीं पड़ी रही। फिर हाथियों का झुंड वहाँ पहुँचा। उन्होंने लाश को चारों तरफ़ से घेर लिया। दिन-रात उसकी रखवाली करते रहे। किसी को उसके पास फटकने न दिया। जंगल में एक गहरा, बड़ा गड्ढ़ा ढूँढ़ा। फिर अपने साथी की लाश घसीटकर वहाँ लाए। उसे गड्ढ़े में डाल दिया। लकड़ी और पत्तियों से गड्ढ़े को ढक दिया।

हाथियों ने उसे दफनाकर अपना फ़र्ज़ निभाया। मगर इनसानों ने किसी चीज़ की परवाह न की। पहले जंगल काटकर हाथी का घर छीना, फिर उसके मरने पर भी उसे सताना नहीं छोड़ा।

**प्रश्नों का उत्तर लिखिए :**

१. हाथियों का झुंड कहाँ बसा था?

२. हाथी क्यों बेघर हो गये?

३. तोरपा ब्लॉक पहुँचकर एक हाथी ने क्या किया?

४. तोरपा जंगल में घटित घटना का वर्णन कीजिए।

५. गाँववालों ने गुस्से में आकर क्या किया?

६. हाथियों ने अपना फ़र्ज़ कैसे निभाया?

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - ९

# भोलाराम का जीव

**- हरिशंकर परसाई**

**आशय : इस पाठ में वर्तमान भारतीय शासन-व्यवस्था पर तीखा व्यंग्य किया गया है। सरकारी दफ्तरों में चल रहे भ्रष्टाचार, घूसखोरी और उससे होनेवाले प्रभाव पर करारा व्यंग्य है।**

ऐसा कभी नहीं हुआ था।

धर्मराज लाखों वर्षों से असंख्य आदमियों को कर्म और सिफ़ारिश के आधार पर स्वर्ग या नरक में निवास–स्थान 'अलॉट' करते आ रहे थे। पर ऐसा कभी नहीं हुआ था।

सामने बैठे चित्रगुप्त बार–बार चश्मा पोंछ, बार–बार थूक से पृष्ट पलट, रजिस्टर पर रजिस्टर देख रहे थे। गलती पकड़ में आ ही नहीं रही थी। आखिर उन्होंने खीझकर रजिस्टर इतने ज़ोर से बंद किया कि मक्खी चपेट में आ गई। उसे निकालते हुए वे बोले – ''महाराज ! रिकार्ड सब ठीक है। भोलाराम के जीव ने पाँच दिन पहले देह त्यागी और यमदूत के साथ इस लोक के लिए रवाना भी हुआ, पर यहाँ अभी तक नहीं पहुँचा।''

धर्मराज ने पूछा – ''और वह दूत कहाँ है ?''

''महाराज, सब अपने–अपने कामों से लौट आए पर वह लापता है।'' – चित्रगुप्त हैरान–परेशान–से बोले।

©KTBS Not to be republished

इसी समय द्‌वार खुले और एक यमदूत बड़ा बदहवास वहाँ आया। उसे देखते ही चित्रगुप्त चिल्ला उठे – "अरे, तू कहाँ रहा इतने दिन? भोलाराम का जीव कहाँ है ?"



यमदूत हाथ जोड़कर बोला – "दयानिधान, मैं कैसे बतलाऊँ कि क्या हो गया। आज तक मैंने धोखा नहीं खाया था, पर भोलाराम का जीव मुझे चकमा दे गया। पाँच दिन पहले जब जीव ने भोलाराम की देह को त्यागा, तब मैंने उसे पकड़ा और इस लोक की यात्रा आरंभ की। नगर के बाहर ज्यों ही मैं उसे लेकर एक तीव्र वायु-तरंग पर सवार हुआ, त्यों ही वह मेरे चंगुल से छूटकर न जाने कहाँ गायब हो गया। इन पाँच दिनों में मैंने सारा ब्रह्‌मांड छान डाला, पर उसका कहीं पता नहीं चला।"

© KTBS Not to be republished

धर्मराज क्रोध से बोले – ''मूर्ख ! जीवों को लाते-लाते बूढ़ा हो गया, फिर भी एक मामूली बूढ़े आदमी के जीव ने तुझे चकमा दे दिया।''

दूत ने सिर झुकाकर कहा – ''महाराज, मेरी सावधानी में बिलकुल कसर नहीं थी। मेरे इन अभ्यस्त हाथों से, अच्छे-अच्छे वकील भी नहीं छूट सके। पर इस बार तो कोई इंद्रजाल ही हो गया।''

चित्रगुप्त ने कहा – ''महाराज! आजकल पृथ्वी पर इस प्रकार का व्यापार बहुत चला है। लोग दोस्तों को कुछ चीज़ भेजते हैं और उसे रास्ते में ही रेलवेवाले उड़ा लेते हैं। होज़री के पार्सलों के मोज़े रेलवे अफ़सर पहनते हैं। मालगाड़ी के डिब्बे-के-डिब्बे रास्ते में कट जाते हैं। एक बात और हो रही है। राजनैतिक दलों के नेता विरोधी नेता को उड़ा कर बंद कर देते हैं। कहीं भोलाराम के जीव को भी तो किसी विरोधी ने मरने के बाद खराबी करने के लिए नहीं उड़ा दिया।''

धर्मराज ने व्यंग्य से चित्रगुप्त की ओर देखते हुए कहा – ''तुम्हारी भी रिटायर होने की उम्र आ गई। भला भोलाराम जैसे नगण्य, दीन आदमी से किसी को क्या लेना-देना ?''

इसी समय कहीं से घूमते-घामते नारद मुनि वहाँ आ गए। धर्मराज को गुमसुम बैठे देख बोले-''क्यों धर्मराज, कैसे चिंतित बैठे हैं?''

धर्मराज ने कहा – ''भोलाराम नाम के एक आदमी की पाँच दिन पहले मृत्यु हुई। उसके जीव को यह दूत यहाँ ला रहा था, कि जीव इसे रास्ते में चकमा देकर भाग गया। इसने सारा ब्रह्मांड छान डाला, पर वह

©KTBS Not to be republished

कहीं नहीं मिला। अगर ऐसा होने लगा, तो पाप-पुण्य का भेद ही मिट जाएगा।''

नारद ने पूछा - ''उसपर इन्कमटैक्स तो बकाया नहीं था ? हो सकता है, उन लोगों ने रोक लिया हो!''

चित्रगुप्त ने कहा - ''इन्कम होती तो टैक्स होता। भुखमरा था।''

नारद बोले - ''मामला बड़ा दिलचस्प है। अच्छा, मुझे उसका नाम-पता तो बताओ। मैं पृथ्वी पर जाता हूँ।''

चित्रगुप्त ने रजिस्टर देखकर बताया - ''भोलाराम नाम था उसका। जबलपुर शहर के घमापुर मुहल्ले में नाले के किनारे एक डेढ़ कमरे के टूटे-फूटे मकान में वह परिवार समेत रहता था। उसकी एक स्त्री थी, दो लड़के और एक लड़की। उम्र लगभग साठ साल। सरकारी नौकरी से पाँच साल पहले रिटायर हो गया था। मकान का किराया न देने के कारण अब तक उसका परिवार निकाला जा चुका होगा। उसके परिवार की तलाश में भी आपको भटकना होगा।''

माँ-बेटी के सम्मिलित क्रंदन से ही नारद भोलाराम का मकान पहचान गए।

द्वार पर जाकर उन्होंने आवाज़ लगाई - ''नारायण ! नारायण!''

लड़की ने देखकर कहा - ''आगे जाओ महाराज !''

© KTBS Not to be republished



नारद ने कहा – ''मुझे भिक्षा नहीं चाहिए; मुझे भोलाराम के बारे में कुछ पूछताछ करनी है। अपनी माँ को ज़रा बाहर भेजो, बेटी!''

भोलाराम की पत्नी बाहर आई। नारद ने कहा – ''माता, भोलाराम को क्या बीमारी थी?''

''क्या बताऊँ, गरीबी की बीमारी थी! पाँच साल हो गए, पेंशन पर बैठे। पर पेंशन अभी तक नहीं मिली। इन पाँच सालों में सब गहने बेचकर हम लोग खा गए। फिर बरतन बिके। अब कुछ नहीं बचा था। फ़ाके होने लगे थे। चिंता में घुलते-घुलते और भूखे मरते-मरते उन्होंने दम तोड़ दिया।''

©KTBS Not to be republished

दुख की कथा सुनने की फुरसत नारद को थी नहीं। वे अपने मुद्दे पर आए – ''माँ, यह तो बताओ कि यहाँ किसीसे उनका विशेष प्रेम था, जिसमें उनका जी लगा हो?''

पत्नी बोली – ''लगाव तो महाराज, बाल–बच्चों से ही होता है।''

''नहीं, परिवार के बाहर भी हो सकता है। मेरा मतलब है, कोई स्त्री ........''

स्त्री ने गुर्राकर नारद की ओर देखा। बोली – ''हर कुछ मत बको महाराज! तुम साधु हो, उचक्के नहीं हो। ज़िंदगी भर उन्होंने किसी दूसरी स्त्री को आँख उठाकर नहीं देखा।''

नारद हँसकर बोले – ''हाँ, तुम्हारा यह सोचना ठीक ही है। यही हर अच्छी गृहस्थी का आधार है। अच्छा, माता मैं चला।''

इससे पहले कि नारद जी चलते स्त्री बोली – ''महाराज, आप तो साधु हैं, सिद्ध पुरुष हैं। कुछ ऐसा नहीं कर सकते कि उनकी रुकी हुई पेंशन मिल जाए।''

नारद को दया आ गई, बोले – ''मैं सरकारी दफ़्तर में जाऊँगा और कोशिश करूँगा।''

वहाँ से चलकर नारद सरकारी दफ़्तर में पहुँचे। वहाँ पहले ही कमरे में बैठे बाबू से उन्होंने भोलाराम के केस के बारे में बातें कीं। उस बाबू ने उन्हें ध्यानपूर्वक देखा और बोला – ''भोलाराम ने दरख्वास्तें तो भेजी थीं,

©KTBS Not to be republished

पर उनपर वज़न नहीं रखा था, इसलिए कहीं उड़ गई होंगी।''

नारद ने कहा – ''भई, ये बहुत–से 'पेपर–वेट' तो रखे हैं। इन्हें क्यों नहीं रख दिया?''

बाबू हँसा – ''आप साधु हैं, आपको दुनियादारी समझ में नहीं आती। दरख्वास्तें 'पेपर–वेट' से नहीं दबतीं। खैर, आप किनारे – किनारे जाइए और उस कमरे में बैठे बाबू से मिलिए।''

नारद उस बाबू के पास गए। उसने तीसरे के पास भेजा, तीसरे ने चौथे के पास, चौथे ने पाँचवें के पास। जब नारद पच्चीस–तीस बाबुओं और अफ़सरों के पास घूम आए, तब एक चपरासी ने कहा–''महाराज, आप क्यों इस झंझट में पड़ गए। आप अगर साल भर भी यहाँ चक्कर लगाते रहें, तो भी काम नहीं होगा। आप तो सीधे बड़े साहब से मिलिए। उन्हें खुश कर लिया, तो अभी काम हो जाएगा।''

नारद बड़े साहब के कमरे में पहुँचे। बाहर चपरासी ऊँघ रहा था, इसलिए उन्हें किसी ने छेड़ा नहीं। बिना 'विजिटिंग कार्ड' के आया देख, साहब बड़े नाराज़ हुए। बोले – ''इसे कोई मंदिर–वंदिर समझ लिया है क्या? धड़धड़ाते चले आए। चिट क्यों नहीं भेजी?''

नारद ने कहा – ''कैसे भेजता? चपरासी सो रहा है।''

''क्या काम है?'' – साहब ने रौब से पूछा।

नारद ने भोलाराम का पेंशन केस बतलाया।

©KTBS Not to be republished



साहब बोले – ''आप हैं वैरागी। दफ़्तरों के रीति–रिवाज़ नहीं जानते। असल में भोलाराम ने गलती की। भई, यह भी एक मंदिर है। यहाँ भी दान–पुण्य करना पड़ता है। भोलाराम की दरख्वास्तें उड़ रही हैं, उनपर आप वज़न रखिए। आप समझे नहीं। जैसे आपकी यह सुंदर वीणा है, इसका भी वज़न भोलाराम की दरख्वास्त पर रखा जा सकता है। मेरी लड़की गाना–बजाना सीखती है। यह मैं उसे दे दूँगा।''

नारद अपनी वीणा छिनते देख ज़रा घबराए, पर फिर सँभलकर उन्होंने वीणा टेबिल पर रखकर कहा – ''यह लीजिए। अब ज़रा जल्दी उसकी पेंशन का ऑर्डर निकाल दीजिए।''

साहब ने प्रसन्नता से उन्हें कुर्सी दी, वीणा को एक कोने में रखा और घंटी बजाई। चपरासी हाज़िर हुआ। साहब ने हुक्म दिया – ''बड़े बाबू से भोलाराम के केस की फ़ाइल लाओ।''

©KTBS Not to be republished

थोड़ी देर बाद चपरासी भोलाराम की सौ–डेढ़ सौ दरख्वास्तों से भरी फ़ाइल लेकर आया। उसमें पेंशन के कागज़ात भी थे। साहब ने फ़ाइल पर नाम देखा और निश्चित करने के लिए पूछा। ''क्या नाम बताया साधु जी आपने?''

नारद समझे कि साहब कुछ ऊँचा सुनता है, इसलिए ज़ोर से बोले – ''भोलाराम!''

सहसा फ़ाइल में से आवाज़ आई – ''कौन पुकार रहा है मुझे? पोस्टमैन है? क्या पेंशन का ऑर्डर आ गया?''

नारद चौंके। पर दूसरे ही क्षण बात समझ गए। बोले – ''भोलाराम! तुम क्या भोलाराम के जीव हो ?''

''हाँ !'' – आवाज़ आई।

नारद ने कहा – ''मैं नारद हूँ। मैं तुम्हें लेने आया हूँ। चलो, स्वर्ग में तुम्हारा इंतज़ार हो रहा है।''

आवाज़ आई – ''मुझे नहीं जाना। मैं तो पेंशन की दरख्वास्तों में अटका हूँ। यहीं मेरा मन लगा है। मैं अपनी दरख्वास्तें छोड़कर नहीं जा सकता।''

*****

©KTBS Not to be republished

**लेखक परिचय - हरिशंकर परसाई**

आधुनिक हास्य –व्यंग्य लेखकों में सर्वाधिक लोकप्रिय हरिशंकर परसाई का जन्म मध्यप्रदेश के जमानी गाँव में २२ अगस्त, १९२४ को हुआ। आपने नागपुर विश्वविद्यालय से उच्च उपाधि प्राप्त की और विभिन्न विद्यालयों में अध्यापन कार्य किया था। आपकी रचनाएँ हास्य और विनोद से भरपूर होते हुए भी आज की विषमताओं, सामाजिक और राजनैतिक विकृतियों पर सार्थक चोट करती हैं। तब की बात और थी, जैसे उनके दिन फिरे, हँसते हैं रोते हैं, रानी नागफनी की कहानी, तट की खोज, भूत के पाँव पीछे, बेईमानी की परत, सदाचार का तावीज आदि आपकी लोकप्रिय रचनाएँ हैं।

**शब्दार्थ :**

बदहवास – घबराया हुआ, परेशान; विकृत – विकारयुक्त, चकमा देना – धोखा देना, चंगुल – फंदा, ब्रह्मांड – सम्पूर्ण संसार, होज़री Hosairy, नगण्य – बहुत ही कम, तुच्छ; गुमसुम – चुपचाप, दिलचस्प – रोचक, क्रंदन – रोना, दरख्वास्त – प्रार्थना पत्र, दम तोड़ना – मर जाना, उचक्का – लुटेरा, दुनियादारी – लोकाचार, ऊँघना – सोना (नींद लेना), रौब – धाक, दबदबा; कुटिल – कपटी, छली।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

## I. मौखिक -

१) चित्रगुप्त क्यों परेशान था ?

२) भोलाराम कौन था ?

३) साहब ने पेंशन न मिलने का क्या कारण बताया ?

४) भोलाराम का जीव कहाँ पर मिला ?

## II. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

१) भोलाराम के जीव ने देह कब त्यागी ?

२) धर्मराज ने क्रोध में क्या कहा ?

३) भोलाराम की पत्नी से नारद ने क्या पूछा ?

४) स्त्री ने नारद से क्या कहा ?

५) चपरासी ने नारद से क्या कहा ?

६) 'भोलाराम की दरख्वास्तें उड़ रही हैं। उन पर आप वज़न रखिए।'' इस कथन से किस कुरीति का पता चलता है ?

## III. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा ?

१) ''अरे तू कहाँ रहा इतने दिन ? भोलाराम का जीव कहाँ है?''

२) ''क्यों धर्मराज, कैसे चिन्तित बैठे हैं ?''

३) ''इनकम होती तो टैक्स होता। भुखमरा था।''

४) ''क्या नाम बताया साधु जी आपने?''

©KTBS Not to be republished

## IV. कोष्ठक से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थान में लिखिए :

१) यमदूत हाथ .......... (जोड़कर/तोड़कर) बोला।

२) भोलाराम नाम के एक आदमी की पाँच दिन पहले .......... (मरण/मृत्यु) हुई।

३) ''माता, भोलाराम को क्या ........... (बीमार/बीमारी) थी?''

४) ''क्या पेंशन का आर्डर ........... (आ गया?/आ गई?)''

## V. निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानिए :

१) आदमी　२) जीव　३) दूत　४) मृत्यु

५) देह　६) यात्रा　७) नौकर　८) मकान

## VI. विलोम शब्दों के जोड़े बनाइए :

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| १) आधार | रात |
| २) पाप | निर्भय |
| ३) निर्धन | पुण्य |
| ४) बड़ा | धनवान |
| ५) भय | निराधार |
| ६) दिन | छोटा |

©KTBS Not to be republished

**VII. पाठ के आधार पर 'ज्योंही .......... त्योंही' का प्रयोग करते हुए तीन वाक्य लिखिए :**

जैसे : ''ज्योंही बादल गरजने लगे, त्योंही वर्षा होने लगी।''

## भाषा - बोध

1) कुछ शब्दों की रचना 'उपसर्ग' और 'प्रत्यय' दोनों के मेल से होती है। जैसे – अ + स्वभाव + इक = अस्वाभाविक। 'अस्वाभाविक' शब्द में 'अ' उपसर्ग तथा 'इक' प्रत्यय जुड़ा हुआ है। निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग तथा प्रत्ययों का प्रयोग करके शब्द रचना कीजिए :

शब्द – १) सफल २) करण ३) समझ

४) इज़्जत ५) गंध

उपसर्ग – अ अनु ना बे सु

प्रत्यय – ता ईय ई ई इत

2) **क्रिया शब्द छाँटकर लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| का | ट | खा | प |
| न | हा | ना | ढ़ |
| दौ | ड़ | च | ना |
| लि | ख | ला | या |

3) संज्ञाओं का क्रियाओं से सम्बन्ध रखने के लिए – ने, को, से, के लिए, का, के, की, में, पर, आदि का प्रयोग किया जाता है। इन्हें कारक चिह्न या परसर्ग कहते हैं। पाठ में से ऐसे दो वाक्य चुनकर लिखें, जिनमें दो से अधिक कारक चिह्नों (परसर्गों) का प्रयोग हुआ हो।

© KTBS Not to be republished

**योग्यता - विस्तार :**

* हरिशंकर परसाई की अन्य हास्य – व्यंग्य रचनाएँ पढ़िए।
* 'भ्रष्टाचार' सम्बन्धी अपने अनुभव की आपस में चर्चा कीजिए।
* 'भ्रष्टाचार एक ज्वलंत समस्या है' विषय पर एक लघु निबन्ध लिखिए।
* इस कहानी को नाटक के रूप में लिखकर, मंचन कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

## पाठ-१०

# नदी और साबुन

**- ज्ञानेंद्रपति**

**आशय : नदियों से हमें पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी मिलता था। लेकिन आज मानव के अनियंत्रित हस्तक्षेप के कारण पानी की स्वच्छता तथा सुलभता में अवश्य संकट आ गया है।**

नदी!
तू इतनी दुबली क्यों है
और मैली-कुचैली
तुम्हारे दुर्दिनों के दुर्जल में
किसने तुम्हारा नीर हरा
कलकल में कलुष भरा,
बाधों के जुठारने से तो
कभी दूषित नहीं हुआ तुम्हारा जल,
न कछुओं की दृढ़ पीठों से उलीचा जाकर भी कम हुआ,
हाथियों की जल-क्रीड़ाओं को भी तुम सहती रही सानंद,
आह! लेकिन
स्वार्थी कारखानों का तेज़ाब झेलते
बैंगनी हो गई तुम्हारी शुभ्र त्वचा,
हिमालय के होते भी तुम्हारे सिरहाने
हथेली-भर की एक साबुन की टिकिया से
हार गई तुम युद्ध।

© KTBS Not to be republished

**कवि परीचय :**

ज्ञानेंद्रपति समकालीन हिंदी कविता के अग्रणी कवि हैं। आपका जन्म १ जनवरी १९५० को झारखंड के पथरगामा में हुआ। आपने समकालीन हिंदी कविता को नया रूप प्रदान किया। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर आपने विशेष बल दिया है।

गंगातट, संशयात्मा, भिनसार, कवि ने कहा आदि उनकी बहुचर्चित रचनाएँ हैं। वे 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित हैं।

**शब्दार्थ :**

दुबली - पतली, मैली - गंदी, दूषित; मैली - कुचैली - अत्यंत मैली, नीर - जल, हरा - तरोताज़ा, कलकल - नदी के बहने की आवाज़, जुठारना - जूठा करके छोड़ना, कछुआ - कच्छप, कूर्म; उलीचना - जल भरे पात्र को हाथ से किसी पात्र या मशीन द्वारा खाली करना (जैसे नाव से पानी उलीचना), तेज़ाब - acid, विष।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. नदी का स्वरूप कैसा है?

२. आज नदी के दुर्दिन क्यों हैं?

३. नदी का पानी किसके बाद भी कम नहीं हुआ?

४. नदी किस बात को सानंद सहती रही?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. नदी किन-किन बातों के कारण दूषित और कम नहीं हुई?

२. नदी के पानी का रंग क्यों बैंगनी हो गया?

३. सिरहाने पर हिमालय के होते हुए भी नदी किससे युद्ध हार गयी?

©KTBS Not to be republished

**III.** **कविता में-नदी में कलुष भरने की और मैली-कुचैली होने की बात बतायी गयी है। आप सोचकर और कोई तीन ऐसी बातें लिखिए जिनसे नदी का पानी कलुषित हो जाता है:**

जैसे: कारखानों के तेज़ाब से

१. ........................................

२. ........................................

३. ........................................

**IV.** **नदी से कवि पूछ रहे हैं कि तू इतनी दुबली क्यों है? अब आप बताइए कि किस मौसम में प्रायः नदियाँ दुबली होती हैं और क्यों?**

**V.** **पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

१. नीर ........... ............

२. शुभ्र ........... ............

३. युद्ध ........... ............

**VI.** **भाव समझाइए :**

हिमालय के होते भी सिरहाने
हथेली-भर की एक साबुन की टिकिया से
हार गई तुम युद्ध।

**VII.** **गंदगी रूपी युद्ध जीतने के लिए नदी को किसका सहयोग चाहिए? - सोचकर तीन वाक्य लिखिए।**

**योग्यता-विस्तार :**

* भारत देश में बहनेवाली नदियों की सूची बनाइए और उनकी स्थितियों की चर्चा कक्षा में कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

## पाठ - ११

# भारतीय सितारा - कल्पना चावला

-संकलित

**आशय : कल्पना चावला हरियाणा के करनाल जिले की प्रतिभाशाली लड़की थी, जिसने अपनी मेहनत और दृढ़निश्चय से अपने सपनों को पूरा किया। वह भारत की महिला अंतरिक्ष यात्री बनी। कल्पना भारतीय युवाओं के लिए सदा प्रेरणास्त्रोत रहेंगी।**

कल्पना अक्सर अपने सहपाठियों से कहती थीं कि कुछ देर के लिए वास्तविकता को भूलकर सपनों की दुनिया में जाओ और ऊँचाइयों की ओर देखो। वह ऐसा सोचती ही नहीं, करती भी थीं। इसीलिए उन्होंने अपने जीवन की ऊँचाइयों को पाया। मृत्यु के बाद भी एक सितारे की तरह हमेशा आकाश में चमक रही है। कल्पना चावला का मन सदैव कल्पनाओं की ओर दौड़ता रहता था। बचपन में उनका मन और ध्यान करनाल में स्थित उड़ान क्लब की ओर लगा रहता था। उनके मन में उठने वाले प्रश्नों ने उन्हें अन्तरिक्ष उड़ान के लिए सदा प्रेरित किया।

कल्पना चावला का जन्म १ जुलाई सन् १९६१ में हरियाणा प्रदेश के जिला करनाल में हुआ था। उनके पिता का नाम बनारसी लाल चावला और माता का नाम संयोगिता है। कल्पना की दो बहनें सुनीता और दीपा तथा एक भाई संजय है। कल्पना प्रारम्भ से ही बुद्धिमान छात्रों में गिनी जाती थीं और अपने अध्यापकों की प्रिय छात्रा थीं। अपनी प्रतिभा और दृढ़निश्चयी प्रवृत्ति के कारण कल्पना कभी अपने पथ से नहीं डगमगाईं और उन्होंने अपना सपना पूरा किया।

Not to be republished ©KTBS




करनाल के टैगोर बाल निकेतन से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद कल्पना ने करनाल के डी.ए.वी. तथा दयालसिंह कॉलेज से एअरोनॉटिक इंजीनियरिंग की पदवी प्राप्त की, तत्पश्चात् उन्होंने मास्टर डिग्री प्राप्त करने के लिए अमेरिका के विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया। कल्पना का मानना था कि 'जब आप अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए जा रहे हों, तो यात्रा शुभकारी ही होती है।'

टेक्सास में कल्पना की मित्रता अपने उड़ान-प्रशिक्षक जॉन पियरे हैरिसन से हुई। धीरे-धीरे उनकी घनिष्ठता बढ़ती गई और १९८३ के दिसम्बर महीने में वे विवाह-सूत्र में बँध गए। सन् १९८४ में टेक्सास यूनिवर्सिटी से कल्पना ने एअरोस्पेस इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कोलोरेडो यूनिवर्सिटी से अंतरिक्ष इंजिनियरिंग में पी.एच.डी. की डिग्री प्राप्त की और कैलिफोर्निया के एम्स सेंटर में नासा (नेशनल एअरोनॉटिक्स एण्ड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) के साथ काम करना शुरू किया। उन्होंने ग्लाइडर पाइलट का लाइसेंस भी प्राप्त कर लिया था।

Not to be republished ©KTBS

नासा में कल्पना का मुख्य कार्य यह जाँचना था कि कंप्यूटर कोडों के अनुसार एअरक्राफ्ट ठीक से कार्य करता है या नहीं। उसकी हर गतिविधि पर नज़र रखना ताकि उड़ान के समय कोई परेशानी उत्पन्न न हो।

एक दिन कल्पना ने समाचार पत्र में विज्ञापन पढ़ा कि 'नासा' अन्तरिक्ष में जाने की इच्छा रखनेवाले वैज्ञानिकों की खोज कर रहा है, जिसके लिए आवेदन पत्र माँगे गए हैं। कल्पना को लगा मानों उसका वह सपना पूरा होनेवाला है जिसके लिए वह अपने परिवार और देश से इतनी दूर रह रही है। कल्पना ने अपना प्रार्थना पत्र भेज दिया। नासा ने कठिन परीक्षण के बाद हज़ारों लोगों में से जिन १९ व्यक्तियों का चुनाव किया, उनमें कल्पना भी एक थीं। कल्पना का सपना साकार हो गया।



ह्यूस्टन का जॉन्सन स्पेस सेन्टर अन्तरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण का प्रसिद्ध केन्द्र है। ६ मार्च १९९५ को कल्पना का यहाँ कठिन प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। अन्तरिक्ष की परिस्थितियों में मानव शरीर को काम करने योग्य बनाने के लिए यहाँ प्रशिक्षित किया जाता है। कठिन प्रशिक्षण के बाद अन्ततः कोलम्बिया यान में कल्पना की अंतरिक्ष यात्रा प्रारम्भ हुई। १९ नवम्बर १९९७ से लेकर ५ दिसम्बर १९९७ तक सोलह दिन, सोलह घंटे और बत्तीस मिनट की यात्रा निश्चित की गई। कल्पना चावला अपनी विशेष अंतरिक्ष पोशाक में अपने साथियों के साथ अंतरिक्ष की ओर उड़

©KTBS Not to be republished

चली। यात्रा में कल्पना का रोबो आर्म ऑपरेटर का कार्य चुनौतियों से भरा था। उन्हें कमाण्डर और पाइलट की मदद के लिए शटल प्रणाली में आई खराबी को ठीक करना और कक्षा में विभिन्न प्रयोग करना था। कल्पना ने अपने सभी कार्य भली-भाँति पूर्ण किए। ५ दिसम्बर को उनकी यह प्रथम अंतरिक्ष यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।



सन् १९९८ में उन्हें नासा द्वारा दोबारा अंतरिक्ष में भेजने का निमन्त्रण प्राप्त हुआ। उन्हें शटल यान के चालक दल का प्रतिनिधि घोषित किया गया और शटल के फ्लाइट क्रू के साजों-सामान का उत्तरदायित्व दिया गया। १६ जनवरी २००३ को कोलम्बिया यान में कल्पना की दूसरी अन्तरिक्ष यात्रा प्रारम्भ हुई। इस यान की यात्रा सफलतापूर्वक चली परंतु यात्रा समाप्ति से कुछ मिनट पूर्व १ फरवरी २००३ को शाम ७ बजकर २७ मिनट पर यान क्षतिग्रस्त हो धरती पर आ गिरा और सभी सात यात्री

©KTBS Not to be Republished

चिरनिद्रा में सो गए। सदा तारों की ओर देखनेवाली कल्पना भी अन्तरिक्ष में एक सितारा बन गई। एक ऐसा सितारा जिसकी चमक कभी कम न होगी और जो अपनी चमक से भारतीय युवाओं को सदा आकाश में उड़ने की प्रेरणा देता रहेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख के.कस्तूरीरंगन जी ने कहा – '' कल्पना ने एक पूरी पीढ़ी को प्रोत्साहित किया है, निश्चित ही यह सबसे बड़ी उपलब्धि है।''

*****

**शब्दार्थ :**

सहपाठी – साथ में पढ़ने वाला, प्रतिभा – बुद्धिमानी, घनिष्ठता – नज़दीकी, प्रशिक्षक – सिखाने वाले, शटल – अंतरिक्ष यान, गुरुत्वा-कर्षण – पृथ्वी की आकर्षण शक्ति, क्षतिग्रस्त – नष्ट होना, चिरनिद्रा में सो जाना – देहांत हो जाना।

**अभ्यास**

**I. मौखिक -**

१) कल्पना क्या सोचती और क्या कहती थीं ?

२) कल्पना का मन और ध्यान कहाँ लगा रहता था?

३) कल्पना के माता-पिता का नाम क्या है ?

४) कल्पना ने किस विषय में इंजीनियरिंग की पदवी प्राप्त की?

५) कल्पना ने किस अन्तरिक्ष यान में यात्रा की?

६) कल्पना की पहली यात्रा का समय कितना था?

७) कल्पना किसकी प्रेरणा देती हैं ?

Not to be republished ©KTBS

## II. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए :

१) कल्पना अपने सहपाठियों से क्या कहती थीं ?

२) कल्पना का जन्म कब और कहाँ हुआ?

३) कल्पना के माता–पिता का नाम क्या है ?

४) कल्पना का विवाह कब और किसके साथ हुआ ?

५) कैलिफ़ोर्निया में कल्पना ने कहाँ काम किया ?

६) कल्पना का चुनाव किस कार्य के लिए किया गया ?

७) अन्तरिक्ष में कल्पना का कार्य क्या था ?

८) कल्पना की दूसरी अंतरिक्ष यात्रा कब शुरू हुई ?

९) यात्रा–समाप्ति के समय क्या हुआ ?

१०) कस्तूरीरंगन जी ने कल्पना के बारे में क्या कहा है?

## III. चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१) कल्पना के परिवार का परिचय दीजिए।

२) कल्पना की शिक्षा का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

३) अन्तरिक्ष यात्रा के लिए कल्पना को कहाँ और कौन–सा प्रशिक्षण दिया गया ?

४) कल्पना की पहली अंतरिक्ष यात्रा के बारे में लिखिए।

५) कल्पना की दूसरी अंतरिक्ष यात्रा के अंत में क्या हुआ ?

## IV. आशय स्पष्ट कीजिए :

१) जब आप अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए जा रहे हों, तो यात्रा शुभकारी ही होती है।

©KTBS Not to be republished

२) सदा तारों की ओर देखनेवाली कल्पना भी अन्तरिक्ष में एक सितारा बन गई।

# भाषा - बोध

**ध्यान दीजिए :**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १) | गुरुत्व | + | आकर्षण | = | गुरुत्वाकर्षण |
| | अ | + | आ | = | आ |
| २) | उप | + | अध्यक्ष | = | उपाध्यक्ष |
| | अ | + | अ | = | आ |

यह दीर्घ संधि है। इस प्रकार दो सजातीय स्वरों के मिलने पर उसी जाति का दीर्घ स्वर बन जाता है।

**अ) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए :**

१) विद्यालय २) हिमालय ३) गिरीश

४) वधूत्सव ५) लघूर्मि

**आ) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए :**

१) विद्या + अर्थी २) पुस्तक + आलय

३) महा + ईश ४) भानु + उदय

**इ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

१) सहपाठी २) अंतरिक्ष ३) प्रतिभा

४) घनिष्ठ ५) उत्तरदायित्व

**ई) पाठ में आए हुए 'दल' तथा 'पूर्व' शब्दों के एक से अधिक अर्थ हैं:**

१) दल – समूह, पुष्प या पेड़ का एक पत्ता।

२) पूर्व – पहले, एक दिशा का नाम।

©KTBS Not to be republished

**उ) निम्नलिखित शब्दों के एक से अधिक अर्थ लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| १) कुल | २) उत्तर | ३) मत |
| ४) सोना | ५) पर | ६) कर |

**ऊ) ध्यान दीजिए - उदाहरण : साथ में पढ़नेवाला-सहपाठी इसी प्रकार निम्नलिखित शब्द-समूह के लिए एक शब्द लिखिए :**

१) जिसके माता-पिता न हों -

२) जो भगवान में विश्वास रखता है -

३) जिसकी पत्नी मर चुकी है -

४) जो सत्य में निष्ठा रखता है -

५) जिसे सब विषयों का ज्ञान है -

६) जिसके आर-पार देखा जा सके -

७) सप्ताह में एक बार होने वाला -

८) भारत में रहने वाला -

**ए) निम्नलिखित विशेषणों और विशेष्यों के सही जोड़े बनाइए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) | प्रतिभाशाली | - | सितारा |
| २) | तीसरी | - | कक्षा |
| ३) | चमकता | - | प्रशिक्षण |
| ४) | दसवीं | - | बेटी |
| ५) | प्रसिद्ध | - | कल्पना |
| ६) | कठिन | - | केन्द्र |

©KTBS Not to be republished

**त. कल्पना के जीवन की घटनाओं को सही घटना-क्रम में जोड़कर दोबारा लिखिए :**

१) पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से एअरोनॉटिक इंजीनियरिंग

२) नासा में प्रार्थना पत्र

३) १९ नवंबर १९९७ में अन्तरिक्ष यात्रा

४) टैगोर बाल निकेतन से दसवीं कक्षा

५) १ जुलाई १९६१ में जन्म

६) १ फरवरी २००३ को अन्तरिक्ष यान का क्षतिग्रस्त होना

७) अमेरिका में पढ़ाई

८) टेक्सास में जॉन पियरे से भेंट

९) जॉन्सन स्पेस सेंटर में कठिन प्रशिक्षण

१०) १९८३ के दिसंबर में विवाह

**रचना कार्य :**

अ) आप भी कल्पना चावला की तरह अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कीजिए और सोचकर लिखिए कि आप जीवन में क्या बनना चाहते हैं और उसके लिए आपको क्या करना होगा ?

आ) अपने विज्ञान के अध्यापक से गुरुत्वाकर्षण के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कीजिए और कल्पना कीजिए कि यदि पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण शक्ति न होती तो क्या होता ? इस विषय पर कक्षा में चर्चा कीजिए।

©KTBS Not to be republished

**योग्यता - विस्तार :**

* भारत के एक अन्य अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए।
* अन्तरिक्ष यात्रियों के चित्रों का संग्रह कीजिए और विद्यालय के सूचना पट्ट पर लगाइए।

*****

©KTBS Not to be republished


## पाठ - १२

# कित्तूर का किला

- संकलित

**आशय : कर्नाटक के प्रसिद्ध किलों में कित्तूर के ऐतिहासिक किले का परिचय इस निबंध में दिया गया है।**

भारत देश वीरों का देश है। यहाँ के वीरों ने देश की रक्षा में हँसते – हँसते प्राण दे दिए हैं। इन वीरों की कहानियाँ सुनकर तुम्हें गर्व होगा। महारानी लक्ष्मीबाई की वीरता की कहानी तो तुमने सुनी ही होगी। आओ, तुम्हें ऐसी ही एक और कहानी सुनाएँ। यह कहानी है रानी चेन्नम्मा की। चेन्नम्मा ने अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए अंग्रेज़ों से लोहा लिया था।



Not to be republished ©KTBS

चेन्नम्मा कित्तूर की रानी थी। कित्तूर के किले पर इसीका अधिकार था। यह किला हर दृष्टि से सुरक्षित था। कित्तूर अब पहले जैसा नहीं रह गया है। पहले यह राज्य था तीन सौ उनसठ गाँवों और बहत्तर किलों का। तब इसकी शोभा विचित्र थी।

खास कित्तूर में एक विशाल किला था। इसे कित्तूर का किला कहते हैं। लगभग डेढ़ सौ वर्ष पहले की बात है। देसाई वंश के मल्लसर्ज यहाँ के राजा थे। वे बड़े बहादुर थे। उनकी दो रानियाँ थीं। चेन्नम्मा छोटी रानी थी। बचपन में ही उसने तलवार चलाना, घोड़े की सवारी करना सीख लिया था। चेन्नम्मा की कोई संतान नहीं थी।

कित्तूर छोटा-सा गाँव होते हुए भी वहाँ के खंडहर रानी चेन्नम्मा और संगोल्ली रायण्णा जैसे वीरों के प्रत्यक्ष साक्षी हैं। किले की मिट्टी की दीवार सात फुट चौड़ी है। यह किला ऊँचाई पर रहने के कारण, मीलों दूर तक दिखाई देता है। किले की भव्यता का वर्णन करते हुए अंग्रेज़ इतिहासकारों ने लिखा है कि - ''यह एक असाधारण किला रहा होगा।'' किले की विशालता आज भी देखी जा सकती है। बाहरी प्रांगण लगभग सौ फुट लंबा है और तीस फुट चौड़ा है। छत में लकड़ी की कारीगरी देखते ही बनती है।

मल्लसर्ज की मृत्यु के बाद राज्य का भार चेन्नम्मा के कंधे पर आ गया। उस समय लार्ड़ हेस्टिंग्ज़ भारत का गवर्नर जनरल था। अंग्रेज़ों की नीति आप जानते ही हैं। भारत को वे लूटना चाहते थे। चेन्नम्मा दूरदर्शी महिला थी। वह जान गई कि किसी दिन अंग्रेज़ कित्तूर के किले पर हमला करेंगे।

© KTBS Not to be republished

इसलिए उसने किले की सुरक्षा का पूरा इन्तजाम कर लिया। लड़ने के लिए हथियार मँगा लिये, पर्याप्त भोजन–सामग्री इकट्ठी कर ली। इसलिए कि अगर दुश्मन किले को घेर लें तो काफी दिनों तक खाने की कमी न हो।

रानी ने एक बच्चे को गोद लेकर उत्तराधिकारी बना दिया। इसकी खबर तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर थैकरे के पास पहुँची। वह तो बहाना खोज ही रहा था। फिर क्या था! किले पर चढ़ आया। रानी के पास उसने एक पत्र भिजवाया–''मैं आपसे राज्य के मामले में कुछ बात करना चाहता हूँ।'' रानी ने कहलाया– ''मैं लड़ाई के मैदान में इसका उत्तर दूँगी।''



अंग्रेज़ों के लिए यह चुनौती थी। थैकरे बौखला उठा। रानी ने कित्तूर के किले का दरवाजा बन्द करा दिया। वह स्वयं तलवार लेकर किले

© NCERT not to be republished

के बुर्ज पर चढ़ गई और अपने सिपाहियों को लड़ने के लिए ललकारने लगी। उसकी बहादुरी के सामने दुश्मन थोड़ी देर के लिए लाचार हो गये।

अचानक एक उपाय उन्हें सूझा। उनके पास बड़ी-बड़ी तोपें थीं। उन्होंने तोप से किले का फाटक उड़ा दिया। उनकी सेना घुसने लगी। तभी रानी चेन्नम्मा पति की तलवार लेकर दरवाजे पर आ डटी। उसने भीषण मार-काट मचाई। अंग्रेज़ी दहल गए। उन्हें मुँह की खानी पड़ी। थैकरे मार डाला गया। अंग्रेज़ी सेना भाग खड़ी हुई। कित्तूर का किला रानी की विजय पर मुस्कुरा उठा।

लेकिन यह झगड़े का अंत नहीं था। किले की मुस्कुराहट आह में बदल गई। अपनी हार से अंग्रेज़ी अधिकारी तिलमिला उठे थे। थोड़े ही दिनों में भारी सेना लेकर वे फिर किले पर आ धमके। तलवारें चमक उठीं, तोपों से आग निकलने लगी, हज़ारों की संख्या में सैनिक घायल हुए।

किले में खाने का सामान खत्म हो गया। आखिर कब तक भीतर बन्द रहा जाता। रानी ने पुरुष का वेश धारण किया और दरवाजे पर आ डटी। घमासान लड़ाई हुई। इसी बीच रानी के कुछ साथियों ने गद्दारी की। उन्होंने किले का फाटक खोल दिया। अंग्रेज़ी सेना किले के अंदर घुस गई। रानी बन्दी बना ली गई।

किले में कीमती खजाना था। अंग्रेज़ों ने उसे लूट लिया। किले को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। इस प्रकार कित्तूर के किले की कहानी सबसे दर्दनाक है।

*****

Not to be republished ©KTBS

**शब्दार्थ :**

लोहा लेना – युद्ध करना, कंधे पर आना – जिम्मेदारी आना, हमला – आक्रमण, इन्तजाम – व्यवस्था, तैयारी; बहाना – कारण, मुँह की खाना – हार मानना, खज़ाना – कोष, बौखला उठना – गुस्से में आना।

## अभ्यास

**I. मौखिक -**

१) कित्तूर के किले की दीवार की चौड़ाई कितनी है ?

२) पहले कित्तूर का विस्तार कितना था ?

३) लार्ड हेस्टिंग्ज़ कौन था ?

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

१) कित्तूर की रानी कौन थी ?

२) कित्तूर पर किसका अधिकार था ?

३) राजा मल्लसर्ज किस वंश के थे ?

४) राजा मल्लसर्ज की कितनी रानियाँ थीं ?

५) चेन्नम्मा ने किससे लोहा लिया था ?

६) पहले कित्तूर का विस्तार कितना था ?

७) कित्तूर किले के बारे में अंग्रेजे इतिहासकारों ने क्या कहा है ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :**

१) कित्तूर के किले का वर्णन कीजिए।

२) चेन्नम्मा एक दूरदर्शी महिला थी, कैसे ?



©KTBS Not to be republished

३)  थैकरे ने कित्तूर पर आक्रमण क्यों किया, उसका परिणाम क्या हुआ ?

४)  रानी चेन्नम्मा ने कित्तूर की रक्षा किस प्रकार की ?

५)  कित्तूर के किले की कहानी दर्दनाक है, कैसे ?

**IV. किसने, किससे कहा ?**

१)  ''मैं आपसे राज्य के मामले में कुछ बात करना चाहता हूँ।''

२)  ''मैं लड़ाई के मैदान में इसका उत्तर दूँगी।''

**V. निम्नलिखित पंक्तियों को कहनेवाले प्रसिद्ध व्यक्तियों के नाम लिखिए :**

१)  ''तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा।''

२)  ''स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।''

३)  ''जन-गण मन अधिनायक जय हे।''

४)  ''सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्ताँ हमारा।''

५)  ''करो या मरो।''

## भाषा - बोध

**क) इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

१) इंतज़ाम  २) इकट्ठा  ३) हमला  ४) खोज  ५) गद्दारी

**ख) इन शब्दों के अन्य वचन रूप लिखिए :**

१) कहानी  २) किला  ३) रानी

४) कंधा  ५) तलवार  ६) बच्चा

©KTBS Not to be republished

**ग) इन शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| १) चढ़ना | २) विजय | ३) विशाल |
| ४) दुश्मन | ५) अंत | ६) उत्तर |

**घ) रेखांकित कारकों के नाम लिखिए :**

उदाहरण : बंदर पेड़ पर बैठा है। – अधिकरण कारक

१) लडकियाँ गेंद से खेल रही हैं।

२) सैनिक घोड़े पर सवार है।

३) राम का बस्ता कक्षा में रह गया।

४) बच्चों को खाना खिला दो।

५) राधा पूजा के लिए फूल ले जा रही है।

**योग्यता - विस्तार :**

* अपने अध्यापक से कर्नाटक के अन्य किलों के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए।
* कुछ किलों के चित्रों का संग्रह कर एक अलबम बनाइए।

*****

© KTBS Not to be republished

## पाठ - १३

# कसौटी

- अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

**आशय : मनुष्य को चाहिए कि वह अपने जीवन के हर क्षेत्र में ऐसा कार्य करें कि जीवन की कसौटी पर खरा उतरे। जीवन में रूप को महत्व न देकर गुणों को महत्व देना चाहिए।**

सॉंवला कोई हो तो क्या।
अगर हो ढंगों में ढाला।।
करेगा क्या गोरा मुखड़ा।
जो किसी का दिल हो काला ।।१।।

बड़ी हों या होवें छोटी।
भले ही रहें न रसवाली।।
चाहिए वे आँखें हमको।
प्यार की हो जिनमें लाली ।।२।।

भरा होवे उनमें जादू।
न रक्खें वे अपना सानी।।
क्या करें ऐसी आँखें ले।
गिर गया है जिनका पानी।।३।।

Not to be republished ©KTBS

न जिसमें दर्द मिला, ऐसे।
आँख में आँसू क्यों आये।।
हित महक जो न मिल सकी तो।
फूल क्या मुँह से झड़ पाये।।४।।

क्या करे लेकर के कोई।
किसी का रूप-रंग ऐसा।।
फूल-सा हो करके भी जो।
खटकता है काँटों जैसा।।५।।

आदमियत जो खो अपनी।
काम रखते मतलब से हैं।।
भले ही गोरे चिट्टे हों।
आबनूसी कुन्दे वे हैं।।६।।

न बिगड़े रंगत, रंगत से।
न मन हो तन पर मतवाला।।
भूल में हमको क्यों डाले।
किसी का मुख भोला-भाला।।७।।

रूप के हाथ न बिक जायें।
न सुख देवें लेकर दुखड़ा।।
काठ से अगर पड़ा पाला।
क्या करेगा सुडौल मुखड़ा।।८।।

*****

©KTBS Not to be republished

**कवि परिचय - अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (१८६५-१९४७)**

अयोध्यासिंह उपाध्याय जी का जन्म आजमगढ़, जिला निज़ामाबाद में हुआ। आप वहीं वर्नाक्युलर की परीक्षा पास करके मिडिल स्कूल के अध्यापक बने। उस पद को इस्तीफा देकर कुछ दिन बाद मदनमोहन मालवीय जी की प्रेरणा से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में हिंदी का अध्यापन प्रारंभ किया। प्रारंभ में आप ब्रजभाषा में कविता लिखते थे, बाद में खड़ीबोली में रचना की। आपका 'प्रियप्रवास' खड़ीबोली का श्रेष्ठ महाकाव्य है। इसके अलावा आपने 'रस-कलश', 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' 'अधखिला फूल' आदि कृतियों की रचना की है। आपके काव्य में वात्सल्य और श्रृंगार की प्रधानता है। आपने मुहावरों और अलंकारों का सुंदर प्रयोग किया है।

**शब्दार्थ :**

कसौटी - खरेपन का पता लगाना, साँवला - श्याम वर्ण, काला; ढाल - तलवार, भाला आदि का वार रोकने का साधन; मुखड़ा - मुख, चेहरा; लाली - सुर्खी, इज्ज़त; सानी - अपनी बराबरी का, महक - सुगंध, झड़ना - निकलना, खटकना - दुख देना, आदमियत - मनुष्यता, खोज - पता लगाना, आबनूसी कुंदा - काले रंग की लकड़ी, रंगत - रंग, वर्ण; भोला - सरल, अबोध; दुखड़ा - दुःख, काठ - लकड़ी, सुडौल - सुंदर।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. मौखिक -**

१) 'कसौटी' कविता के कवि कौन हैं ?

२) कसौटी का अर्थ क्या है ?

३) आँखों में कौन-सा भाव रहना ज़रूरी है ?

४) हमें किसके हाथ नहीं बिकना चाहिए ?

**II. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) साँवला होने पर भी क्या होना ज़रूरी है ?

२) आँखों में कैसा भाव रहना चाहिए ?

३) फूल-सा होकर भी किसके जैसे खटकता है ?

४) भोला-भाला मुख हमें किसमें डाल सकता है ?

**III. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए:**

१) आँखें सुन्दर होने पर भी कब बुरी लगती हैं ?

२) सुन्दर रूप-रंगवाला व्यक्ति भी कब बुरा लगता है ?

३) कौन आबनूसी कुन्दा लगता है ?

४) इस कविता का मुख्य भाव क्या है ?

**IV. निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए :**

क) बड़ी हों या होवें छोटी।<br>
भले ही रहें न रसवाली।।

© KTBS Not to be republished

चाहिए वे आँखें हमको।
प्यार की हो जिनमें लाली।।

ख) न बिगड़े रंगत, रंगत से।
न मन हो तन पर मतवाला।।
भूल में हमको क्यों डाले।
किसी का मुख भोला-भाला।।

ग) आदमियत जो खो अपनी
काम रखते मतलब से हैं।।
भले ही गोरे चिट्टे हों।
आबनूसी कुन्दे वे हैं।।

**V. निम्नलिखित पंक्तियों की पूर्ति कीजिए :**

क) साँवला ........................ ।
................................ ।।
................................ ।
........................ काला।।

ख) क्या करे ........................ ।
................................ ।।
................................ ।
........................ जैसा।।

©KTBS Not to be republished

**VI. जोड़कर लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) | भले ही रहें | अ) | जो खो अपनी |
| २) | भरा होवे | आ) | न बिक जायें |
| ३) | रूप के हाथ | इ) | उनमें जादू |
| ४) | आदमियत | ई) | न रसवाली |

**योग्यता - विस्तार**

* अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' जी की अन्य कविताएँ पढ़िए।
* 'संघर्षमय जीवन' के बारे में दस वाक्य लिखिए।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १४

# ईदगाह

**- प्रेमचंद**


**आशय : प्रेमचन्द की यह कहानी एक मनोविज्ञान की पृष्ठभूमि पर संवेदनात्मक रीति से लिखी गई है। गरीब होते हुए भी 'ईद' के त्योहार पर अपनी विवेकशीलता से 'हामिद' का अपनी दादी के लिए एक चिमटा खरीदना - कहानी का केन्द्र बिन्दु है ।**

©KTBS Not to be republished

रमज़ान के पूरे तीस रोज़ों के बाद आज ईद आई है। कितना मनोहर, कितना सुहावना प्रभात है! आज का सूर्य देखो, कितना प्यारा, कितना शीतल है! मानो संसार को ईद की बधाई दे रहा है। गाँव में कितनी हलचल है! ईदगाह जाने की तैयारियाँ हो रही हैं। किसी के कुर्ते में बटन नहीं हैं, पड़ोस के घर से सुई-धागा लेने दौड़ा जा रहा है। किसी के जूते कड़े हो गए हैं, उनमें तेल डालने के लिए तेली के घर भागा जा रहा है। जल्दी-जल्दी बैलों को सानी-पानी दे दें। ईदगाह से लौटते-लौटते दोपहर हो जाएगी। तीन कोस का पैदल रास्ता, फिर सैकड़ों आदमियों से मिलना-भेंटना। दोपहर से पहले लौटना असंभव है। लड़के सबसे ज़्यादा प्रसन्न हैं। किसी ने एक रोज़ा रखा है, वह भी दोपहर तक, किसी ने वह भी नहीं, लेकिन ईदगाह जाने की खुशी उनके हिस्से की चीज़ है। रोज़े बड़े-बूढ़ों के लिए होंगे। इनके लिए तो ईद है। रोज़ ईद का नाम रटते थे। आज

वह आ गई। अब जल्दी पड़ी है कि लोग ईदगाह क्यों नहीं चलते। उनकी अपनी जेबों में तो कुबेर का धन भरा हुआ है।

बार-बार जेब से अपना ख़ज़ाना निकालकर गिनते हैं और खुश होकर फिर रख लेते हैं। महमूद गिनता है, एक.... दो.... दस.... बारह। मोहसिन के पास एक... दो...तीन... आठ... नौ... पन्द्रह पैसे हैं। इन्हीं अनगिनत पैसों से अनगिनत चीज़ें लाएँगे - खिलौने, मिठाइयाँ, बिगुल, गेंद और जाने क्या-क्या। और सबसे ज़्यादा प्रसन्न है हामिद ! ग़रीब-सूरत, दुबला-पतला लड़का, जिसका बाप गत वर्ष हैज़े की भेंट हो गया। फिर एक दिन माँ भी पीली होकर मर गई। अब हामिद अपनी बूढ़ी दादी अमीना की गोद में सोता है और उतना ही प्रसन्न है।



©KTBS Not to be republished


हामिद के पाँव में जूते नहीं हैं, सिर पर एक पुरानी-धुरानी टोपी है जिसका गोटा काला पड़ गया है, फिर भी वह प्रसन्न है। अभागिन अमीना कोठरी में बैठी रो रही है। ईद का दिन और उसके घर में दाना नहीं। इस अंधकार और निराशा में वह डूबी जा रही है। किसने बुलाया था इस निगोड़ी ईद को ?

अमीना का दिल कचोट रहा है। गाँव के बच्चे अपने-अपने बाप के साथ जा रहे हैं। हामिद का अमीना के सिवाय और कौन है? उसे कैसे अकेले मेले में जाने दे ? उस भीड़-भाड़ में बच्चा कहीं खो गया तो क्या होगा ? नहीं, अमीना उसे यों न जाने देगी। नन्हीं-सी जान, तीन कोस चलेगा कैसे? पैरों में छाले पड़ जाएँगे। जूते भी तो नहीं हैं। कुल दो आने पैसे रहे हैं। तीन पैसे हामिद की जेब में, पाँच अमीना के बटुए में। यही तो बिसात है और ईद का त्योहार ? अल्लाह ही बेड़ा पार लगाए।

हामिद भीतर जाकर दादी से कहता है, ''तुम डरना नहीं अम्मा, मैं सबसे पहले आऊँगा।''

गाँव से मेला चला और बच्चों के साथ हामिद भी चला। कभी सब-के-सब दौड़ कर आगे निकल जाते। फिर किसी पेड़ के नीचे खड़े होकर साथियों का इन्तज़ार करते। हामिद के पैरों में तो जैसे पर लग गए हैं। वह कभी थक सकता है क्या ?


Not to be republished ©KTBS



बड़ी-बड़ी इमारतें आने लगीं। यह अदालत है, यह कॉलेज है, यह क्लब घर है। आगे चले। हलवाइयों की दुकानें शुरू हुईं। आज खूब सजी हुई थीं। इतनी मिठाइयाँ कौन खाता है? देखो न, एक-एक दुकान पर मनों होंगी।

सहसा ईदगाह नज़र आया। इमली के घने वृक्षों की छाया है। नीचे पक्का फ़र्श है, उस पर जाज़िम बिछी हुई है। रोज़ेदारों की पंक्तियाँ एक के पीछे एक न जाने कहाँ तक चली गई हैं। यहाँ कोई धन और पद नहीं देखता। इन ग्रामीणों ने भी वज़ू किया और पिछली पंक्ति में खड़े हो गए। कितना सुन्दर संचालन है, कितनी सुंदर व्यवस्था! हज़ारों सिर एक साथ सिजदे में झुक जाते हैं। फिर सब-के-सब एक साथ खड़े हो जाते हैं। मानो भ्रातृत्व का सूत्र इन समस्त आत्माओं को एक लड़ी में पिरोए हुए है।

©KTBS Not to be republished



नमाज़ हो गई। लोग आपस में गले मिल रहे हैं। अब मिठाइयों और खिलौनों की दुकानों पर धावा होता है। ग्रामीणों का यह दल इस विषय में बालकों से कम उत्साही नहीं है। यह देखो, हिण्डोला है। एक पैसा देकर चढ़ जाओ। कभी आसमान पर जाते हुए मालूम होंगे, कभी ज़मीन पर गिरते हुए। यह चरखी है। लकड़ी के हाथी, घोड़े और ऊँट छड़ों से लटके हुए हैं। एक पैसा देकर बैठ जाओ, पच्चीस चक्करों का मज़ा लो। महमूद, मोहसिन, नूरे और सम्मी इन घोड़ों और ऊँटों पर बैठते हैं। हामिद दूर खड़ा है। तीन पैसे ही तो उसके पास हैं। वह अपने कोष का एक-तिहाई ज़रा-सा चक्कर खाने के लिए नहीं दे सकता।

सब चरखियों से उतरते हैं। अब खिलौने लेंगे। इधर दुकानों की कतार लगी हुई है। तरह-तरह के खिलौने हैं - सिपाही और गुजरिया, राजा और वकील, भिश्ती और धोबिन। वाह ! लगता है सब बोल-ना ही चाहते हैं। महमूद सिपाही लेता है, खाकी वर्दी और लाल पगड़ी वाला, कंधे पर बंदूक रखे हुए। मालूम होता है अभी कवायद किए चला

©KTBS Not to be republished

आ रहा है। मोहसिन को भिश्ती पसन्द आया। कमर झुकी हुई, ऊपर मशक रखे हुए है। मशक का मुँह एक हाथ से पकड़े हुए है। कितना प्रसन्न है ! शायद कोई गीत गा रहा है। बस मशक से पानी उँड़ेलना ही चाहता है। नूरे को वकील से प्रेम है। काला चोगा, नीचे सफ़ेद अचकन, अचकन के सामने की जेब में घड़ी, सुनहरी जंज़ीर, एक हाथ में कानून का पोथा लिए हुए। मालूम होता है, अभी किसी अदालत से जिरह या बहस किए चले आ रहा है। ये सब दो-दो पैसों के खिलौने हैं। हामिद के पास कुल तीन पैसे हैं, इतने महँगे खिलौने कैसे ले? खिलौना कहीं हाथ से छूट पड़े, तो चूर-चूर हो जाए। ज़रा पानी पड़े तो सारा रंग धुल जाए। ऐसे खिलौने किस काम के? उन्हें लेकर वह क्या करेगा?

खिलौनों के बाद मिठाइयाँ आती हैं। किसी ने रेवड़ियाँ ली हैं, किसीने गुलाब जामुन, किसी ने सोहन हलवा। मज़े से खा रहे हैं। हामिद बिरादरी से अलग है। अभागे के पास तीन पैसे हैं। क्यों नहीं कुछ लेकर खाता ? ललचाई आँखों से सबकी ओर देखता है।

मिठाइयों के बाद कुछ दुकानें लोहे की चीज़ों की हैं, कुछ गिलट और कुछ नकली गहनों की। लड़कों के लिए यहाँ कोई आकर्षण नहीं है। वे सब आगे बढ़ जाते हैं। हामिद लोहे की दुकान पर रुक जाता है। कई चिमटे रखे हुए हैं। उसे खयाल आया, दादी के पास चिमटा नहीं है। तवे से रोटियाँ उतारती हैं तो हाथ जल जाता है। अगर वह चिमटा ले जाकर दादी को दे तो कितनी प्रसन्न होंगी। फिर उनकी उँगलियाँ कभी न जलेंगी। घर में एक काम की चीज़ हो जाएगी। खिलौनों से क्या फ़ायदा? व्यर्थ

©KTBS Not to be republished

में पैसे खराब होते हैं। ज़रा देर की खुशी होती है। फिर तो खिलौनों की ओर कोई आँख उठाकर भी नहीं देखता। या फिर घर पहुँचते-पहुँचते टूट-फूटकर बराबर हो जाएँगे। चिमटा कितने काम की चीज़ है ! रोटियाँ तवे से उतार लो, चूल्हे में सेंक लो। कोई आग माँगने आए तो झटपट चूल्हे से आग निकालकर उसे दे दो। अम्मा बेचारी को कहाँ फुरसत है कि बाज़ार जाए और इतने पैसे ही कहाँ मिलते हैं ? रोज़ हाथ जला लेती हैं।

हामिद के साथी आगे बढ़ गए हैं। सबील पर सब-के-सब शर्बत पी रहे हैं। देखो, सब कितने लालची हैं। इतनी मिठाइयाँ लीं, मुझे किसीने एक भी न दी। उस पर कहते हैं, मेरे साथ चलो। मेरा यह काम करो, मेरा वह काम करो। अब अगर किसी ने किसी काम को कहा, तो पूछूँगा। खाएँ मिठाइयाँ। आप मुँह सड़ेगा, फोड़े-फुंसियाँ निकलेंगी, आप ही ज़बान चटोरी हो जाएगी। तब घर से पैसे चुराएँगे और मार खाएँगे। किताब में झूठी बातें थोड़े ही लिखी हैं। मेरी ज़बान क्यों खराब होगी? अम्मा चिमटा देख, दौड़कर मेरे हाथ से ले लेंगी और कहेंगी - मेरा बच्चा, अम्मा के लिए चिमटा लाया है। हज़ारों दुआएँ देंगी। फिर पड़ोस की औरतों को दिखाएँगी। सारे गाँव में चर्चा होने लगेगी, हामिद चिमटा लाया है, कितना अच्छा लड़का है। इन लोगों के खिलौनों पर कौन इन्हें दुआएँ देगा? बड़ों की दुआएँ सीधे अल्लाह के दरबार में पहुँचती हैं और तुरन्त सुनी जाती हैं। मेरे पास पैसे नहीं तो क्या। मैं गरीब सही, किसी से कुछ माँगने तो नहीं जाता।

©KTBS Not to be republished



उसने दुकानदार से पूछा, ''यह चिमटा कितने का है ?''

''छह पैसे लगेंगे।''

हामिद का दिल बैठ गया। फिर भी बोला, ''ठीक-ठीक बताओ।''

''ठीक-ठीक पाँच पैसे लगेंगे। लेना हो तो लो, नहीं तो चलते बनो।''

हामिद ने कलेजा मज़बूत करके कहा, ''तीन पैसे लोगे?'' और कहकर वह आगे बढ़ गया कि दुकानदार की घुड़कियाँ न सुननी पड़ें। लेकिन दुकानदार ने घुड़कियाँ नहीं दीं। बुलाकर चिमटा दे दिया। हामिद ने उसे इस तरह कंधे पर रखा, मानो बंदूक है। फिर शान से अकड़ता हुआ साथियों के पास आया।

मोहसिन ने हँसकर कहा, ''यह चिमटा क्यों लाया बुद्धू? इसका क्या करेगा?''

©KTBS Not to be republished

हामिद ने चिमटे को ज़मीन पर पटक कर कहा, ''ज़रा अपना भिश्ती तो ज़मीन पर गिराओ। सारी पसलियाँ चूर-चूर हो जाएँ बच्चू की।''

महमूद बोला, ''तो यह चिमटा कोई खिलौना है ?''

हामिद, ''खिलौना क्यों नहीं है ? अभी कंधे पर रखा, बंदूक हो गई। हाथ में ले लिया, फ़कीरों का चिमटा हो गया। चाहूँ तो इससे मंजीरे का काम ले सकता हूँ। एक चिमटा जमा दूँ तो तुम लोगों के सारे खिलौनों की जान निकल जाए। तुम्हारे खिलौने कितना ही ज़ोर लगाएँ, मेरे चिमटे का बाल भी बाँका नहीं कर सकते। बहादुर शेर है - मेरा चिमटा।''

सम्मी ने खंजरी ली थी। प्रभावित होकर बोला, ''मेरी खंजरी से बदलोगे? दो आने की है।''

हामिद ने खंजरी की ओर उपेक्षा से देखा। बोला, ''मेरा चिमटा चाहे तो तुम्हारी खंजरी का पेट फाड़ डाले। बस, एक चमड़े की झिल्ली लगा दी, ढब-ढब बोलने लगी। ज़रा-सा पानी लग जाए तो ख़तम हो जाए। मेरा बहादुर चिमटा आग में, पानी में, आँधी में, तूफ़ान में बराबर डटा रहेगा।''

चिमटे ने सभी को मोहित कर लिया, लेकिन अब पैसे किसके पास धरे हैं। फिर मेले से दूर निकल आए हैं, धूप तेज़ हो रही है। घर पहुँचने की जल्दी है। हामिद है बड़ा चालाक। इसीलिए उसने अपने पैसे बचा रखे थे।

औरों ने तीन-तीन, चार-चार आने पैसे खर्च किए, पर कोई काम की चीज़ न ले सके। हामिद ने तीन पैसे में रंग जमा लिया। सच ही तो

©KTBS Not to be republished

है, खिलौनों का क्या भरोसा ? टूट-फूट जाएँगे। हामिद का चिमटा तो बना रहेगा बरसों।

मोहसिन ने कहा, ''ज़रा अपना चिमटा दो, हम भी देखें। तुम हमारा भिश्ती लेकर देखो।''

महमूद और नूरे ने भी अपने-अपने खिलौने पेश किए।

हामिद को इन शर्तों को मानने में कोई आपत्ति न थी। चिमटा बारी-बारी से सबके हाथ में गया और उनके खिलौने बारी-बारी से हामिद के हाथ में आए। कितने खूबसूरत खिलौने थे !

रास्ते में महमूद को भूख लगी। उसके बाप ने केले खाने को दिए। महमूद ने केवल हामिद को अपना साथी बनाया। उसके अन्य मित्र मुँह ताकते रह गए। यह उस चिमटे का प्रभाव था।

ग्यारह बजे सारे गाँव में हलचल मच गई। मेलेवाले लौट आए। मोहसिन की छोटी बहिन ने दौड़कर भिश्ती उसके हाथ से छीन लिया और मारे खुशी के उछली तो मियाँ भिश्ती नीचे आ रहे और सुरलोक सिधार गए।

मियाँ नूरे के वकील का अन्त इससे ज़्यादा गौरवमय हुआ। वकील ज़मीन पर या ताक पर तो बैठ नहीं सकते। उनकी मर्यादा का विचार तो करना ही होगा। दीवार में दो खूँटियाँ गाड़ी गईं। उन पर कागज़ का एक कालीन बिछाया गया। वकील साहब राजा भोज की भाँति सिंहासन पर बिराजे। अदालतों में खस की टट्टियाँ और बिजली के पंखे रहते हैं। क्या यहाँ मामूली पंखा भी न हो ? बाँस  का पंखा आया और नूरे हवा करने

©KTBS Not to be republished

लगा। मालूम नहीं, पंखे की हवा से या पंखे की चोट से वकील साहब स्वर्गलोक से मृत्युलोक में आ रहे और उनका माटी का चोला माटी में मिल गया। फिर बड़े ज़ोर-ज़ोर से मातम हुआ और वकील साहब की अस्थियाँ घूरे पर डाल दी गईं।

अब मियाँ हामिद का हाल सुनिए। अमीना उसकी आवाज़ सुनते ही दौड़ी और उसे गोद में उठाकर प्यार करने लगी। सहसा उसके हाथ में चिमटा देखकर वह चौंकी। बोली, ''यह चिमटा कहाँ से लाया?''

''मैंने मोल लिया है।''

''कै पैसे में ?''

''तीन पैसे दिए।''



©KTBS Not to be republished


अमीना ने छाती पीट ली। यह कैसा बेसमझ लड़का है कि दोपहर हुई, न कुछ खाया, न पिया। लाया क्या, चिमटा ! ''सारे मेले में तुझे और कोई चीज़ न मिली, जो यह लोहे का चिमटा उठा लाया।''

हामिद ने अपराधी भाव से कहा, ''तुम्हारी अँगुलियाँ तवे से जल जाती थीं, इसलिए मैंने चिमटा लिया।''

बुढ़िया का क्रोध तुरन्त स्नेह में बदल गया। बच्चे में कितना त्याग, कितना सद्‌भाव और कितना विवेक है! दूसरों को खिलौने लेते और मिठाई खाते देखकर इसका मन कितना ललचाया होगा। इतना ज़ब्त इससे हुआ कैसे? वहाँ भी इसे अपनी बुढ़िया दादी की याद बनी रही। अमीना का मन गद्‌गद् हो गया। वह रोने लगी। दामन फैलाकर हामिद को दुआएँ देती जाती थी और उसकी आँखों से आँसू की बड़ी-बड़ी बूँदें गिरती जाती थीं।

*****

**कहानीकार का परिचय - प्रेमचन्द**



प्रेमचन्द का जन्म एक में काशी से चार मील दूर लमही नामक गाँव में ३१ जुलाई १८८० को हुआ था। सात साल की अवस्था में उनकी माता का और चौदह वर्ष की अवस्था में पिता का देहांत हो गया। इससे उनके सिर पर कठिनाइयों का पहाड़ टूट पड़ा। ट्यूशन कर-करके उन्होंने मैट्रिक पास किया। नौकरी करते हुए उन्होंने स्नातक परीक्षा पास की। प्रेमचन्द ने गांधीजी से प्रेरणा ग्रहण कर अपने साहित्य में भारतीय ग्रामीण जीवन का सुंदर चित्रण किया

©KTBS Not to be republished

है। आपको 'उपन्यास-सम्राट' कहा जाता है। आपने सेवासदन, गबन, निर्मला, कर्मभूमि, गोदान आदि उपन्यास लिखे हैं। आपकी सम्पूर्ण कहानियों को 'मानसरोवर'शीर्षक से आठ भागों में संकलित किया गया है।

**शब्दार्थ :**

रमज़ान - इसलामी वर्ष का नौवाँ महीना, रोज़ा - उपवास, रमज़ान के महीने भर मुसलमान सूर्योदय से सूर्यास्त तक न कुछ खाते, न एक बूँद पानी पीते हैं; कुबेर - धन के देवता, निगोड़ी - अभागिन, निकम्मी; कोस - तीन कि.मी.से अधिक दूरी का एक नाप, वज़ू - नमाज़ से पहले हाथ-पाँव धोना, सिजदा - नमाज़ अदा करते समय ज़मीन पर माथा टेकना, समस्त - सभी, कोष - ख़जाना, कवायद - कदम - चाल, जिरह - सच्चाई जाँचने के लिए वकील द्वारा प्रश्न पूछना, बिरादरी - जाति, समाज, भाई-चारा, पृथक - अलग, सबील - वह स्थान जहाँ लोगों को पानी, शर्बत आदि पिलाया जाए, रेवडियाँ - तिल से बनी मिठाई, सुरलोक - स्वर्ग लोक, मातम - शोक, विवेक - भले-बुरे को जाँचने की शक्ति, ज़ब्त - काबू, रोक, नियंत्रण; दामन - आँचल।

## अभ्यास

**I. मौखिक -**

१) रोज़े कब रखे जाते हैं ?

२) हामिद के पाँव में क्या नहीं है ?

३) अमीना के बटुए में कितने पैसे थे ?

४) मोहसिन को क्या पसंद आया ?

५) सबील में क्या-क्या मिलता है ?

©KTBS Not to be republished

**II. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

१) रमज़ान में कितने रोज़े रखे जाते हैं ?

२) धन के देवता कौन हैं ?

३) ईद के दिन लोग कहाँ जाते हैं ?

४) हामिद की दादी का नाम क्या था ?

५) हामिद कैसा लड़का था ?

६) हामिद की जेब में कितने पैसे थे ?

७) सिजदे के समय कैसा भाव प्रकट होता है ?

८) हामिद ने क्या खरीदा ?

९) हामिद ने चिमटा कितने पैसे में खरीदा था ?

१०) अमीना गद्‌गद्‌ होकर हामिद को क्या देने लगी ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर तीन-चार वाक्यों में दीजिए :**

१) ईद के प्रभात का वर्णन पाठ के आधार पर कीजिए।

२) अमीना का दिल क्या सोचकर दुखी है ?

३) ईदगाह के दृश्य का वर्णन कीजिए।

४) हामिद के साथियों ने कौन-कौन से खिलौने खरीदे ?

५) हामिद ने क्या सोचकर चिमटा खरीदा ?

६) हामिद के गुणों के बारे में बताइए ।

**IV. निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे कहा ?**

१) ''मैं सबसे पहले आऊँगा।''

२) ''मेरी खंजरी से बदलोगे ? दो आने की है।''

©KTBS Not to be republished

३) “तुम हमारा भिश्ती लेकर देखो।”

४) “सारे मेले में तुझे और कोई चीज़ न मिली।”

**V. निम्नांकित शब्दों के हिंदी पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

१) रोज़ २) खुश ३) इंतज़ार ४) मज़ा

५) बिरादरी ६) रोज़ा ७) इमारत ८) कवायद

९) खज़ाना १०) ज़मीन

**VI. इन वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :**

१) इसलामी वर्ष का नौवाँ महीना - ...........

२) धन के देवता - ...........

३) नमाज़ से पहले हाथ-पाँव धोना - ...........

४) तीन कि.मी. से अधिक दूरी का एक नाप - ...........

५) सच्चाई जाँचने के लिए वकील द्वारा प्रश्न पूछना - ...........

६) भले-बुरे को जाँचने की शक्ति - ...........

७) नमाज़ के समय ज़मीन पर माथा टेकना - ...........

**VII. अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए :**

उदाहरण : वह ने काम किया - उसने काम किया।

१) मेरे को तुम्हारी सलाह नहीं चाहिए।

२) मैं आज विद्यालय नहीं जाना है।

Not to be republished ©KTBS

३) मैंने तुम्हारे को समझा दिया।

४) हमको घर जाना है।

**VIII. अन्य वचन रूप लिखिए :**

१) घर  २) हिस्से  ३) चीज़
४) खिलौना  ५) पंक्ति  ६) उंगली
७) दुआ  ८) रोटियाँ  ९) हाथ  १०) इमारत

**IX. विपरीतार्थक शब्द लिखिए :**

१) निराशा  २) ज्यादा  ३) मज़बूत
४) प्रसन्न  ५) डर  ६) प्यार
७) खुश  ८) विवेक  ९) सुन्दर  १०) निश्चय

**X. अन्य लिंग रूप लिखिए :**

१) लड़का  २) घोड़ा  ३) बूढ़ा  ४) बाप
५) ऊँट  ६) हाथी  ७) दादी

**XI. उदाहरण के अनुसार प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| सीखना | सिखाना | सिखवाना |
| पीना | ........... | ........... |
| सीना | ........... | ........... |
| सोना | सुलाना | सुलवाना |
| रोना | ........... | ............ |
| धोना | ........... | ............ |

©KTBS Not to be republished

**XII. उदाहरण के अनुसार बहुवचन बनाइए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| संधि | - संधियाँ | तितली | - तितलियाँ |
| जाति | - ................ | नदी | - ................ |
| ज्योति | - ................ | स्त्री | - ................ |
| ऋतु | - ऋतुएँ | वधू | - वधुएँ |
| धातु | - ................ | बहू | - ................ |

## भाषा - बोध

**1. मुहावरे -**

(क) कुबेर का खज़ाना – अत्यधिक धन।

(ख) दिल कचोटना – दुःखी होना।

(ग) पैरों में पर लगना – तेज़ दौड़ना।

(घ) आँख उठाकर देखना – ध्यान देना।

(च) हैज़े की भेंट होना – हैज़े की बीमारी से मरना।

(छ) दिल बैठ जाना – उत्साह ठंडा पड़ जाना।

(ज) बाल भी बाँका न करना – थोड़ी भी हानि न पहुँचाना।

(झ) रंग जमाना – प्रभावित करना।

**2. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

१) दिल कचोटना –

२) पैरों में पर लगना –

©KTBS Not to be republished

३) मुँह ताकते रह जाना –

४) दिल बैठ जाना –

५) बाल भी बाँका न होना –

**योग्यता - विस्तार**

* प्रेमचन्द इस कहानी के माध्यम से क्या कहना चाहते हैं ? उसे समझिए और उस पर विचार कीजिए।
* 'मानसरोवर' भाग – १ से प्रेमचंद की अन्य कहानियाँ पढ़िए और कक्षा में सुनाइए।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १५

# यक्षगान

- संकलित

**आशय : किसी स्थान विशेष में स्थानीय लोगों द्वारा विकसित कला लोककला कहलाती है। इस पाठ में कर्नाटक की लोककला, यक्षगान का परिचय दिया गया है। अपने प्रदेश की लोककलाओं का महत्व समझकर उन्हें बनाए रखना चाहिए।**

रवि के पिता ने जब उसे बताया कि इस बार दशहरे की छुट्टियों में हम दादाजी से मिलने उनके गाँव जा रहे हैं तो रवि खुशी से झूम उठा क्योंकि जब भी वह मुम्बई की भीड़भाड़ से दूर अपने दादा के पास कर्नाटक के छोटे-से गाँव जाता था, उसे बहुत अच्छा लगता था। जिस दिन वे लोग गाँव पहुँचे, वहाँ दशहरे का उत्सव चल रहा था और इसी सन्दर्भ में वहाँ रोज़ कुछ-न-कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहते थे। रवि ने दादाजी से पूछा कि आज शाम का कार्यक्रम क्या है तो उन्होंने बताया कि आज यक्षगान का प्रदर्शन होनेवाला है। रवि के पिता ने बताया कि 'तुम्हारे दादाजी भी यक्षगान के प्रसिद्ध कलाकार हैं।' यह सुनकर रवि दादाजी के पीछे पड़ गया कि उसे यक्षगान के बारे में बताएँ। यह सुनते ही दादाजी मानों सपनों में खो गए।

दादाजी बोले - 'कहाँ से शुरू करूँ, एक ज़माना था जब आज जैसी सुविधाएँ नहीं थीं, फिर भी हम कलाकारों में कला के प्रति जो निष्ठा और

Not to be republished ©KTBS

समर्पण की भावना थी और लोगों में कला के प्रति जो प्रेम और रुचि थी, उसी का परिणाम है कि यक्षगान कला आज भी जीवित है। रातभर यक्षगान चलता था और लोग अपनी नींद, भूख-प्यास, सब भुलाकर उसका आनंद उठाते थे। कलाकारों को तो और भी मेहनत करनी पड़ती थी क्योंकि उन्हें घण्टों पहले से ही तैयार होना पड़ता था। जानते हो, तुम मंच पर कलाकार को देखोगे तो पहचान भी नहीं पाओगे कि वह कौन है क्योंकि सभी कलाकार अपने चेहरे को



गहरे रंगों से सजा लेते हैं। पुराने ज़माने में तो पुरुष ही स्त्री का पात्र भी निभाते थे परन्तु कोई पहचान नहीं पाता था। रंग लगाने में ही उन्हें तीन-चार घण्टे लग जाते हैं। उनके वस्त्राभूषण भी बिल्कुल अलग होते हैं। सिर पर मुकुट, बाहों पर बृहत् बाजूबंद, वक्ष पर कवच, कमर में करधनी, पैरों में घुंघरू पहनते हैं। उनके कपड़े भी उन्हें सबसे विशिष्ट बनाते हैं, क्योंकि कपड़े पहनने से पहले वे अपने शरीर पर मोटे कपड़े की तह

(पैड) लगा लेते हैं जिसकी वजह से वे सामान्य लोगों से काफी मोटे दिखाई देते हैं। उनके कपड़े और आभूषण गहरे रंगों के और चमकीले होते हैं। उनमें रंगीन काँच, पत्थर, कागजों आदि का इस्तेमाल होता है, जिनसे प्रकाश–परावर्तन होता है, जिसकी वजह से चमक–दमक काफी बढ़ जाती है। सचमुच उसकी सुन्दरता बहुत आकर्षित करती है, कहते–कहते लगा मानो दादाजी उन दृश्यों को अपने सामने देख रहे हों। यह सुनकर रवि के मन में यक्षगान देखने की इच्छा और भी बढ़ गई।

रवि यक्षगान के बारे में और भी जानकारी पाना चाहता था जिससे वह मुम्बई जाकर अपने दोस्तों को भी उसके बारे में बता सके। उसने दादाजी से पूछा–दादाजी यक्षगान सिर्फ हमारे गाँव में होता है या कहीं और भी? सुनते ही दादाजी बोले – 'अरे नहीं बेटा, आजकल तो विदेशों में भी यक्षगान मंडलियाँ हैं और काफी लोकप्रिय और प्रसिद्‌ध हैं। कैनेडा, यू.एस.ए, कैलिफोर्निया आदि जगहों पर भी यक्षगान का प्रदर्शन किया जा रहा है। वैसे तो पूरे भारत के लोग इस कला से परिचित हैं परन्तु विशेष रूप से कर्नाटक में उडुपि, उत्तर–कन्नड, दक्षिण–कन्नड, शिमोगा आदि में, केरल के कासरगोड जिले में, आंध्रप्रदेश में और हमारी राजधानी बेंगलूरु में यह काफी लोकप्रिय है। इतना ही क्यों कुछ दूसरी लोककलाएँ भी इससे मिलती–जुलती हैं, जैसे दक्षिण–कर्नाटक की 'मूडलपाया', उत्तर कर्नाटक की दोड्डाटा, चामराजनगर जिले का 'घट्टदकोरे' और आंध्रप्रदेश का 'केलिके'। यक्षगान के वैसे दो प्रसिद्ध प्रकार मानते हैं – 'बडगुतिट्टु' और 'तेंकुतिट्टु'।



रवि ने दादाजी को बीच में रोकते हुए पूछा –'दादाजी पहले मुझे यह तो बताइए कि कलाकार मंच पर करते क्या हैं ? उनका प्रदर्शन कैसा होता है?' दादाजी बोले –'बताता हूँ बेटा। यक्षगान प्रसंग में ज्यादातर हिन्दू पौराणिक कथाओं के प्रसंगों को लिया जाता है और उन्हें यक्षगान के संगीत के राग–ताल में संजोकर प्रस्तुत किया जाता है। यक्षगान का संगीत काफी प्राचीन माना जाता है। पार्श्वसंगीत की व्यवस्था होती है। सूत्रधार गाकर या संवाद रूप में बोलकर, कथा और पात्रों का परिचय देता है। तेज वाद्य चंडे बजता है, हारमोनियम पर धुन बजाई जाती है, कलाकार भी पंचधातु से बनी छोटी घंटियाँ या 'ताला' हाथ में लेकर बजाते हैं। हम सब अपनी अंगुलियों की नाप की घंटियाँ बनाकर अपने पास रखते

थे। इस प्रकार संगीत, नृत्य और रोचक कथाओं से जो माहौल बनता है, उससे देखनेवाला अपने आपको पूरी तरह भूल जाता है और रात कब बीत जाती है पता भी नहीं चलता। कलाकार भावों का प्रदर्शन ऐसे करते हैं कि दर्शक भी उत्तेजित होकर भावुक हो जाते हैं।'



रवि ने पूछा – 'दादाजी क्या अब भी आप अभिनय करते हैं?' दादाजी बोले–'नहीं बेटा, अब मुझमें इतनी ताकत कहाँ? और हाँ यक्षगान समय के साथ थोड़ा बदला भी है। उसमें अब पौराणिक कथाओं के साथ नई कथाओं का भी समावेश हुआ है। वस्त्राभूषण में भी थोड़े परिवर्तन हुए हैं। पर इन आधुनिकताओं के साथ यक्षगान ने हमारी संस्कृति को बचाकर भी रखा है। आशा है भविष्य में भी यह कला हमारी संस्कृति की धरोहर को सँभालकर रखेगी।'

*****

© KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

निष्ठा - आस्था, भक्ति; समर्पण - त्याग, बृहत् - बड़ा, बाजुबंद – बाँह पर पहना जाने वाला आभूषण, प्रकाश–परावर्तन – प्रकाश किरणों का किसी सतह से टकराकर लौटना, पौराणिक – पुराण से सम्बंधित, पार्श्वसंगीत–पीछे से बजाया जाने वाला संगीत, सूत्रधार–नाटक की व्यवस्था करने तथा कथा और पात्रों का परिचय देनेवाला, पंचधातु – पाँच धातुओं को मिलाकर बनाई गई धातु, समावेश करना – मिलाना, धरोहर–संपत्ति।

**अभ्यास**

**I. मौखिक -**

१) रवि छुट्टियों में कहाँ जाने वाला था ?

२) रवि कहाँ रहता था ?

३) गाँव में किसका उत्सव चल रहा था ?

४) किस कला का प्रदर्शन होनेवाला था ?

५) यक्षगान का प्रदर्शन किस समय किया जाता है ?

६) मंच पर जाते समय कलाकार चेहरे पर क्या लगाते हैं ?

७) कलाकारों के वस्त्राभूषण कैसे होते हैं ?

८) यक्षगान के दो प्रमुख प्रकार कौन–से हैं ?

९) यक्षगान की कथा कहाँ से ली जाती है ?

१०) यक्षगान कला क्या सँभाल कर रखेगी ?

©KTBS Not to be republished

## II. लिखित -

### अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :

१) दादाजी के गाँव में क्या चल रहा था ?

२) कलाकारों के मन में यक्षगान के प्रति कैसी भावना थी ?

३) लोग यक्षगान का आनंद कैसे उठाते थे ?

४) कलाकारों के वस्त्राभूषणों की चमक कैसे बढ़ जाती थी ?

५) यक्षगान के दो प्रमुख प्रकार कौन-से हैं ?

६) सूत्रधार क्या करता है ?

७) दर्शक क्यों भावुक हो जाते हैं ?

८) आधुनिक काल में यक्षगान में क्या परिवर्तन हुए हैं ?

### आ) चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१) यक्षगान कला के आज भी जीवित होने का कारण क्या है ?

२) यक्षगान कलाकारों के वस्त्राभूषणों का परिचय दीजिए।

३) यक्षगान कला कहाँ-कहाँ प्रचलित है ?

४) यक्षगान के संगीत और वाद्ययंत्रों का परिचय दीजिए।

### इ) निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

१) निष्ठा २) प्रदर्शन ३) विशिष्ट ४) लोकप्रिय

५) पौराणिक ६) संस्कृति ७) धरोहर

©KTBS Not to be republished

## III. भाषा-बोध

**1) ध्यान दीजिए : सांस्कृतिक = संस्कृति + इक**

संस्कृति शब्द में 'इक' प्रत्यय जोड़कर 'सांस्कृतिक' – विशेषण शब्द का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाइए :

१) इतिहास   २) नीति   ३) वेद   ४) समाज   ५) भूगोल

**2) उदाहरण के अनुसार शब्द निर्माण कीजिए :**

उदाहरण - देश - स्वदेश, देशभक्ति

१) दर्शन   २) दिन   ३) शास्त्र   ४) रंग

**3) उचित सर्वनाम चुनकर रिक्त स्थान भरिए :**

(उससे, तुम, मेरे, हम, कुछ)

मैं शीला से बात कर रही थी। मैंने ........ कहा ........ भी ........ साथ बाज़ार चलो। दोनों मिलकर ......... साड़ियाँ खरीदेंगे। ........ भी अपनी माँ के लिए कुछ साड़ियाँ खरीद लेना।

**4) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :**

१) दशहरे का उत्सव चल रही थी।

२) पुरुष ही स्त्री का पात्र निभाती थी।

३) संगीत की प्रस्तुति होता है।

४) माँ अच्छा खाना पकाते हैं।

५) लड़के मैदान का चक्कर लगा रही थीं।

©KTBS Not to be republished

**5) सही जोड़े बनाइए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) | सांस्कृतिक | – | केलिके |
| २) | पौराणिक | – | लोककला |
| ३) | यक्षगान | – | कार्यक्रम |
| ४) | चामराजनगर | – | कथा |
| ५) | आन्ध्रप्रदेश | – | घट्टदकोरे |

**6) यह भी जानिए :**

भाव या अर्थ की दृष्टि से वाक्य के निम्नलिखित प्रकार होते हैं –

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) | विधानार्थक | – | रमेश घर जाता है। |
| २) | निषेधार्थक | – | वह गाना नहीं गाता। |
| ३) | प्रश्नार्थक | – | तुम कहाँ जा रहे हो ? |
| ४) | आज्ञार्थक | – | रमा तुम बैठ जाओ। |
| ५) | इच्छासूचक | – | भगवान तुम्हारा भला करे। |
| ६) | संदेहार्थक | – | शायद वह सो गया होगा। |
| ७) | विस्मयार्थक | – | अरे ! तुम आ गए। |
| ८) | संकेतवाचक | – | यदि बारिश होती तो मौसम ठंडा हो जाता। |

**योग्यता - विस्तार :**

* यक्षगान के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कीजिए। इससे सम्बंधित चित्रों का संकलन करके अपने विद्यालय के सूचना पट्ट पर लगाइए।
* भारत की अन्य लोककलाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए और कक्षा में चर्चा कीजिए ।

*****

©KTBS Not to be republished

# पूरक वाचन

## दिशा ज्ञान

**- प्रशांत नदीश**

जैसे-जैसे आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा के दिन निकट आते जा रहे थे, आलोक की घबराहट बढ़ती जा रही थी। ऐसा नहीं कि वह नालायक था और पूरे साल पढ़ा नहीं था। ले-देकर द्वितीय श्रेणी में तो पास हो ही जाता था। मतलब यह कि वह एक सामान्य विद्यार्थी था, जो न तो पढ़ाई में बहुत लीन रहता था और न ही पढ़ाई की उपेक्षा करता था। मगर यह उसकी बहुत बड़ी कमज़ोरी थी कि परीक्षा के नाम से ही उसके हाथ-पाँव फूल जाते थे।

इस बार भी यही हुआ। जैसे ही उसे पता लगा कि परिक्षा में सिर्फ दस दिन रह गए हैं, उसकी भूख-प्यास गुम हो गई। घबराहट के मारे उसकी तैयारी भी ठीक से नहीं हो पा रही थी। एक अध्याय पढ़ कर वह अगला अध्याय पढ़ना शुरू करता तो उसे लगता कि वह पिछला अध्याय भूल गया है।

''इस बार तो मैं ज़रूर फेल हो जाऊँगा'' उसने मन में सोचा। तभी बाहर स्कूटर रुकने की आवाज़ सुनाई दी। यह समझ गया कि पिताजी ऑफिस से लौट आए हैं।

''कैसी तैयारी चल रही है, आलोक?'' पिताजी ने उसके कमरे में आकर पूछा।

Not to be republished ©KTBS

आलोक रुआँसा सा हो गया, ''क्या बताऊँ डैडी, इस बार तो मेरी तैयारी बिल्कुल भी नहीं हो पा रही है। बार-बार लगता है कि पिछला याद किया सब कुछ भूल गया हूँ और उसे फिर दोहराना पड़ता है। इस चक्कर में मेरा कोर्स बहुत कम हो पाया है और अब सात ही दिन रह गए हैं। इस बार तो मैं ज़रूर ही फेल हो जाऊँगा।'' और वह लगभग रोने को हो गया।

पिताजी ने स्नेह से उसके सिर पर हाथ फेरा, ''नहीं बेटे, तुम नाहक घबराते हो। अच्छा मैं देखूँ तुम्हें कितना याद है।'' कहकर उन्होंने उसकी इतिहास की किताब उठाई और उससे चार-पाँच प्रश्न पूछे। रुक-रुक कर ही सही पर उसने सबके सही जवाब दे दिए।

''वाह! तुम्हें तो सब याद है। फिर तुम यह क्यूँ समझते हो कि तुम्हें कुछ याद नहीं? असल में तुम परीक्षाओं से बहुत घबराए हुए हो। देखो, घबराने से तो काम बननेवाला नहीं। यह बात ध्यान में रखो कि अगर तुम घबराओगे नहीं, तभी संतुलित मन से पढ़ सकोगे।'' और पिताजी कमरे से बाहर निकल गए।

''डैडी ठीक कहते हैं।'' आलोक ने सोचा, ''अब मैं बिना घबराए पढ़ूँगा।'' किन्तु थोड़ी ही देर में परीक्षा की याद आते ही उसकी घबराहट फिर बढ़ गई।

पिताजी भी जानते थे कि केवल उपदेश दे देने से आलोक की घबराहट दूर होनेवाली नहीं। वह गम्भीरता से सोचने लगे कि आलोक की घबराहट दूर कैसे की जाए।

©KTBS Not to be republished

तब तक शाम की चाय का समय हो गया था, इसलिए उन्होंने आलोक को भी बुला लिया। चाय पीते-पीते पिताजी ने आलोक से कहा, ''अच्छा आलोक, मैं तुम्हें बहुत पहले का एक सच्चा किस्सा सुनाता हूँ:

एक लड़का था। तब वह तुमसे थोड़ा सा ही बड़ा रहा होगा यानि कि कोई चौदह साल का, तो एक दुर्घटना में उसके पिताजी गुज़र गए। घर में बीमार माँ थी और दो छोटे भाई थे। उनकी कठिनाई देखकर रिश्तेदारों ने भी मुँह मोड़ लिया। पूरे घर को सम्भालने की जिम्मेदारी उस छोटे से बच्चे पर आ गई। पर उस लड़के ने हिम्मत न हारी। वह उस समय नौवीं कक्षा में पढ़ रहा था, किन्तु उसने पढ़ाई छोड़ दी। पिताजी के कोई एक-डेढ़ हज़ार रुपये बचे थे। उस समय इतने रुपये बहुत होते थे। उन रुपयों से उस हिम्मती लड़के ने किताबों की छोटी सी दुकान खोली। उफ़.... मैं तुम्हें बता नहीं सकता क्या-क्या दुःख झेले उस लड़के ने। अखबार बाँटना, दुकान चलाना, घर चलाना, माँ का इलाज कराना, छोटे भाईयों को पढ़ाना आदि न जाने कितने काम बेचारे को उस छोटी सी उम्र में करने पड़े। किंतु उस लड़के ने हिम्मत न हारी। शुरू-शुरू में उसे दुकान चलाने में घाटा हुआ - अनुभव जो नहीं था, किंतु धीरे-धीरे अपनी मेहनत, लगन और ईमानदारी के बल पर उसने दुकान अच्छी तरह जमा ली। खुद ज़िन्दगी भर नहीं पढ़ पाया किन्तु, छोटे भाईयों को पढ़ा-लिखा कर लायक बनाया।'' भावावेश में पिताजी बोलते चले गए। फिर थोड़ा रुक कर गहरी साँस लेकर बोले, ''और जानते हो वह लड़का कौन था?''

©KTBS Not to be republished

आलोक चुप। पिताजी ने ही उत्तर दिया, ''वे तुम्हारे सबसे बड़े ताऊजी जो तुम्हारे आने से पहले गुज़र गए।'' पिताजी थोड़ा रुके, ''अच्छा आलोक, एक बात बताओ। अगर तुम बड़े भाई साहब की जगह होते तो अपनी जिम्मेदारी से बचना चाहते या वही करते जो दादाजी ने किया था।''

''अवश्य वही करता जो बड़े ताऊजी ने किया था।''

पिताजी का चेहरा कठोर हो गया। ''नहीं। तुम वैसा कभी नहीं करते,'' थोड़ा गुस्से से पिताजी बोले, ''तुम जानते हो उस समय बड़े भाई साहब के लिए कितनी बड़ी परीक्षा की घड़ी थी। और तुम जो इन साधारण सी परीक्षाओं से घबराते हो, उस परीक्षा का सामना कैसे कर पाते?''

आलोक सन्न रह गया। पिताजी थोड़ा नरम पड़े, ''देखो आलोक परीक्षा सिर्फ पढ़ाई में ही नहीं होती बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में होती है। परीक्षा से तुम कभी बच नहीं सकते। हर परीक्षा में इन्सान की परख होती है। परीक्षा का हिम्मत से सामना करनेवाले ही परीक्षा में खरे उतर पाते हैं, परीक्षा से घबरानेवाले नहीं।''

आलोक थोड़ी देर चुप रहा। शायद पिताजी की बातों का अर्थ समझने की कोशिश कर रहा था। फिर थोड़ा सा मुस्कुराकर बोला, ''और डैडी, हिम्मत के साथ तैयारी भी तो होनी चाहिए।''

©KTBS Not to be republished

पिताजी भी हँस पड़े, ''हाँ वो तो ठीक है। यह बताओ, तुम मेरी बात समझ गए?''

''बिल्कुल समझ गया, डैडी।'' खड़े होते हुए मुस्कुराकर आलोक बोला , ''विश्वास रखिए अब मैं बिना घबारहट के पढ़ाई करूँगा।'' आत्मविश्वासपूर्ण शब्दों में उसने कहा।

और स्वयं उसके आश्चर्य के लिए उस बार वह प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ।

*****

**इन प्रश्नों का उत्तर लिखिए :**

१) आलोक क्यों घबराया हुआ था?

२) घबराहट के मारे आलोक की तैयारी कैसे चल रही थी?

३) आलोक के पिताजी ने कौन-सी कहानी सुनाई?

४) कहानी कहने के बाद पिताजी ने आलोक से क्या पूछा?

५) इस कहानी का संदेश क्या है?

६) आलोक ने आत्मविश्वास के साथ क्या कहा?

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १६

# वीर

- रामधारी सिंह 'दिनकर'

**आशय: जो वीर होते हैं, वे किसी भी परिस्थिति में विचलित नहीं होते हैं। हमें कभी भी धीरज न खोकर विपत्तियों का सामना करना चाहिए।**



सच है, विपत्ति जब आती है,
कायर को ही दहलाती है,
सूरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते,

विघ्नों को गले लगाते हैं,
काँटों में राह बनाते हैं।

मुँह से न कभी उफ् कहते हैं,
संकट का चरण न गहते हैं,
जो आ पड़ता सब सहते हैं
उद्योग-निरत नित रहते हैं,

शूलों का मूल नसाते हैं,
बढ़ खुद विपत्ति पर छाते हैं।

©KTBS Not to be republished

है कौन विघ्न ऐसा जग में,
टिक सके आदमी के मग में?
खम ठोंक ठेलता है जब नर,
पर्वत के जाते पाँव उखड़,

मानव जब ज़ोर लगाता है,
पत्थर पानी बन जाता है।

गुण बड़े एक से एक प्रखर
हैं छिपे मानवों के भीतर,
मेहंदी में जैसे लाली हो,
वर्तिका-बीच उजियाली हो,

बत्ती जो नहीं जलाता है,
रोशनी नहीं वह पाता है।

*****

**कवि परिचय - रामधारी सिंह 'दिनकर'**



रामधारी सिंह 'दिनकर' जी का जन्म सन् १९०८ में मुंगेर जिले में स्थित सिमरिया गाँव में हुआ। वे अध्यापक, रजिस्ट्रार, कुलपति, संसद सदस्य आदि पदों पर विराजमान रहे। इनकी कृतियों में देशभक्ति, मानवता, वीरता आदि भावनाएँ कूट-कूटकर भरी हुई हैं।

©KTBS Not to be republished

इनकी रचनाएँ हैं – कुरुक्षेत्र, उर्वशी, रेणुका, हुँकार, नीम के पत्ते, रसवंती, सूरज का ब्याह, सीपी और शंख, नीलकुसुम आदि। ''उर्वशी'' के लिए उनको ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त है।

**शब्दार्थ :**

विपत्ति – संकट, मुसीबत ; कायर – डरपोक, दहलाना – डराना, सूरमा – बहादुर, विचलित – निश्चय से हटना, उफ् – थकावट को प्रकट करने का संकेत, गहते – पकड़ते, चरण– कदम, नित – रोज़, शूल – काँटा, नसाते – नष्ट करते, छाना – फैलना, मग – रास्ता, खम ठोंकना – ललकारना, ठेलना – ढकेलकर आगे बढ़ना, प्रखर – तेज, वर्तिका – बत्ती।

**अभ्यास**

**I. मौखिक -**

१) विपत्ति आने पर कायर क्या करते हैं ?

२) सूरमा क्या नहीं खोते?

३) वीर राह कहाँ बनाते हैं ?

४) पत्थर क्या बन जाता है ?

५) रोशनी कौन पाता है ?

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

१) विपत्ति में कायर और सूरमा क्या करते हैं ?

२) वीर किसे गले लगाते हैं ?

©KTBS Not to be republished

३)  मानव के ज़ोर लगाने पर क्या होता है ?

४)  बत्ती में क्या छिपा होता है ?

**III. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१)  बहादुर किस तरह आगे बढ़ते हैं ?

२)  वीर आदमी अपने मार्ग में क्या करते हैं ?

३)  मानव में गुण किस तरह छिपे होते हैं ?

**IV. निम्नलिखित कवितांश की पूर्ति कीजिए :**

मुँह से .....................

..........................

..........................

.................. रहते हैं।

**V. कवितांश का भावार्थ लिखिए :**

है कौन विघ्न ऐसा जग में,
टिक सके आदमी के मग में ?
खम ठोंक ठेलता है जब नर,
पर्वत के जाते पाँव उखड़,

मानव जब ज़ोर लगाता है,
पत्थर पानी बन जाता है।

©KTBS Not to be republished

**योग्यता - विस्तार :**

- ✻ दिनकर जी की कोई दूसरी कविता कंठस्थ कीजिए।
- ✻ वीरता से संबंधित अन्य कविताएँ पढ़िए और कक्षा में सुनाइए।

✻✻✻✻✻

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १७

# बैलगाड़ी


**- बेढब बनारसी**

**आशय : 'बैलगाड़ी' एक सुन्दर रेखाचित्र है। आज मानव तीव्र से तीव्रतर वाहन की खोज में लगा हुआ है, किन्तु इन तीव्रगामी वाहनों में वह आनन्द नहीं, जो बैलगाड़ी में है। बैलगाड़ी आज परम्परा और निर्धनता का प्रतीक बन गई है।**

मैं तो बारात बहुत ही कम करता हूँ। इसलिए नहीं कि भोजन का कष्ट होता किन्तु इसलिए भी कि अपने विवाह की स्मृति जाग्रत हो जाती है और फिर एक बार यौवन के सपने का आभास होने लगता है और फिर जी चाहता है कि शीर्षासन करके, और कायाकल्प करके युवक बन जाऊँ। किन्तु इस बार तो बेतरह फँसा, छुट्टी भी थी, बीमार भी नहीं था, गाड़ी के समय से पहले एक आदमी मेरे घर पहुँच गया। मानो मैं कहीं भाग जानेवाला हूँ, पहरा पड़ रहा है।

स्टेशन पहुँचा। सबके सामान के साथ मेरा भी सामान रख दिया गया। एक तीसरे दर्जे का बड़ा डिब्बा लोगों ने रिज़र्व करा रखा था। हम लोग चालीस आदमी के लगभग थे। बड़े आराम से सब लोग बैठ गये। गाड़ी चली, गार्ड़ साहब को पाँच रुपये का नोट किसी ने दिया। उन्होंने मुस्कराकर पूछा, ''कोई कष्ट तो नहीं है'' और चले गये।


Not to be republished ©KTBS



दो बजे दिन को गाड़ी स्टेशन पहुँची। वहाँ उतरकर लोगों ने जल-पान किया। वहाँ से आठ मील जाना था जहाँ विवाह होनेवाला था और जाने के लिए केवल तीन प्रकार की सवारियाँ थीं ; हाथी, घोड़ा और बैलगाड़ी। इस गाँव में पूर्ण स्वराज्य था, इसलिए मोटर कार और बस का तो कहना ही क्या, एक्का भी नहीं मिलता था। स्टेशन के निकट एक एक्कावाला था किन्तु उसकी घोड़ी का बच्चा होनेवाला था इसलिए उसका एक्का भी बेकार था। मुझसे पूछा गया, आप कैसे चलेंगे। आठ मील कोई अधिक नहीं था, मैं पैदल भी जा सकता था किन्तु मैंने बैलगाड़ी ही पसन्द की। हाथी पर सवार होने का फल मैं एक बार पा चुका था। घोड़ा वीरों की सवारी अवश्य है किन्तु साहित्यकारों की नहीं। पहले युग की बात नहीं जानता किन्तु मैंने प्रसाद जी को, निराला जी को, मैथिलीशरण गुप्त जी को कभी घोड़े पर सवार नहीं देखा।

©KTBS Not to be republished

मेरी सुविधा के लिए गाड़ी में गद्दा और चद्दर बिछा दिये गये जिसमें मैं लेट सकूँ। और सचमुच मैं लेट गया। एक और सज्जन मेरे साथ थे। वे आजमगढ़ में मुख्तारी करते थे। गाड़ीवान ने बैल जोते और गाड़ी चली। आकाश में बदली थी। सावन का महीना था। हवा मन्द-मन्द चल रही थी। गाड़ी अधिक मन्द थी कि हवा, कह नहीं सकता। गाड़ी के बैल से गाड़ीवान बात करता जाता था। ऐसा जान पड़ता था कि बैल भी गाड़ीवान की बातों को समझते हैं।



वैदिक काल में लोग गाड़ी पर चलते थे कि नहीं, कह नहीं सकता किन्तु मुझे ऐसा जान पड़ा कि आज लोग अभी-अभी पंजाब से युक्तप्रान्त की ओर बढ़े हैं और मैं भी उन्हीं में से एक हूँ। बैलगाड़ी पर चल रहा हूँ। किसी ऐसे स्थान की खोज में जहाँ रहकर झोंपड़ी बना सकूँ। दोनों ओर

©KTBS Not to be republished


धान के खेत लहलहा रहे थे और उनके चारों ओर समुद्र के समान जल फैला हुआ था। सड़क पर लम्बी-लम्बी गहरी लीक फैली हुई थी मानो जरा-जर्जरित किसी वृद्ध का मस्तक है। धूल से जब पहिया ढक जाता था तब कहीं कीचड़ से पूर्ण सड़क मिल जाती थी और पहिये पर दो-दो इंच मिट्टी का लेप हो जाता था। आगे जहाँ सड़क सूखी होती वहाँ मिट्टी फैल जाती। इस प्रकार गाड़ी मुझीको नहीं ले जा रही थी मिट्टी भी ढो रही थी। तेज़ चलनेवाली सवारियों में बड़ा भारी दुर्गुण है कि उनमें कुछ ग्रहण करने की क्षमता नहीं होती। मन-गति का यह गुण है। विचारों के विस्तार के लिए तो बैलगाड़ी की सवारी बहुत ही उपयुक्त है। विचारों की श्रृंखला टूटने नहीं पाती। सोचते जाइए। यह डर तो नहीं है कि अभी स्टेशन आ जाएगा। फिर पान, बीड़ी, सिगरेट की चिल्लाहट से आपका सपना भंग नहीं हो सकता। आप धीरे-धीरे सोचते चलिए, ऊपर अनन्त आकाश है जो आपके विचारों को भी अनन्त बना देगा। मैंने जो जैसा ऊपर कहा है वैदिक युग में अपने को पाया। और आनन्द! रेल के डिब्बे में लोगों की खाँसी के कीटाणु, धुएँ चाहे वह सौंफी बीड़ी के हों या ५५५ सिगरेट के हों या हवाना सिगार के हों, चारों ओर फैलते हैं। उनसे कुछ काल के लिए रक्षा हो गई और पवन की उदारता का कुछ आभास होने लगा। धूल भी उड़ती थी। किंतु वह धूल सूर्य की किरणों से 'पास्चुराइज़्ड' की हुई थी। उसमें किसी बीमारी के कीटाणु होने की आशंका नहीं थी। घोड़े और हाथी निकल गये। मेरी बैलगाड़ी और बैलगाड़ियों से भी सुस्त थी। गाड़ीवान ने दस-पंद्रह बार सुरती फाँकी, इससे उसकी सुषुम्ना नाड़ी में कुछ शान्ति का प्रसार होने लगा और वह उस गाँव की कच्ची सड़क

©KTBS Not to be republished

छोड़कर सपने के संसार में विचरने लगा। बैल आज्ञाकारी थे। वे एक मति से एक गति से सड़क के बीच परिवार के बोझ के समान गाड़ी खींचते चले जा रहे थे। हम लोग आधी दूर आए थे। आकाश मेघाच्छन्न हो गया और जब गाड़ीवान की मुँड़ी हुई खोपड़ी पर टप से दो-तीन बड़ी-बड़ी बूँदें पड़ीं तब वह सचेत हुआ। मैं घबराया। छाता मेरे पास था नहीं, न मेरे साथी के पास। ऐसा जान पड़ा कि इन्द्र भगवान मुझे स्नान कराने पर तुले हैं। मैं उठ बैठा। दूर एक आम की बाड़ी थी। गाड़ीवान से कहा, वहीं से चलो, कुछ तो रक्षा हो ही जाएगी। मैं ही हूँ कि आजकल सन्ध्या-सवेरे पानी की कल के नीचे से उठने का मन नहीं करता और इस समय पानी से घबरा रहा हूँ। विधि का भी विचित्र विधान है। किन्तु गाड़ीवान के चेहरे पर घबराहट की एक भी रेखा दिखाई नहीं दी। वह तो महात्माजी का प्रतीक जान पड़ा। जैसे वह भारत की गाड़ी घबराहट के बिना धीरे-धीरे खींचते चले जा रहे थे; उसी भाँति यह भी। उन्हें भी सब बातों में एक गुण दिखाई देता। गाड़ीवान बोला, ''घबराइए नहीं बाबू साहब! यह पानी क्या है, बड़ा-बड़ा पत्थर भी कुछ नहीं कर सकता।'' और उसने झटके से गाड़ी के नीचे से सिरकी की दो छतें निकालकर गाड़ी के ऊपर बाँध दी। यह पीला छप्पर ऐसा जान पड़ा कि सुवर्ण का छत्र किसीने मेरे ऊपर लगा दिया है। पानी ज़ोरों से आया। सचमुच अन्दर पानी नहीं आ रहा था। कभी-कभी एकाएक नन्ही बूँद आ जाती थी केवल स्मरण कराने के लिए कि मेघ महाराज का शासनकाल समाप्त नहीं हो गया है। नहीं तो ऊपर पानी गिरता था और फिसल जाता था। हमारे साथी महोदय तो सो गये। ऐसा जान पड़ा कि इन्होंने अफीम का इन्जेक्शन लिया है। बैलों का

©KTBS Not to be republished

शरीर तर हो रहा था। वे बेचारे संतोष और शान्ति की प्रतिमा बने धीरे-धीरे चले जा रहे थे। कभी-कभी गर्दन हिला देते थे और जल के कुछ कण इधर-उधर गिर पड़ते थे। जैसे बड़े-बड़े कंजूस भी स्वर्ग में अपना



स्थान सुरक्षित कराने के लिए कभी-कभी कुछ दान दे दिया करते हैं। रेल तेज़ होती है इसलिए बीच-बीच में रुकना पड़ता है। बैलगाड़ी की गति ऐसी होती है कि रुकने की आवश्यकता नहीं। सोच रहा था कि गति से चलना और बीच में रुकना ठीक है या धीरे-धीरे एक रंग से चलना ठीक है। क्या निर्णय करता, किस बात का निर्णय संसार में आज तक हुआ है। यह भी तो लोग निश्चय रूप से कह नहीं सके कि ईश्वर है कि नहीं।

©KTBS Not to be republished

अगर कहीं बैलगाड़ी लन्दन की सड़कों पर चले तो क्या होगा। जहाँ एक से एक गतिवान् सवारियाँ चलती हैं। यह भारत ही है कि मोटर की बगल में बैलगाड़ी भी चलती है ठीक वैसे बिड़लों और सिंहानियों की नाक के नीचे अस्थि-पंजर वाले मानव भी साँस लेते चले जा रहे हैं। यही एक देश है जहाँ बीसवीं शती में भी दसवीं शती दिखाई देती है।

*****

**लेखक परिचय - बेढब बनारसी**

श्री बेढब बनारसी का जन्म एक सुसंस्कृत परिवार में हुआ था। आपका अधिकांश जीवन बनारस में ही बीता। आपने कविता, कहानी, नाटक, रेखाचित्र आदि विधाओं पर अपनी कलम चलाई है। 'बेढब की बहक', 'काव्य-कमल', 'बनारसी-एक्का', 'गाँधी का भूत और टनाटन', 'अभिनेता' आदि आपके ग्रंथ हैं। आपकी सभी रचनाएँ हास्यप्रधान हैं और उनमें समसामयिक विड़म्बनाओं की तीखी टिप्पणी मिलती है।

**शब्दार्थ :**

कायाकल्प - शरीर सम्बन्धी चिकित्सा, रिज़र्व - आरक्षित, मुख्तारी - प्रतिनिधित्व (कानूनी सलाहकार), युक्तप्रान्त - दो राज्यों का जोड़, लीक - किसी बात पर अटल होना, लकीर, (मर्यादा बंधाना); श्रृंखला - साँकल, आभास - झलक, (कांति); सुरती - तम्बाकू (खैनी), मेघाच्छन्न - बादलों से छाया हुआ, बाड़ी - बगीचा, विधि - भाग्य (विधान), सिरकी - सरकंडा (बाँस की पतली नली), तर होना - भीगना (आर्द्र, नम), अस्थि-पंजर - कंकाल, शती - सौ वर्ष।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

### I. मौखिक -

१) गाड़ी स्टेशन कब पहुँची ?

२) एक्का बेकार क्यों था ?

३) आजमगढ़ में सज्जन क्या करते थे?

४) गाड़ीवान क्या बोला ?

### II. लिखित -

**अ) इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

१) लोगों ने कौन-सा डिब्बा रिज़र्व करवाया था ?

२) सवारियाँ कितनी प्रकार की और कौन-सी थीं ?

३) लेखक ने किन-किन को घोड़े पर सवार नहीं देखा ?

४) घोड़ा किनकी सवारी है और किनकी नहीं ?

५) तेज़ चलनेवाली सवारियों में कौन-सा दुर्गुण है ?

६) लेखक ने रेल के डिब्बे का वर्णन कैसे किया है ?

७) कंजूस स्वर्ग में अपना स्थान सुरक्षित कराने के लिए क्या करते हैं ?

८) बीसवीं शती में भी दसवीं शती कहाँ दिखाई देती है ?

©KTBS Not to be republished

**आ) रिक्त स्थानों में योग्य शब्दों की पूर्ति कीजिए :**

१) घोड़ा .......... की सवारी अवश्य है, किन्तु ........ की नहीं।

२) ऐसा जान पड़ता था कि बैल भी .......... की बातों को समझते हैं।

३) गाड़ीवान ने दस-पन्द्रह बार ........... फाँकी।

४) विधि का भी ............. विधान है।

## III. भाषा बोध

**1) पाठ में आए पुनरुक्तिवाले चार शब्दों से वाक्य बनाइए :**

जैसे - धीरे - धीरे

बैलगाड़ी धीरे-धीरे चल रही थी ।

**2) 'र' की मात्राओं का प्रयोग करते हुए तीन-तीन शब्द लिखिए :**

जैसे - ( र्‍ ) धर्म, ( ‸ ) राष्ट्र ( ⁄ ) द्रव्य

(१) .......... .......... ..........

(२) .......... .......... ..........

(३) .......... .......... ..........

**3) इन शब्दों की वर्तनी शुद्ध रूप में लिखिए :**

१) यूक्त प्रांथ २) मेगाचछन ३) सांती

४) अस्ति-पंझर ५) दुघुर्ण

©KTBS Not to be republished

4) **निम्नलिखित शब्दों का संधि - विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए :**

१) सज्जन २) दुर्गुण ३) मेघाच्छन्न

४) संतोष ५) निश्चय

5) **पाठ में आए विराम चिह्नों के नाम जानिए :**

१) पूर्ण विराम – । २) अल्पविराम – ,

३) विस्मयबोधक–! ४) प्रश्नवाचक – ?

५) निर्देशक – ६) योजक – ——

७) उद्धरण चिह्न – “ ” ८) विवरण चिह्न – :–

९) कोष्ठक – ( ) १०) लाघव चिह्न – **0**

6) **इक, इत, ई, ता, वान आदि प्रत्ययवाले शब्द पाठ में से छाँटकर लिखिए।**

7) **मैं, मुझे, मेरा आदि सर्वनामों का प्रयोग व्यक्ति अपने लिए करता है। ये उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम हैं। ‘मैं’ शब्द के सभी कारकीय रूप लिखिए।**

**8)** १) आकाश में तारे टिमटिमाते हैं।

२) बारिश की बूँदें धरती पर टपकती हैं।

३) सूर्य और चन्द्रमा समय पर उदित होते हैं।

©KTBS Not to be republished

इन वाक्यों में आए रेखांकित पद अकर्मक क्रियाएँ हैं। यहाँ क्रिया के व्यापार का फल कर्ता पर पड़ रहा है। इसलिए यहाँ अकर्मक क्रिया है।

चल, उठ, रो, नाच, दौड़ आदि अकर्मक क्रियाओं का प्रयोग कर वाक्य बनाइए।

**योग्यता - विस्तार :**

- ✻ बैलगाड़ी एवम् घोड़ागाड़ी की तुलना कीजिए।
- ✻ आधुनिक वाहनों के चित्र इकट्ठा कर एक चार्ट बनाइए।
- ✻ 'बेढ़ब बनारसी' जी की अन्य रचनाएँ पढ़िए।

✻✻✻✻✻

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १८

# ऐसे - ऐसे

**- विष्णु प्रभाकर**

**आशय : आजकल के छात्र छुट्टी में मौज-मस्ती करते हुए समय व्यतीत करना चाहते हैं। बहाना बनाते हुए समय पर गृहकार्य नहीं करते। प्रस्तुत एकांकी में इसका वर्णन किया गया है। यह एकांकी समय का सदुपयोग करते हुए काम करने की प्रेरणा देता है।**

पात्र – परिचय

| | | |
|---|---|---|
| मोहन | : | एक विद्‌यार्थी |
| दीनानाथ | : | एक पड़ोसी |
| माँ | : | मोहन की माँ |
| पिता | : | मोहन के पिता |
| मास्टर | : | मोहन के मास्टर जी |

वैद्‌य जी, डॉक्टर तथा एक पड़ोसिन

(सड़क के किनारे एक सुंदर फ्लैट मैं बैठक का दृश्य। उसका एक दरवाज़ा सड़कवाले बरामदे में खुलता है, दूसरा अंदर के कमरे में, तीसरा रसोईघर में। अलमारियों में पुस्तकें लगी हैं। एक ओर रेडियो का सेट है। दो ओर दो छोटे तख्त हैं, जिन पर गलीचे बिछे हैं। बीच में कुरसियाँ हैं। एक छोटी मेज़ भी है। उस पर फ़ोन रखा है। परदा उठने पर मोहन एक तख्त पर लेटा है। आठ–नौ वर्ष के लगभग उम्र होगी उसकी। तीसरी क्लास में

©KTBS Not to be republished

पढ़ता है। इस समय बड़ा बेचैन जान पड़ता है। बार-बार पेट को पकड़ता है। उसके माता-पिता पास बैठे हैं।)

माँ : (पुचकारकर) न-न, ऐसे मत कर! अभी ठीक हुआ जाता है। अभी डॉक्टर को बुलाया है। ले, तब तक सेंक ले। (चादर हटाकर पेट पर बोतल रखती है। फिर मोहन के पिता की ओर मुड़ती है।) इसने कहीं कुछ अंट-शंट तो नहीं खा लिया?

पिता : कहाँ? कुछ भी नहीं। सिर्फ़ एक केला और एक संतरा खाया था। अरे, यह तो दफ़्तर से चलने तक कूदता फिर रहा था। बस अड्डे पर आकर यकायक बोला-पिताजी, मेरे पेट में तो कुछ 'ऐसे-ऐसे' हो रहा है।

माँ : कैसे?

पिता : बस 'ऐसे-ऐसे' करता रहा। मैंने कहा - अरे, गड़गड़ होती है? तो बोला - नहीं। फिर पूछा - चाकू-सा चुभता है? तो जवाब दिया- नहीं। गोला - सा फूटता है ? तो बोला - नहीं। जो पूछा उसका जवाब - नहीं। बस एक ही रट लगाता रहा कुछ 'ऐसे-ऐसे' होता है।

माँ : (हँसकर) हँसी की हँसी, दुख का दुख, यह 'ऐसे-ऐसे' क्या होता है ? कोई नयी बीमारी तो नहीं? बेचारे का मुँह कैसे उतर गया है! हवाइयाँ उड़ रही हैं।


पिता : अजी, एकदम सफ़ेद पड़ गया था। खड़ा नहीं रहा गया। बस में भी नाचता रहा - मेरे पेट में 'ऐसे-ऐसे' होता है। 'ऐसे-ऐसे' होता है।

©KTBS Not to be republished

मोहन : (ज़ोर से कराहकर) माँ! ओ माँ!

माँ : न–न मेरे बेटे, मेरे लाल, ऐसे नहीं। अजी, ज़रा देखना, डॉक्टर क्यों नहीं आया! इसे तो कुछ ज़्यादा ही तकलीफ़ जान पड़ती है। यह 'ऐसे–ऐसे' तो कोई बड़ी खराब बीमारी है। देखो न, कैसे लोट रहा है! ज़रा भी कल नहीं पड़ती। हींग, चूरन, पिपरमेंट – सब दे चुकी हूँ। वैद्‌य जी आ जाते!

(तभी फ़ोन की घंटी बजती है। मोहन के पिता उठाते हैं।)



पिता : यह ४३३३२ है। जी, जी हाँ। बोल रहा हूँ... कौन? डॉक्टर साहब! जी हाँ, मोहन के पेट में दर्द है.... जी नहीं, खाया तो कुछ नहीं... बस यही कह रहा है... बस जी... नहीं, गिरा भी नहीं.... 'ऐसे–ऐसे' होता है। बस जी, 'ऐसे–ऐसे' होता है। बस जी, 'ऐसे–ऐसे!' क्या बला है, कुछ समझ में नहीं आता। जी... जी हाँ! चेहरा एकदम सफ़ेद हो रहा है। नाचा...

©KTBS Not to be republished

नाचता फिरता है... जी नहीं, दस्त तो नहीं आया... जी हाँ, पेशाब तो आया था... जी नहीं, रंग तो नहीं देखा। आप कहें तो अब देख लेंगे... अच्छा जी। ज़रा जल्दी आइए। अच्छा जी, बड़ी कृपा है। (फ़ोन का चोंगा रख देते हैं।) डॉक्टर साहब चल दिए हैं। पाँच मिनट में आ जाते हैं।

(पड़ोस के लाला दीनानाथ का प्रवेश। मोहन ज़ोर से कराहता है।)



मोहन : माँ.... माँ... ओ....ओ... (उलटी आती है। उठकर नीचे झुकता है। माँ सिर पकड़ती है। मोहन तीन-चार बार 'ओ-ओ' करता है। थूकता है, फिर लेट जाता है।) हाय, हाय!

माँ : (कमर सहलाती हुई) क्या हो गया? दोपहर को भला-चंगा गया था। कुछ समझ में नहीं आता! कैसा पड़ा है! नहीं तो मोहन भला कब पड़ने वाला है! हर वक्त घर को सिर पर उठाए रहता है।

दीनानाथ : अजी, घर क्या, पड़ोस को भी गुलज़ार किए रहता है। इसे

©KTBS Not to be republished

छेड़, उसे पछाड़, इसके मुक्का, उसके थप्पड़। यहाँ-वहाँ, हर कहीं मोहन ही मोहन।

पिता : बड़ा नटखट है।

माँ : पर अब तो बेचारा कैसा थक गया है! मुझे तो डर है कि कल स्कूल कैसे जाएगा!

दीनानाथ : जी हाँ, कुछ बड़ी तकलीफ़ है, तभी तो पड़ा। मामूली तकलीफ़ को तो यह कुछ समझता नहीं। पर कोई डर नहीं। मैं वैद्‌य जी से कह आया हूँ। वे आ ही रहे हैं। ठीक कर देंगे।

मोहन : (तेज़ी से कराहकर) अरे.... रे-रे-रे.... ओह!

माँ : (घबराकर) क्या है, बेटा? क्या हुआ?

मोहन : (रुआँसा-सा) बड़े ज़ोर से ऐसे-ऐसे होता है। ऐसे-ऐसे।

माँ : ऐसे कैसे, बेटे? ऐसे क्या होता है?

मोहन : ऐसे-ऐसे। (पेट दबाता है।)

(वैद्‌य जी का प्रवेश)

वैद्‌य जी : कहाँ है मोहन? मैंने कहा, जय राम जी की! कहो बेटा, खेलने से जी भर गया क्या? कोई धमा-चौकड़ी करने को नहीं बची है क्या?

(सब उठकर हाथ जोड़ते हैं। वैद्‌य जी मोहन के पास कुरसी पर बैठ जाते हैं।)

पिता : वैद्‌य जी, शाम तक ठीक था। दफ़्तर से चलते वक्त रास्ते में एकदम बोला - मेरे पेट में दर्द होता है। 'ऐसे-ऐसे' होता है। समझ नहीं आता, यह कैसा दर्द है!

©KTBS Not to be republished

वैद्य जी : अभी बता देता हूँ। असल में बच्चा है। समझा नहीं पाता है। (नाड़ी दबाकर) वात का प्रकोप है... मैंने कहा, बेटा, जीभ तो दिखाओ। (मोहन जीभ निकालता है।) कब्ज़ है। पेट साफ़ नहीं हुआ। (पेट टटोलकर) हूँ, पेट साफ़ नहीं है। मल रुक जाने से वायु बढ़ गई है। क्यों बेटा? (हाथ की उँगलियों को फैलाकर फिर सिकोड़ते हैं।) ऐसे-ऐसे होता है ?

मोहन : (कराहकर) जी हाँ.... ओह!

वैद्य जी : (हर्ष से उछलकर) मैंने कहा न, मैं समझ गया। अभी पुड़िया भेजता हूँ। मामूली बात है, पर यही मामूली बात कभी-कभी बड़ों-बड़ों को छका देती है। समझने की बात है। मैंने कहा, आओ जी, दीनानाथ जी, आप ही पुड़िया ले लो। (मोहन की माँ से) आधे-आधे घंटे बाद गरम पानी से देनी है। दो-तीन दस्त होंगे। बस फिर 'ऐसे-ऐसे' ऐसे भागेगा जैसे गधे के सिर से सींग! (वैद्य जी द्वार की ओर बढ़ते हैं। मोहन के पिता पाँच का नोट निकालते हैं।)

पिता : वैद्य जी, यह आपकी भेंट। (नोट देते हैं।)

वैद्य जी : (नोट लेते हुए) अरे मैंने कहा, आप यह क्या करते हैं? आप और हम क्या दो हैं?


(अंदर के दरवाज़े से जाते हैं। तभी डॉक्टर प्रवेश करते हैं।)

डॉक्टर : हैलो मोहन! क्या बात है? 'ऐसे-ऐसे' क्या कर लिया?

(माँ और पिताजी फिर उठते हैं। मोहन कराहता है। डॉक्टर पास बैठते हैं।)

©KTBS Not to be republished

पिता : डॉक्टर साहब, कुछ समझ में नहीं आता।



डॉक्टर : (पेट दबाने लगते हैं।) अभी देखता हूँ। जीभ तो दिखाओ बेटा। (मोहन जीभ निकालता है।) हूँ, तो मिस्टर, आपके पेट में कैसे होता है? ऐसे-ऐसे? (मोहन बोलता नहीं, कराहता है।)

माँ : बताओ, बेटा! डॉक्टर साहब को समझा दो।

मोहन : जी...जी... ऐसे-ऐसे। कुछ ऐसे-ऐसे होता है। (हाथ से बताता है। उँगलियाँ भींचता है।) डॉक्टर, तबीयत तो बड़ी खराब है।

डॉक्टर : (सहसा गंभीर होकर) वह तो मैं देख रहा हूँ। चेहरा बताता है, इसे काफ़ी दर्द है। असल में कई तरह के दर्द चल पड़े हैं। कौलिक पेन तो है नहीं। और फोड़ा भी नहीं जान पड़ता। (बराबर पेट टटोलता रहता है।)

©KTBS Not to be republished

माँ : (काँपकर) फोड़ा!

डॉक्टर : जी नहीं, वह नहीं है। बिल्कुल नहीं है। (मोहन से) ज़रा मुँह फिर खोलना। जीभ निकालो। (मोहन जीभ निकालता है।) हाँ, कब्ज़ ही लगता है। कुछ बदहज़मी भी है। (उठते हुए) कोई बात नहीं। दवा भेजता हूँ। (पिता से) क्यों न आप ही चलें! मेरा विचार है कि एक ही खुराक पीने के बाद तबीयत ठीक हो जाएगी। कभी-कभी हवा रुक जाती है और फंदा डाल लेती है। बस उसीकी ऐंठन है।

(डॉक्टर जाते हैं। मोहन के पिता दस का नोट लिए पीछे-पीछे जाते हैं और डॉक्टर साहब को देते हैं।)

माँ : सेंक तो दूँ, डॉक्टर साहब?

डॉक्टर : (दूर से) हाँ, गरम पानी की बोतल से सेंक दीजिए।

(डॉक्टर जाते हैं। माँ बोतल उठाती है। पड़ोसिन आती है।)

पड़ोसिन : क्यों मोहन की माँ, कैसा है मोहन ?


माँ : आओ जी, रामू की काकी! कैसा क्या होता! लोचा-लोचा फिरे है। जाने वह 'ऐसे-ऐसे' दर्द क्या है, लड़के का बुरा हाल कर दिया।

पड़ोसिन : ना जी, इत्ती नयी-नयी बीमारियाँ निकली हैं। देख लेना, यह भी कोई नया दर्द होगा। राम मारी बीमारियों ने तंग कर दिया। नए-नए बुखार निकल आए हैं। वह बात है कि खाना-पीना तो रहा नहीं।

©KTBS Not to be republished

| | | |
|---|---|---|
| माँ | : | डॉक्टर कहता है कि बदहज़मी है। आज तो रोटी भी उनके साथ खाकर गया था। वहाँ भी कुछ नहीं खाया। आजकल तो बिना खाए बीमारी होती है। (बाहर से आवाज़ आती है – 'मोहन! मोहन'! फिर मास्टर जी का प्रवेश होता है।) |
| माँ | : | ओह, मोहन के मास्टर जी हैं। (पुकारकर) आ जाइए! |
| मास्टर | : | सुना है कि मोहन के पेट में कुछ 'ऐसे-ऐसे' हो रहा है! क्यों, भाई? (पास आकर) हाँ, चेहरा तो कुछ उतरा हुआ है। दादा, कल तो स्कूल जाना है। तुम्हारे बिना तो क्लास में रौनक ही नहीं रहेगी। क्यों माताजी, आपने क्या खिला दिया था इसे? |
| माँ | : | खाया तो बेचारे ने कुछ नहीं। |
| मास्टर | : | तब शायद न खाने का दर्द है। समझ गया, उसी में 'ऐसे-ऐसे' होता है। |
| माँ | : | पर मास्टर जी, वैद्य और डॉक्टर तो दस्त की दवा भेजेंगे। |
| मास्टर | : | अच्छा, मोहन तुम्हारा काम तो पूरा हो गया है न? |
| मोहन | : | जी, सब नहीं हुआ। |
| मास्टर | : | हूँ ! शायद सवाल रह गए हैं। |
| मोहन | : | जी! |
| मास्टर | : | तो यह बात है। 'ऐसे-ऐसे' काम न करने का डर है। |

©KTBS Not to be republished



माँ : (चौंककर) क्या?

(मोहन सहसा मुँह छिपा लेता है।)

मास्टर : (हँसकर) कुछ नहीं, माताजी, मोहन ने महीना भर मौज की। स्कूल का काम रह गया। आज खयाल आया। बस डर के मारे पेट में 'ऐसे-ऐसे' होने लगा - 'ऐसे-ऐसे'! अच्छा, उठिए साहब! आपके 'ऐसे-ऐसे' की दवा मेरे पास है। स्कूल से आपको दो दिन की छुट्टी मिलेगी। आप उसमें काम पूरा करेंगे और आपका 'ऐसे-ऐसे' दूर भाग जाएगा। (मोहन उसी तरह मुँह छिपाए रहता है।) अब उठकर सवाल शुरू कीजिए। उठिए, खाना मिलेगा।

(मोहन उठता है। माँ ठगी-सी देखती है। दूसरी ओर से पिता और दीनानाथ दवा लेकर प्रवेश करते हैं।)

माँ : क्यों रे मोहन, तेरे पेट में तो बहुत बड़ी दाढ़ी है। हमारी तो

©KTBS Not to be republished

जान निकल गई। पंद्रह-बीस रुपए खर्च हुए, सो अलग। (पिता से) देखा जी आपने!

पिता : (चकित होकर) क्या - क्या हुआ ?

माँ : क्या-क्या होता! यह 'ऐसे-ऐसे' पेट का दर्द नहीं है, स्कूल का काम न करने का डर है।

पिता : हें!

(दवा की शीशी हाथ से छूटकर फ़र्श पर गिर पड़ती है। एक क्षण सब ठगे-से मोहन को देखते हैं। फिर हँस पड़ते हैं।)

दीनानाथ : वाह, मोहन, वाह !

पिता : वाह, बेटा जी, वाह! तुमने तो खूब छकाया!

(एक अट्टहास के बाद परदा गिर जाता है।)

*****

**लेखक परिचय - विष्णु प्रभाकर**



विष्णु प्रभाकर जी का जन्म २१ जून १९१२ को मुजफ्फरनगर (उ.प्र) के एक गाँव में हुआ। उनका बचपन हिसार (हरियाणा) में गुजरा। वहीं शिक्षा प्राप्त कर आपने प्रारंभ में सरकारी नौकरी की, जिसे छोड़ने के बाद आपने स्वतंत्र लेखन को अपनाया। वे कुछ दिन आकाशवाणी में अधिकारी भी रहे। कहानी इनकी प्रिय विधा है। सन् १९३९ में इनका प्रथम एकांकी 'हंस' में प्रकाशित हुआ। तब से ये लगभग चालीस एकांकी लिख चुके हैं। इनकी रचनाओं में इनसान और

©KTBS Not to be republished

एकांकी, क्या वह दोषी था, प्रकाश और परछाई, ये रेखाएँ, ये दायरें उल्लेखनीय हैं।

विष्णु जी मानव की मानसिक प्रवृत्तियों के कुशल आलोचक हैं। आपके एकांकियों में सामाजिक, सांस्कृतिक, पारिवारिक, आर्थिक, ऐतिहासिक भूमिका पर प्रतिष्ठित मानवीय चरित्र का सूक्ष्म और सोद्देश्य चित्रण है। आप पर गाँधी जीवन-दर्शन का प्रभाव है।

**शब्दार्थ :**

अंट-शंट - मनमानी, कल - आराम, बला - कष्ट, गुलज़ार - खुश, मुक्का - मुट्ठी से मारना, धमा - चौकड़ी - उछल - कूद, छका - परेशान, कौलिक - चुभना, ऐंठन - तनाव।

**अभ्यास**

**I. मौखिक -**

१) मोहन किस कक्षा का छात्र है ?

२) वैद्य जी दवाई में क्या देते हैं ?

३) मोहन को कितने दिनों की छुट्टी मिली थी ?

४) मास्टर जी मोहन को और कितने दिनों की छुट्टी देते हैं?

**II. लिखित -**

**अ) एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) मोहन के पड़ोसी का नाम क्या है ?

२) दीनानाथ किसे बुलाते हैं ?

३) डॉक्टर साहब कौन-सा उपचार बताते हैं ?

४) मास्टर जी दर्द कैसे पहचानते हैं ?

©KTBS Not to be republished

**आ) तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१) माँ मोहन को किस तरह सँभालती है ?

२) वैद्य जी किस तरह का उपचार करते हैं ?

३) मोहन का पेट दर्द देखकर पिताजी कैसे परेशान हुए ?

४) डॉक्टर की क्या सलाह थी ?

५) मास्टर जी ने दर्द को कैसे दूर किया ?

६) 'ऐसे - ऐसे' दर्द क्यों था ?

**इ) सन्दर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :**

१) ''इसने कहीं अंट-शंट तो नहीं खा लिया ?''

२) ''मैंने कहा - अरे गड़गड़ होती है ?''

३) ''यहाँ-वहाँ, हर कहीं मोहन ही मोहन।''

४) ''स्कूल से आपको दो दिन की छुट्टी मिलेगी।''

**ई) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

१) देखो न कैसे .............. रहा है।

२) दोपहर को .............. गया था।

३) यहाँ-वहाँ, हर कहीं ............. ही मोहन।

४) तेरे पेट में तो बहुत ............. है।

**उ) जोड़कर लिखिए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १) | दीनानाथ | - | १) | रामू की काकी |
| २) | वैद्य जी | - | २) | गरम पानी की बोतल |
| ३) | पड़ोसिन | - | ३) | ऐसे - ऐसे |

©KTBS Not to be republished

घ) डॉक्टर - ४) एक पड़ोसी

ङ) मोहन - ५) पुड़िया

## III. भाषा बोध

ध्यान दीजिए : अल्पविराम (,), पूर्ण विराम (।), प्रश्नवाचक (?), उद्‌गारवाचक (!), उद्‌धरण चिह्न (“ ”), योजक (–), अर्धविराम (;) ये सभी विराम चिह्न हैं।

**निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए :**

१) पिताजी मेरे पेट में कुछ ऐसे–ऐसे हो रहा है

२) कुछ समझ में नहीं आता कैसा पड़ा है

३) कहाँ है मोहन

४) बाहर से आवाज़ आती है – मोहन मोहन

**योग्यता - विस्तार :**

* किसी एक हास्य घटना का वर्णन अपने ही शब्दों में कीजिए।
* इस एकांकी का मंचन कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १९

# रहीम के दोहे

**आशय : रहीम ने मुख्यतः नीति तथा भक्ति के दोहों की रचना की है। ये दोहे जीवन-मूल्य, सामाजिक व्यवहार तथा नैतिक शिक्षा प्रदान करते हैं।**

१) तरुवर फल नहीं खात है, सरवर पियहिं न पान।
कहि रहीम पर काज हित, संपति संचहि सुजान।।

२) बड़े बड़ाई न करैं, बड़ो न बोले बोल।
रहिमन हीरा कब कहै, लाख टका मम मोल।।

३) मनि मानिक महंगे किये, ससतो तृन जल नाज।
याही ते हम जानियत, राम गरीब निवाज।।

४) मान सहित विष खाय के, संभु भये जगदीस।
बिना मान अमृत पिये, राहु कटायो सीस।।

५) रहिमन ओछे नरन सों, बैर भलो न प्रीति।
काटे चाटे स्वान के, दोउ भांति विपरीति।।

६) रहिमन गली है सांकरि, दूजो न ठहराहिं।
आपु अहै तो हरि नहीं, हरि तो आपुन नाहिं।।

७) रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिए डारि।
जहाँ काम आवे सुई, कहा करे तलवारि।।

Not to be republished ©KTBS

८) रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो छिटकाय।
टूटे से फिर ना मिले, मिले गांठ परि जाय।।

*****

**कवि परिचय - रहीम**

अब्दुर्रहीम खानखाना सम्राट अकबर के मंत्री और सेनापति थे। नवरत्नों में इनकी गणना की जाती थी। सहृदय कवि होने के साथ - साथ वे शूर-वीर योद्धा भी थे। उनका जन्म १५५३ ई. में लाहौर में हुआ था। वे संस्कृत, अरबी, फारसी आदि भाषाओं के भी अच्छे ज्ञाता थे। उनके काव्य में काव्यशास्त्रीय ज्ञान के साथ-साथ भक्ति तथा नीतिपरक रचनाएँ भी प्राप्त होती हैं।

**शब्दार्थ :**

संचहि - संचय (एकत्र) करते हैं, सुजान - अच्छे मनुष्य, तृन - वनस्पति, नाज - अनाज, गरीब निवाज - गरीबों के रक्षक, संभु - शंभु (शिव), ओछा - नीच, स्वान - कुत्ता, सांकरि - संकरी (तंग), दूजो-दूसरा, छिटकाय - चटकाओ।

## अभ्यास

**I. मौखिक -**

१) अच्छे लोग क्या करते हैं ?
२) बड़े लोग किसके समान होते हैं ?
३) राम किसके रक्षक हैं ?
४) शिव ने क्या किया था ?
५) हमें किसको महत्व देना चाहिए ?
६) प्रेम का धागा टूटने पर क्या होता है ?

©KTBS Not to be republished

## II. लिखित -

### अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :

१) वृक्ष और नदी क्या नहीं करते ?

२) हीरा क्या नहीं करता ?

३) राम ने गरीबों के लिए क्या किया है ?

४) बुरे लोगों के साथ कैसा सम्बंध बनाना चाहिए ?

५) भगवान को मन में रखने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

६) हमें छोटों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए ?

७) प्रेम का धागा कैसे रखना चाहिए ?

### आ) चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१) रहीम ने परोपकारी मनुष्य के बारे में क्या कहा है ?

२) रहीम ने बड़े व्यक्तियों की तुलना के लिए किसका उदाहरण दिया है और उनमें क्या समानता दिखाई है ?

३) बुरे व्यक्तियों के साथ रहने पर क्या हो सकता है ?

४) हमें हर छोटी वस्तु और हर व्यक्ति का महत्व समझना चाहिए।
यह भाव आपको किस दोहे में मिलता है, चुनकर लिखिए।

५) किसीके साथ मित्रता या प्रेम को क्यों नहीं तोड़ना चाहिए ?

### इ) सन्दर्भ सहित भाव स्पष्ट कीजिए :

१) मनि मानिक महंगे किए, ससतो तृन जल नाज।
याही ते हम जानियत, राम गरीब निवाज।।

२) रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो छिटकाय।
टूटे से फिर ना मिले, मिले गांठ परि जाय।।

©KTBS Not to be republished

**III. पहले दो दोहों को कंठस्थ कीजिए ।**

**IV. भाषा - बोध**

ध्यान दीजिए – रहीम की प्राचीन भाषा के क्रिया पदों को वर्तमान भाषा में हम इस प्रकार लिखते हैं –

१) **पियहिं = पीते हैं, संचहि = संचय करते हैं।**

इसे ध्यान में रखकर निम्नलिखित शब्दों के प्राचीन रूप बताइए :

१) कर २) आ ३) जा ४) खा ५) देख

२) **आधुनिक खड़ीबोली में काज - कार्य। इसी प्रकार निम्न शब्दों के आधुनिक रूप लिखिए :**

१) ससतो २) सीस ३) दोउ ४) दूजो ५) कहा

३) **निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन समानार्थक शब्द लिखिए:**

१) तरु २) फल ३) जल ४) नर

**योग्यता - विस्तार :**

* अकबर के नवरत्नों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कीजिए।
* अन्य सन्त कवियों के नीतिपरक दोहों का संकलन कर कक्षा में सुनाइए।

*****

©KTBS Not to be republished

# परिशिष्ट

१. व्याकरण

२. पत्र – लेखन

©KTBS
Not to be republished

# वर्ण व्यवस्था

## वर्ण विचार और उच्चारण

भाषा की सबसे छोटी इकाई वर्ण है। इन वर्णों के संयोग से शब्दों का निर्माण होता है। वर्ण शब्द का प्रयोग ध्वनि और ध्वनि-चिह्न दोनों के लिए होता है, क्योंकि वर्ण ध्वनियों के उच्चरित और लिखित दोनों रूपों के प्रतीक हैं। इन वर्णों के समूह को 'वर्णमाला' कहते हैं।

उच्चारण की दृष्टि से हिंदी वर्णमाला को दो वर्गों में बाँटा गया है -

१. स्वर और २. व्यंजन

१. **स्वर - जिन वर्णों का उच्चारण बिना किसी अवरोध के तथा बिना किसी दूसरे वर्ण की सहायता से होता है, उन्हें स्वर कहते हैं।** उच्चारण की दृष्टि से स्वर पूर्णतया स्वतंत्र हैं। व्यंजन वर्णों के उच्चारण में स्वर सहायक होते हैं। हिंदी में स्वर इस प्रकार हैं -

अ आ इ ई उ ऊ (ऋ) ए ऐ ओ औ

'ऋ' का उच्चारण सामान्यतः 'रि' के रूप में व्यंजनवत ही होता है। 'आ' आदि अन्य स्वरों के समान 'ऋ' की मात्रा ( ृ ) भी होती है, अतः उसे स्वरों में गिना जाता है। 'ऋ' का प्रयोग केवल तत्सम (संस्कृत) शब्दों में होता है; जैसे - ऋण, ऋषि, ऋतु।

देवनागरी वर्णमाला में अं, अः को स्वरों के साथ लिखा जाता है, पर वास्तव में 'अं' अनुस्वार ( ं ) है और अः विसर्ग (ः) है। स्वर के बाद ही इनका प्रयोग होता है; जैसे - अंक, इंगित, अतः, प्रातः, प्रायः। विसर्ग का प्रयोग हिंदी में प्रचलित संस्कृत शब्दों में ही होता है।

©KTBS
Not to be republished

२. **व्यंजन** - हिंदी में व्यंजन इस प्रकार हैं-

**स्पर्श व्यंजन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **क वर्ग** - | क ख ग घ ङ | **प वर्ग** - | प फ ब भ म |
| **च वर्ग** - | च छ ज झ ञ | **अंतस्थ व्यंजन** - | य र ल व |
| **ट वर्ग** - | ट ठ ड ढ ण ड़ ढ़ | **ऊष्म व्यंजन** - | श ष स ह |
| **त वर्ग** - | त थ द ध न | **संयुक्त व्यंजन** - | क्ष त्र ज्ञ श्र |

(क) ड़ ढ़ हिंदी के विकसित व्यंजन हैं। ये संस्कृत में नहीं हैं।

(ख) ज़ फ़ ध्वनियाँ विदेशी (अरबी, फ़ारसी तथा अंग्रेज़ी) प्रभाव से हिंदी में आ गई हैं।

(ग) (हिंदी में 'ङ' और 'ञ' का स्वतंत्र प्रयोग नहीं होता।)

उपयुक्त सभी व्यंजनों में 'अ' स्वर मिला हुआ है। स्वर रहित व्यंजन

हलंत ( ् ) के साथ लिखे जाते हैं। जैसे - क्, छ्, ढ्, द्

(घ) क्ष, त्र, ज्ञ और श्र संयुक्त व्यंजन हैं, यथा - क् + ष = क्ष,

त् + र = त्र, ज् + ञ = ज्ञ, श् + र = श्र

(ङ) हिंदी में 'ज्ञ' का उच्चारण प्रायः 'ग्यं' के समान होता है।

**मात्राएँ - व्यंजन के साथ स्वर जिस रूप में मिला होता है, उसे स्वर की मात्रा कहते हैं।** प्रत्येक स्वर की मात्रा नीचे दी जा रही है -

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **स्वर** - | अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ |
| **मात्रा** - | | ा | ि | ी | ु | ू | ृ | े | ै | ो | ौ |

©KTBS Not to be republished

'अ' की कोई मात्रा नहीं होती। 'अ' स्वर व्यंजन में ही मिला रहता है; जैसे - क = क् + अ, प = प् + अ

सभी स्वरों की मात्राएँ क्रम से क् के साथ नीचे दी जा रही हैं -

| | | |
|---|---|---|
| क् + अ = क | क् + उ = कु | क् + ऐ = कै |
| क् + आ = का | क् + ऊ = कू | क् + ओ = को |
| क् + इ = कि | क् + ऋ = कृ | क् + औ = कौ |
| क् + ई = की | क् + ए = के | |

## स्वरों के भेद

स्वर दो प्रकार के होते हैं - १ ह्रस्व स्वर और २. दीर्घ स्वर।

अ, इ, उ, ऋ ह्रस्व स्वर हैं तथा आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ दीर्घ स्वर हैं।

उच्चारण की दृष्टि से ह्रस्व और दीर्घ का अंतर महत्वपूर्ण है। ह्रस्व के स्थान पर दीर्घ अथवा दीर्घ के स्थान पर ह्रस्व का उच्चारण करने तथा लिखने से अर्थ में भेद हो जाता है; जैसे -

| ह्रस्व | दीर्घ | ह्रस्व | दीर्घ | ह्रस्व | दीर्घ |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ |
| बन | बान | दिन | दीन | कुल | कूल |

सभी स्वरों का अनुनासिक उच्चारण भी होता है; जैसे - अँ, आँ, इँ, ईं, उँ, ऊँ, एँ, ऐं, ओं, औं। जिन स्वरों के ऊपर मात्रा होती है वहाँ अनुनासिक या चंद्रबिंदु ( ँ ) के स्थान पर अनुस्वार या बिंदु ( ं ) लगाया जाता है।

©KTBS Not to be republished

## २. व्यंजन

**जिन वर्णों के उच्चारण में वायु का प्रवाह रुककर या घर्षण के साथ निकलता है, उन्हें व्यंजन कहते हैं।** व्यंजन का उच्चारण सदा स्वर की सहायता से होता है; जैसे - क् + अ = क, प् + अ = प

### व्यंजनों के भेद

हिंदी में कुल ३७ व्यंजन हैं, जिनमें दो आगत व्यंजन (ज़ फ़) भी शामिल हैं। इन्हें निम्नलिखित श्रेणियों में विभाजित किया गया है - (क) स्पर्श (२७) (ख) अंतस्थ (४) (ग) ऊष्म (४) और (घ) आगत (२)। क्ष, त्र, ज्ञ, श्र मूलतः व्यंजन नहीं हैं, वे संयुक्त व्यंजन हैं।

१. **स्पर्श व्यंजन** - इनका उच्चारण कंठ, तालु, मूर्धा, दाँत, ओष्ठ स्थानों के स्पर्श से होता है।

उच्चारण-स्थानों के अनुसार इनके वर्ग इस प्रकार हैं -

| **वर्ग** | **वर्ण** | **उच्चारण स्थान** | **वर्ण-नाम** |
|---|---|---|---|
| **कवर्ग** | क, ख, ग, घ, ङ | कंठ | कंठ्य |
| **चवर्ग** | च, छ, ज, झ, ञ | तालु | तालव्य |
| **टवर्ग** | ट, ठ, ड, ढ, ण, ड़, ढ़ | मूर्धा | मूर्धन्य |
| **तवर्ग** | त, थ, द, ध, न | दाँत | दंत्य |
| **पवर्ग** | प, फ, ब, भ, म | ओष्ठ | ओष्ठ्य |

ङ, ञ, ण, न, म व्यंजन वर्णों का उच्चारण नासिका के साथ-साथ क्रमशः कंठ, तालु, मूर्धा, दाँत, ओष्ठ के स्पर्श से होता है। इन्हें 'नासिक्य व्यंजन' भी कहते हैं।

©KTBS Not to be republished

ड़ और ढ़ वर्ण शब्द के आरंभ में नहीं आते, लेकिन मध्य और अंत में इनका प्रयोग होता है; जैसे - पड़ना, पीड़ा, बड़ा, पढ़ना, बढ़ा। ड-ड़ और ढ-ढ़ का अंतर समझाना भी महत्वपूर्ण हैं; जैसे - डाकू, निडर, सड़क, कीचड़, ढक्कन, बुड्ढा, चढ़ाई, बूढ़ा। इन शब्दों में ड, ड़, ढ, ढ़ वर्णों का प्रयोग हुआ है। इसे समझें।

**२. अंतस्थ व्यंजन** - अंतस्थ का अर्थ है स्वर और व्यंजन के बीच में (स्थित)। इनका उच्चारण जीभ, तालु, दाँत और होंठों के निकट आने से होता है, किंतु श्वास में रुकावट कम होती है; जैसे - य, र, ल, व । इन वर्णों में 'य' और 'व' अर्ध स्वर हैं।

**३. ऊष्म व्यंजन** - इनका उच्चारण रगड़ या घर्षण से उत्पन्न वायु से होता है; जैसे - श, ष, स, ह। 'श' के उच्चारण में जीभ तालु को और 'स' के उच्चारण में दाँतों की जड़ को छूती है। 'ष' को मूर्धन्य वर्ण कहा जाता है, किंतु इसका उच्चारण अब प्रायः 'श' की भाँति होता है। यह वर्ण संस्कृत के तत्सम शब्दों के लेखन में प्रयुक्त होता है; जैसे - दोष, विषम, पुरुष, संघर्ष।

**४. आगत वर्ण** - अरबी, फ़ारसी और अंग्रेज़ी भाषाओं से आए कुछ शब्दों के शुद्ध उच्चारण के लिए हिंदी में ज़-फ़ (नीचे बिंदु) वर्णों का प्रयोग होता है; जैसे - ज़रा, ज़ोर, ज़ेबरा, फ़ौरन, रफ़ू।

**५. संयुक्त व्यंजन** - ये दो व्यंजन वर्णों के संयोग से बनते हैं। ये स्वतंत्र व्यंजन नहीं हैं; जैसे - क्ष (क्+ष), त्र (त्+र), ज्ञ (ज्+ञ), श्र (श्+र)।

Not to be republished ©KTBS

हिंदी वर्ण-व्यवस्था को तालिका रूप में वर्णों की संख्या के साथ दिया जा रहा है।

वर्ण-तालिका

- स्वर
  - ह्रस्व → अ, इ, उ, ऋ (4)
  - दीर्घ → आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ (7)=11
- व्यंजन
  - स्पर्श → कवर्ग से पवर्ग तथा ड़ ढ़ (25+2) 27
  - अंतस्थ → य, र, ल, व (4)
  - ऊष्म → श, ष, स, ह (4)
  - आगत → ज़, फ़ (2)
  - संयुक्त → क्ष, त्र, ज्ञ, श्र (4)=41

*****


©KTBS Not to be republished

# शब्द - विचार

## शब्द रूप और शब्द रचना

**परिभाषा** - ऐसा स्वतंत्र वर्ण-समूह, जिसका एक निश्चित अर्थ हो, शब्द कहलाता है। जैसे-कमल, रात, लड़का, पुस्तक, आदि। उत्पत्ति, व्युत्पत्ति तथा अर्थ के आधार पर शब्दों को अनेक भागों में बाँटा जा सकता है।

## शब्दों के भेद




## उत्पत्ति (उद्गम) के आधार पर शब्दों का वर्गीकरण

उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के मुख्य चार भेद हैं।

१. तत्सम

२. तद्भव

३. देशज

४. विदेशी

©KTBS Not to be republished

१. **तत्सम** - वे शब्द जो बिना किसी परिवर्तन के ज्यों के त्यों संस्कृत भाषा से हिंदी में प्रयुक्त किए जाते हैं, वे 'तत्सम शब्द' कहलाते हैं। जैसे - माता, दुग्ध, सर्प, सत्य, पर्वत, कर्म, विद्वान, आत्मा, आदि।

२. **तद्भव** - संस्कृत भाषा के जो शब्द ज्यों के त्यों हिंदी में प्रयुक्त नहीं होते, बल्कि रूप बदलकर हिंदी भाषा में प्रयुक्त किए जाते हैं, वे 'तद्भव शब्द' कहलाते हैं। जैसे - पत्ता (पत्र), आग (अग्नि), साँप (सर्प) जीभ (जिह्वा), फूल (पुष्प), नींद (निद्रा), सच (सत्य), माँ (माता), पहाड़ (पर्वत), काम (कर्म), घर (गृह), हाथ (हस्त), आदि।

तत्सम-तद्भव शब्दों के उदाहरण

| तत्सम | तद्भव | तत्सम | तद्भव | तत्सम | तद्भव |
|---|---|---|---|---|---|
| अस्थि<br>अंगुली | हड्डी<br>उंगली | अम्बा<br>अग्नि | अम्मा<br>आग | आम्र<br>अश्रु | आम<br>आँसू |

३. **देशी या देशज शब्द :** वे शब्द जिनका कोई स्रोत नहीं है; अर्थात् जिन शब्दों का मूल संस्कृत में नहीं मिलता। ये जो शब्द हिंदी की अपनी प्रकृति के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों, खाली क्षेत्रों आदि के प्रभाव से विकसित हुए हैं। इस प्रकार के शब्दों को 'देशज' शब्द कहा जाता है। जैसे -भोंदू, झाडू, झंझट, भोंपू, अटकल, सिलवट, पगड़ी, लोटा, झकझक, थप्पड़, ठोकर आदि।

४. **विदेशी शब्द :** निरंतर बढ़ते संपर्क के कारण जो विदेशी शब्द (अंग्रेज़ी, फ़ारसी, अरबी, तुर्की, पुर्तगाली, फ्रांसीसी, चीनी, यूनानी,

©KTBS Not to be republished

जापानी, आदि) हिंदी भाषा में प्रयुक्त होते हैं, वे शब्द 'विदेशी शब्द' कहलाते हैं। जैसे : मेंबर, ज़माना, आदमी, बेगम, साबुन, बिगुल, पटाखा, टेलीफोन आदि।

**हिंदी भाषा में प्रयुक्त अंग्रेज़ी शब्द** - मेंबर, राशन, मैनेजर, मोटर, पेंसिल, प्लेटफार्म, डायरी, ग्रामोफ़ोन, चॉक, टिफन, ड्रामा आदि।

**हिंदी भाषा में प्रयुक्त फ़ारसी शब्द** - जबरदस्ती, ज़माना, जादू, फ़ासला, फ़ौज, बादाम, दुकान, दरबार, तख्त, ज़मींदार, चपरासी, चापलूसी आदि।

**हिंदी भाषा में प्रयुक्त अरबी शब्द** - आम, आदमी, औरत, किताब, करामात, कलई, कसाई, कलम, रिश्वत, वकील, मकान, मीनार, आदि।

**हिंदी भाषा में प्रयुक्त तुर्की शब्द** - कैंची, लाश, बहादुर, तोप, खज़ानची, बेगम, दरोगा, बीबी, बारूद, आका, मशालची आदि।)

**हिंदी भाषा में प्रयुक्त पुर्तगाली शब्द** - गमला, फीता, साबुन, तंबाकू, नीलाम, कमीज़, आलपिन, तौलिया, काजू, कंपास, पिस्तौल, आदि।

**हिंदी भाषा में प्रयुक्त फ्रांसीसी शब्द** -बिगुल, इंजीनियर, पुलिस, इंजन, कार्टून आदि।

**हिंदी भाषा में प्रयुक्त चीनी शब्द** - पटाखा, चाय, लीची आदि।

**हिंदी भाषा में प्रयुक्त यूनानी शब्द** - ऐटम, टेलीफ़ोन, टेलीग्राफ आदि।

******

©KTBS Not to be republished

# संज्ञा

**किसी भी व्यक्ति, वस्तु, स्थिति या गुण के नाम को संज्ञा कहा जाता है।**

**उदा : मोहन कोलकाता** में **निवास** करता है।

**गंगा हिंदुओं** के लिए पवित्र **नदी** है।

**बुढ़ापा दुखों** का **घर** है और **यौवन आनंद** का।

## संज्ञा के भेद

**संज्ञा के तीन भेद माने जाते हैं-**

१. **व्यक्तिवाचक संज्ञा** - जो शब्द किसी विशेष व्यक्ति, विशेष वस्तु, विशेष स्थान या विशेष प्राणी के नाम का बोध कराते हैं, उन्हें व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-

गौतम बुद्ध, सीता, संतोष, प्रियंक, सुरभि (व्यक्तियों के नाम)

ऐरावत (हाथी), कपिला (गाय), सोना (हिरनी) (प्राणियों के नाम)

दिल्ली, अमेरिका, भारत, मद्रास, आसाम (स्थानों के नाम)

कलम, पुस्तक, कंकड़, चम्मच (वस्तुओं के नाम)

२. **जातिवाचक संज्ञा** - जो शब्द किसी प्राणी, पदार्थ या समुदाय की पूरी जाति का बोध कराते हैं, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-

©KTBS Not to be republished

मनुष्य, नर, नारी, ग्रंथ, पर्वत, कुत्ता, हाथी, फल, नगर, प्रांत, देश, नदी, झरना आदि। ये सब शब्द पूरी जाति के परिचायक हैं, किसी एक मनुष्य, एक नर, एक ग्रंथ या एक प्रांत के नहीं। जातिवाचक संज्ञा के अंतर्गत **द्रव्य वाचक** तथा **समूहवाचक** संज्ञाएँ भी सम्मिलित हैं।

**द्रव्यवाचक संज्ञा** - किसी पदार्थ या द्रव्य का बोध कराने वाले शब्दों को द्रव्यवाचक कहते हैं। उदाहरणतया - सोना, चाँदी, ऊन, लकड़ी, ताँबा आदि।

**समूहवाचक संज्ञा** - जिस शब्द से किसी समूह या समुदाय का ज्ञान होता हैं, उसे समूहवाचक संज्ञा कहते है। जैसे-सेना, कक्षा, परिवार, झुंड, भीड़, जलूस, आदि।

३. **भाववाचक संज्ञा** - किसी गुण, दशा, स्वभाव, कार्य, भाव या स्वभाव का बोध करानेवाले शब्दों को भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-

गुण-दोष - चौड़ाई, लंबाई, सुंदरता, कुरूपता, चतुराई

दशा - बुढ़ापा, यौवन, प्यास

भाव - आशा, स्वार्थ, शत्रुता, शांति, क्रोध

कार्य - सहायता, प्रशंसा, सलाह

**व्यक्तिवाचक संज्ञा का जातिवाचक के रूप में प्रयोग**

कई बार कोई व्यक्तिवाचक संज्ञा जातिवाचक के रूप में प्रयुक्त होने लगती है। जैसे-

विभीषणों से बचो।

©KTBS Not to be republished

इन्हीं जयचंदों के कारण देश पराधीन हुआ।

नेताजी के बलिदान से धरती पर अनेक सुभाष पैदा हो गए।

यहाँ 'विभीषण','जयचंद' और 'सुभाष' क्रमशः 'घरभेदियों','गद्दारों' तथा 'क्रांतिकारियों' के लिए प्रयुक्त हुए हैं।

**जातिवाचक संज्ञा का व्यक्तिवाचक रूप में प्रयोग**

कई बार जातिवाचक संज्ञा का प्रयोग किसी व्यक्ति विशेष के लिए होने लगता है। उदाहरणतया -

उन दिनों **पंडित** जी देश के प्रधानमंत्री थे।

**महात्मा जी** ने अहिंसात्मक आंदोलन का पक्ष लिया।

**शास्त्री जी** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री थे।

यहाँ 'पंडित जी' सभी पंडितों के लिए न प्रयुक्त होकर पंडित नेहरू के लिए प्रयुक्त हुआ है। 'महात्मा जी' महात्मा गाँधी के लिए तथा 'शास्त्री जी' लालबहादुर शास्त्री के लिए प्रयुक्त हुआ है।

भाववाचक संज्ञा का जातिवाचक रूप में प्रयोग जब भाववाचक संज्ञा बहुवचन में प्रयुक्त होती है तो वह जातिवाचक रूप घारण कर लेती है। यथा -

बुराई से बुराइयाँ - बुराइयों से बचो

©KTBS Not to be republished

दूरी से दूरियाँ - जाने कब हम दोनों के बीच दूरियाँ बढ़ गईं।

प्रार्थना से प्रार्थनाएँ - सच्ची प्रार्थनाएँ कभी व्यर्थ नहीं जातीं।

पढ़ाई से पढ़-इयाँ - गरीबों को बच्चों की पढ़ाइयाँ ही मार देती हैं।

## भाववाचक संज्ञाओं की रचना

भाववाचक संज्ञाएँ रूढ़ भी होती हैं तथा निर्मित भी। निर्मित भाववाचक संज्ञाएँ पाँच प्रकार के शब्दों से बनती हैं।

१. जातिवाचक संज्ञाओं से
२. सर्वनामों से
३. विशेषणों से
४. अव्ययों से
५. क्रियाओं से

नीचे कुछ महत्वपूर्ण भाववाचक संज्ञाएँ दी जा रही हैं-

### १. जातिवाचक संज्ञा से

| **शब्द** | **भाववाचक संज्ञा** | **शब्द** | **भाववाचक संज्ञा** |
|---|---|---|---|
| आदमी | आदमीयत | बूढ़ा | बुढ़ापा |
| इनसान | इनसानियत | तरुण | तरुणई |
| ईश्वर | ऐश्वर्य, ईश्वरत्व | भाई | भाईचारा |
| किशोर | कैशोर्य | भ्रातृ | भ्रातृत्व |
| कुमार | कौमार्य | मनुष्य | मनुष्यता |

©KTBS Not to be republished

**२. सर्वनाम से**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपना | अपनापन/अपनत्व | पराया | परायापन |
| अहं | अहंकार | मम | ममता, ममत्व |
| आप | आपा | सर्व | सर्वस्व |
| निज | निजता, निजत्व | स्व | स्वत्व |

**३. विशेषण से**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अच्छा | अच्छाई | तीव्र | तीव्रता |
| अजनबी | अजनबीपन | दुष्ट | दुष्टता |
| अन्यायी | अन्याय | कठोर | कठोरता |

**४. अव्ययों से**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ऊपर | ऊपरी | निकट | निकटता, नैकट्य |
| दूर | दूरी | नीचे | निचाई |
| धिक् | धिक्कार | मना | मनाही |

**५. क्रियाओं से**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अस्ति | अस्तित्व | दौड़ना | दौड़ |
| उड़ना | उड़ान | धोना | धुलाई |
| उतरना | उतराई, उतार | पढ़ना | पढ़ाई |

©KTBS Not to be republished

# लिंग

शब्द के जिस रूप से यह पता चले कि वह पुरुष जाति का है या स्त्री जाति का, उसे लिंग कहते हैं। हिंदी में दो लिंग हैं - पुल्लिंग और स्त्री लिंग। हर एक संज्ञा शब्द या  तो पुल्लिंगवाची होगा या स्त्रीलिंगवाची। लेकिन कुछ शब्द ऐसे भी होते हैं जिनका प्रयोग दोनों लिंगों (पुल्लिंग और स्त्रीलिंग) में हो सकता है। इन शब्दों में लिंग परिवर्तन नहीं होता। जैसे मंत्री, डॉक्टर, इंजीनियर, चैयरमन, मैनेजर आदि।

**उदाः** मंत्री जी आ रहे हैं-मंत्री जी आ रही हैं। डॉक्टर आ रहे हैं- डॉक्टर आ रही हैं।

**शब्दों का लिंग-परिवर्तनः**

हिंदी में अधिकतर पुल्लिंग शब्दों से स्त्रीलिंग शब्द बनाए जाते हैं। इसलिए मूल पुल्लिंग शब्दों में प्रत्यय जोड़कर स्त्रीलिंग शब्द बनाए जाते हैं। नीचे पुल्लिंग शब्दों से स्त्रीलिंग बनाने के कुछ नियम दिए जा रहे हैं।

**१. 'आनी' प्रत्यय से बननेवाले स्त्रीलिंग शब्दः**

(अ - आनी / आणी)

नौकर - नौकरानी          जेठ - जेठानी

इंद्र - इंद्राणी          देवर - देवरानी

क्षत्रिय - क्षत्राणी

©KTBS Not to be republished

**२. 'आइन' प्रत्यय से बननेवाले स्त्रीलिंग शब्दः**

(अ, आ, ई, ऊ, ए - आइन)

पंडित - पंडिताइन　　गुरु - गुरुआइन

ठाकुर - ठाकुराइन　　वाबू - बबुआइन

**३. 'ई' प्रत्यय से बननेवाले स्त्रीलिंग शब्दः**

(अ, आ - ई)

लड़का - लड़की　　मामा - मामी

दादा - दादी　　बेटा - बेटी

बकरा - बकरी

**४. 'इया' प्रत्यय से बननेवाले स्त्रीलिंग शब्दः**

(आ - इया )

बूढ़ा - बुढ़िया　　कुत्ता - कुतिया

बेटा - बिटिया　　चूहा - चुहिया

**५. 'इन' प्रत्यय से बननेवाले स्त्रीलिंग शब्दः**

मूल शब्द के अंतिम स्वर का लोप हो जाता है और उसके स्थान पर - 'इन' प्रत्यय आ जाता है-

©KTBS Not to be republished

लुहार- लुहारिन　　　　बाघ - बाघिन

सुनार - सुनारिन　　　　नाग - नागिन

तेली - तेलिन　　　　माली - मालिन

**६. 'नी' प्रत्यय से बनने वाले स्त्रीलिंग शब्द:**

(अ - अनी)

शेर - शेरनी　　　　ऊँट -ऊँटनी

मोर - मोरनी

**७. 'इनी' प्रत्यय से बननेवाले स्त्रीलिंग शब्द:**

(ई-इनी, इणी)

हाथी - हथिनी　　　　स्वामी - स्वामिनी

आज्ञाकारी - आज्ञाकारिणी　　　　हितकारी - हितकारिणी

**८. 'इका' प्रत्यय जोड़कर बननेवाले स्त्रीलिंग शब्द:**

नायक - नायिका　　　　बालक - बालिका

शिक्षक - शिक्षिका　　　　अध्यापक - अध्यापिका

लेखक - लेखिका

©KTBS Not to be republished

**९. कुछ संज्ञा शब्द जिनके अंत में वान / मान आते हैं उनके स्थान पर वती / मती स्त्रीवाची प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग बनाए जाते हैं।**

गुणवान - गुणवती          शक्तिमान - शक्तिमती

श्रीमान - श्रीमती          आयुष्मान - आयुष्मती

रूपवान - रूपवती          भगवान - भगवती

**१०. कुछ शब्दों में मूल शब्द स्त्रीलिंगवाची होते हैं और उनमें प्रत्यय जोड़कर पुल्लिंग रूप बनाये जाते हैं। जैसे -**

मौसी - मौसा          बहन - बहनोई

जीजी - जीजा          ननद - ननदोई

**११. 'आ' प्रत्यय जोड़कर (अ - आ) :**

प्रिय - प्रिया          सदस्य - सदस्या

शिष्य - शिष्या          अध्यक्ष - अध्यक्षा

मूर्ख - मूर्खा          आचार्य - आचार्या

**१२. कुछ तत्सम शब्दों में 'ता' को 'त्री' करने से स्त्रीलिंग बनते हैं।**

(ता - त्री)

कर्ता - कर्त्री          रचयिता - रचयित्री

अभिनेता - अभिनेत्री

Not to be republished ©KTBS

**१३. नित्य पुल्लिंग या नित्य स्त्रीलिंग शब्दों में 'मादा' या 'नर' शब्द लगाने से:**

कौआ - नर (पुल्लिंग) - मादा कौआ (स्त्रीलिंग)

भेड़िया - नर (पुल्लिंग) - मादा भेड़िया (स्त्रीलिंग)

**१४. भिन्न रूपवाले स्त्रीलिंग शब्द:**

| | |
|---|---|
| मामा -मामी | पुरुष - स्त्री |
| कवि - कवयित्री | बाप- माँ |
| विधुर - विधवा | वर - वधू |

*****

©KTBS Not to be republished

# वचन (Number)

**परिभाषा**-शब्द के जिस रूप से उसके एक अथवा अनेक होने का बोध हो, उसे वचन कहते हैं।

**प्रकार -** हिंदी में दो वचन हैं - एकवचन और बहुवचन।

**एकवचन** - शब्द के जिस रूप से उसके एक (संख्या में) होने का बोध हो, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे - लड़का, पतंग, पुस्तक, गाड़ी, पुरुष आदि।

**बहुवचन** - शब्द के जिस रूप से एक से अधिक व्यक्तियों अथवा वस्तुओं का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे - लड़के, पतंगें, पुस्तकें, गाड़ियाँ, स्त्रियाँ आदि।

**वचन संबंधी नियम**

साधारणतः एक संख्या के लिए एकवचन का और अधिक के लिए बहुवचन का प्रयोग किया जाता है, लेकिन -

**१. आदर प्रकट करने के लिए एकवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग किया जाता है, जैसे -**

(क) महात्मा बुद्ध महान थे। (ख) मेरे पिता व्यापारी हैं।

(ग) गाँधीजी अहिंसा के पुजारी थे।

(घ) गुरुजी आ रहे हैं। (ङ) माताजी पहुँच गई होंगी।

**२. अपना अधिकार, अभिमान या बड़प्पन जताने के लिए भी 'मैं' के स्थान पर कभी-कभी लोग 'हम' बहुवचन का प्रयोग करते हैं। मालिक नौकर से प्रायः ऐसे बात करता है। जैसे-**

**क) हम जा रहे हैं ! हमारे लिए खाना ताओ**

**ख) अकबर ने कहा - हमें शांति चाहिए ।**


©KTBS Not to be republished

# सर्वनाम

जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है उन्हें सर्वनाम कहते हैं ।

उदाहरण : मैं, तू, आप (स्वयं), यह, वह, जो, कोई, कुछ, कौन, क्या ।

सर्वनाम के भेद




**पुरुषवाचक सर्वनाम**

जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग व्यक्तिवाचक संज्ञा के स्थान पर किया जाता है उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं । जैसे - मैं, तुम, हम, आप, वे ।

पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद हैं :

**उत्तम पुरुष :**

इन सर्वनाम का प्रयोग बात कहने या बोलने वाला अपने लिए करता है ।

©KTBS Not to be republished

**उदाहरण :** मैं, मुझे, मेरा, मुझको, हम, हमें, हमारा, हमको ।

**मध्यम पुरुष :**

इन सर्वनाम का प्रयोग बात सुनने वाले के लिए किया जाता है ।

**उदाहरण :** तू, तुझे, तेरा, तुम, तुम्हे, तुम्हारा ।

आदर सूचक : आप, आपको, आपका, आप लोग, आप लोगों को आदि ।

**अन्य पुरुष :**

इन सर्वनाम का प्रयोग बोलने वाला अन्य किसी व्यक्ति के लिए करता है ।

**उदाहरण :** वह, उसने, उसको, उसका, उसे, उसमें, वे, इन्होने, उनको, उनका, उन्हें, उनमे आदि ।

**निजवाचक सर्वनाम**

जो सर्वनाम शब्द करता के स्वयं के लिए प्रयुक्त होते हैं उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते हैं ।

**जैसे :** स्वयं, आप ही, खुद, अपने आप ।

उसने अपने आप को बर्बाद कर लिया ।

श्वेता आप ही चली गयी ।

नोटः इसके 'आप' का प्रयोग अपने लिए / स्वयं (शिश्रष) होता है आदर सूचक 'आप' के लिए नहीं ।

**निश्चयवाचक सर्वनाम :**

जिन सर्वनाम शब्दों से किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध होता है उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं ।

©KTBS Not to be republished

**जैसे :** यह, वह, ये, वे ।

यह मेरी घड़ी है ।

वह एक लड़का है ।

वे इधर ही आ रहे हैं ।

**अनिश्चयवाचक सर्वनाम :**

जिन सर्वनाम शब्दों से किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध नहीं होता है उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं ।

**जैसे :** कुछ, किसी ने (किसने), किसी को, किन्हीं ने, कोई, किन्हीं को ।

लस्सी में कुछ पड़ा है ।

भिखारी को कुछ दे दो ।

कौन आ रहा है ।

राम को किसने बुलाया है ।

शायद किसी ने घंटी बजायी है ।

**सम्बन्धवाचक सर्वनाम :**

जिस सर्वनाम से वाक्य में किसी दूसरे सर्वनाम से सम्बन्ध ज्ञात होता है उसे सम्बन्धवाचक सर्वनाम कहते हैं ।

**जैसे :** जो-सो, जहाँ-वहाँ, जैसा-वैसा, जौन-तौन ।

जहाँ चाह वहाँ राह ।

जैसा बोओगे वैसा काटोगे ।

वह कौन है जो रो पड़ा ।

जो सो गया वो खो गया ।

जो करेगा सो भरेगा ।

©KTBS Not to be republished

**प्रश्नवाचक सर्वनाम :**

जिन सर्वनाम से वाक्य में प्रश्न का बोध होता है उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं ।

**जैसे :** कौन, कहाँ, क्या, कैसे ।

रमेश क्या खा रहा है ।

कमरे मैं कौन बैठा है ।

वे कल कहाँ गए थे ।

आप कैसे हो ।

नोट : कुछ सर्वनाम शब्द ऐसे भी होते हैं जिन्हें संयुक्त सर्वनाम की कोटि में रखा गया हैं ।

**जैसे :** जो कोई, सब कोई, कुछ और, कोई न कोई ।

जो कोई आए उसे रोक लो ।

जाओ, वहाँ कोई न कोई तो मिल ही जायेगा ।

देखो, कुछ और लोग वहाँ हैं ।

कोई-कोई तो बिना बात बहस करता है ।

कौन-कौन आ रहा है ।

किस-किस कमरे में छात्र पढ़ रहे है ।

अपना-अपना बस्ता उठाओ और घर जाओ ।

अब कुछ-कुछ याद आ रहा है ।

©KTBS Not to be republished

(क) हम जा रहे हैं। हमारे लिए खाना लाओ।

(ख) अकबर ने कहा-हमें शांति चाहिए।

**३. कुछ संज्ञा शब्द सदा बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं। जैसे -**

लोग, दर्शन, प्रजा, प्राण, बाल, होश, आँसू, हस्ताक्षर आदि।

(क) कृपया अपने **आँसू** पोंछ डालिए । (ख) भय से उसके तो **प्राण** ही निकल गए।

(ग) पुलिस को देखकर जगमोहन के **होश** उड़ गए। (घ) मेरे **बाल** झड़ते हैं।

(ङ) आजकल **लोग** सीधे मुँह बात तक नहीं करते। (च) आज बेटे के **दर्शन** हुए।

४. आजकल 'तू' एकवचन सर्वनाम का अपमानार्थ या अत्यंत छोटे अथवा अत्यंत प्रिय के लिए ही प्रयोग किया जाता है। सम्मान प्रकट करने के लिए 'तू' के स्थान पर 'तुम' संबोधन किया जाता है।

**५. जनता, वर्षा, पानी, दूध, आग, पुलिस, भीड़, आदि शब्द सदा एकवचन में प्रयुक्त होते हैं।** जैसे - (क) **जनता** ने आंदोलन छेड़ दिया है। (ख) कल बहुत **वर्षा** हुई थी।

(ग) मुझे ठंडा **पानी** चाहिए। (घ) उसे गर्म **दूध** दो।

(ङ) मकान को **आग** ने घेर लिया। (च) **पुलिस** आ गई तो **भीड़** रुक गई।

©KTBS Not to be republished

**६. कुछ एकवचन शब्द - गण, लोग, जन, वृंद, आदि समूहवाचक शब्दों के साथ जुड़कर बहुवचन के रूप में प्रयुक्त होते हैं।** जैसे -

(क) **अध्यापक** गण यहाँ बैठें ।

(ख) **मज़दूर** लोग अपने काम पर जाएँ ।

(ग) **छात्रवृंद** आजकल ग्रीष्मावकाश का आनंद ले रहे हैं।

जिन शब्दों के साथ जाति, दल, सेना, समूह आदि प्रयुक्त होता है, उनका प्रयोग एकवचन में होता है। जैसे-

(क) **मनुष्य-जाति** को स्त्रियों का सम्मान करना चाहिए।

(ख) **छात्र-दल** विश्राम कर रहा है।

(ग) **जन-समूह** कल यहाँ एकत्र होगा।

**७. भाववाचक संज्ञाएँ एकवचन में प्रयुक्त होती हैं।** जैसे -

(क) इन आमों में **मिठास** है।

(ख) कार्यक्रमों की सुंदरता मन को **मोह लेती** है।

**८. धातुओं का बोध करानेवाली जातिवाचक संज्ञाएँ एकवचन में प्रयुक्त होती हैं।** जैसे-

(क) सोना बहुत चमकीला है और लोहा मज़बूत है।

(ख) चाँदी महंगी है, और स्टील सुदंर।

**९. अकारांत, इकारांत, ईकारांत, उकारांत, ऊकारांत, एकारांत, ओकारांत तथा औकारांत पुल्लिंग शब्द परसर्ग-रहित होने पर**

©KTBS Not to be republished

**बहुवचन और एकवचन दोनों स्थितियों में एक-समान रहते हैं; परंतु उनके क्रियारूप का यथारूप व्यवहार करते हैं।** जैसे-

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| बालक खेलता है। | बालक खेलते हैं। |
| डमरू बिक गया। | डमरू बिक गए। |
| छात्र जाता है। | छात्र जाते हैं। |

**वचन बदलने के नियम**

नीचे लिखे वाक्य देखिए-

उनके पास **कारें** हैं। वे **कारों** पर सवार हैं।

अनेक **लड़के** जा रहे थे। अनेक **लड़कों** ने जाने का कार्यक्रम बनाया।

-इन वाक्यों में कारें, कारों, लड़के, लड़कों, बहुवचन के रूप हैं। अतंर यह है कि 'कारें' और 'लड़के' विभक्ति-रहित हैं, जबकि 'कारों' और 'लड़कों' विभक्ति-सहित हैं। अतः बहुवचन दो प्रकार के होते हैं -

(क) विभक्ति-रहित बहुवचन।

(ख) विभक्ति-सहित बहुवचन।

**(क) विभक्ति-रहित बहुवचन बनाने के नियम**

**पुल्लिंग संज्ञाओं के वचन-परिवर्तन**-आकारांत संज्ञाओं के अंतिम 'आ' के स्थान पर 'ए' कर दिया जाता है। जैसे-

©KTBS Not to be republished

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| कपड़ा | कपड़े |
| घड़ा | घड़े |
| घोड़ा | घोड़े |

अपवाद - (i) कुछ शब्दों में यह नियम लागू नहीं होता। जैसे - **संबंधसूचक शब्दों** में-काका, मामा, लाला, पापा, नाना, चाचा, आदि।

**पदसूचक शब्दों में** - दरोगा, पंडा, ओझा, आदि।

**कुछ अन्य आकारांत संस्कृत पुल्लिंग शब्दों में** - राजा, कर्ता, पिता, युवा, देवता, चंद्रमा आदि।

(ii) अकारांत, इकारांत, ईकारांत, उकारांत और ऊकारांत पुल्लिग शब्द के दोनों वचनों के रूप समान रहते हैं। जैसे-

| **एकवचन** | **बहुवचन** | **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| कवि | कवि | योगी | योगी |
| बालक | बालक | साधु | साधु |

**स्त्रीलिंग संज्ञाओं के वचन-परिवर्तन-**

(i) **'अ' को एँ**- अकारांत स्त्रीलिंग संज्ञाओं के अंत में आने वाले 'अ' को 'एँ' कर देते हैं। जैसे-

©KTBS Not to be republished

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| आँख | आँखें | पुस्तक | पुस्तकें |
| कलम | कलमें | बहन | बहनें |
| किताब | किताबें | बात | बातें |

(ii) **याँ**- इकारांत स्त्रीलिंग संज्ञाओं के अंत में 'याँ' जोड़कर एकवचन को बहुवचन बनाया जाता है। जैसे-

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| जाति | जातियाँ | राशि | राशियाँ |
| तिथि | तिथियाँ | लिपि | लिपियाँ |
| निधि | निधियाँ | शक्ति | शक्तियाँ |

(iii) **'ई' को 'इयाँ'** - ईकारांत स्त्रीलिंग संज्ञाओं की अंतिम वर्ण 'ई' को 'इयाँ' कर दिया जाता है। यथा-

| | | | |
|---|---|---|---|
| घोड़ी | घोड़ियाँ | मछली | मछलियाँ |
| टोपी | टोपियाँ | रोटी | रोटियाँ |
| थाली | थालियाँ | लड़की | लड़कियाँ |

(iv) **अनुनासिक**-( ँ)-'या' से अंत होने वाली संज्ञाओं को बहुवचन बनाने के लिए अंत में अनुनासिक ( ँ) जोड़ दिया जाता है। जैसे -

| | | | |
|---|---|---|---|
| कुतिया | कुतियाँ | डिबिया | डिबियाँ |
| गुड़िया | गुड़ियाँ | पुड़िया | पुडियाँ |
| चिड़िया | चिड़ियाँ | बुढ़िया | बुढ़ियाँ |

©KTBS Not to be republished

(v) **'ए'**-ऊकारांत, आकारांत, औकारांत, आदि शेष स्त्रीलिंग संज्ञाओं के अंत में 'एँ' जोड़कर बहुवचन बनाए जाते हैं। और 'ऊ' को ह्रस्व कर दिया जाता है। जैसे -

| | **एकवचन** | **बहुवचन** | **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|---|
| **जैसे :** | अध्यापिका | अध्यापिकाएँ | धेनु | धेनुएँ |
| | आत्मा | आत्माएँ | बहू | बहुएँ |
| | कथा | कथाएँ | भावना | भावनाएँ |

**(ख) विभक्ति सहित संज्ञाओं को बहुवचन बनाने के नियम-**

(i) **'ओं' का समावेश**-संज्ञाओं के अंतिम वर्ण 'अ' तथा 'आ' के स्थान पर 'ओं' हो जाता है। जैसे-

| | | | |
|---|---|---|---|
| खरबूजा | खरबूजों | बंदर | बंदरों |
| घर | घरों | बूढ़ा | बूढ़ों |
| घोड़ा | घोड़ों | मूर्ख | मूर्खों |

(ii) **'आ'** से समाप्त होने वाले जिन शब्दों के विभक्ति-रहित रूपों के बहुवचन में कोई परिवर्तन नहीं होता, उनके विभक्ति-सहित रूपों के अंत में बहुवचन बनाने के लिए 'ओं' प्रत्यय लगता है। जैसे -

| | | | |
|---|---|---|---|
| राजा | राजाओं | माता | माताओं |
| लता | लताओं | योद्धा | योद्धाओं |

(iii) उकारांत या ऊकारांत शब्दों के अंत में **'ओं'** लगाकर बहुवचन बनाए जाते हैं। ऐसी स्थिति में 'ऊ' का ह्रस्व 'उ' हो जाता है।

©KTBS Not to be republished

जैसे -

| | | | |
|---|---|---|---|
| गुरु | गुरुओं | भालू | भालुओं |
| डाकू | डाकुओं | वधू | वधुओं |
| बहु | बहुओं | | |

(iv) **ओ-'अ' और 'आ'** से समाप्त होने वाले शब्दों में संबोधन करते समय अंतिम स्वर बदलकर **'ओ'** हो जाता है। जैसे -

| | | | |
|---|---|---|---|
| कन्या | कन्याओ! | लड़का | लड़को! |
| बहन | बहनो! | लोग | लोगो! |

(v) **यों-'इ' तथा 'ई'** - से अंत होने वाले विभक्ति- युक्त बहुवचन में 'यों' लगता है। ऐसी स्थिति में 'ई' का ह्रस्व 'इ' हो जाता है। जैसे -

| | | | |
|---|---|---|---|
| कहानी | कहानियों | मुनि | मुनियों |
| गली | गलियों | रात्रि | रात्रियों |
| गाड़ी | गाड़ियों | लड़की | लड़कियों |

(vi) **यो**-संबोधन करते समय इकारांत शब्दों में 'यो' का समावेश हो जाता है। जैसे -

| | | | |
|---|---|---|---|
| मुनि | मुनियो! | भाई | भाइयो ! |
| लड़की | लड़कियो ! | सिपाही | सिपाहियो ! |

*****

©KTBS Not to be republished

# विशेषण (Adjective)

निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों (पदों) पर ध्यान दीजिए :

१. मदन <u>काली</u> कमीज़ पहनकर स्कूल आया।

२. मेरा <u>छोटा</u> भाई बहुत शरारती है।

३. आपके लिए वे <u>मीठे</u> संतरे लेकर आए हैं।

उपर्युक्त वाक्यों में 'काली', 'छोटा' तथा 'मीठे' शब्द अपनी-अपनी संज्ञाओं के गुण बता रहे हैं कि कमीज़ का रंग काला है, भाई छोटा है तथा संतरों का स्वाद मीठा है। 'पाँच लीटर', 'थोड़ी - सी' शब्द अपनी-अपनी संज्ञाओं का परिमाण (मात्रा) बता रही हैं। 'दस-बारह' से मज़दूरों की संख्या का पता चल रहा है तथा 'मेरा' बेटे के विषय में बता रहा है कि वह किसका बेटा है। कहने का तात्पर्य है कि ये समस्त शब्द किसी-न-किसी रूप में अपने आगे आने वाली संज्ञाओं की किसी-न-किसी विशेषता को प्रकट कर रहे हैं। व्याकरण में ये शब्द संज्ञा के पूर्व लगकर उसकी विशेषता बताते हैं। अतः इन्हें **'विशेषण'** कहा जाता है।

जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता (गुण, संख्या, मात्रा या परिमाण आदि) बताते हैं, **'विशेषण'** कहे जाते हैं।

विशेषण शब्द जिस शब्द (संज्ञा या सर्वनाम) की विशेषता बताते हैं, उन शब्दों को 'विशेष्य' के नाम से जाना जाता है। जैसे-लड़की, सरला, रघु, वह आदि।


इस प्रकार हम पाते हैं कि विशेषण के प्रयोग से विशेष्य वस्तु का यथार्थ परिचय तो मिलता ही है, साथ ही साथ भाषा भी प्रभावशाली हो

Not to be republished ©KTBS

जाती है। 'विशेषण' व्यक्ति, प्राणी, वस्तु, आदि का स्वरूप स्पष्ट कर, उसे उसके वर्ग से अलग दर्शाकर उसकी विशेषताओं का परिचय देता है।

**विशेषण के भेद**

अर्थ की दृष्टि से विशेषण के मुख्य चार भेद हैं :




१. गुणवाचक विशेषण

२. संख्यावाचक विशेषण

३. परिमाणवाचक विशेषण

४. सार्वनामिक विशेषण

**१. गुणवाचक विशेषण**-संज्ञा या सर्वनाम के गुण या दोष का बोध कराने वाले शब्द 'गुणवाचक विशेषण' कहलाते हैं। जैसे - वह व्यक्ति दयावान हैं। अन्य कुछ उदा : अच्छा, दानी, काला, लंबा आदि।

©KTBS Not to be republished

**गुणवाचक विशेषण के अंतर्गत निम्नलिखित प्रकार के विशेषण पाए जाते हैं:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | गुणबोधक | - | अच्छा, दानी, न्यायी, कृपालु। |
| २. | दोषबोधक | - | झूठा, पापी, दुष्ट, कंजूस, अभिमानी। |
| ३. | स्वादबोधक | - | खट्टा, मीठा, कड़वा, तीखा, नमकीन। |
| ४. | गंधबोधक | - | खुशबूदार, सुगंधित, दुर्गंधित, बदबूदार। |
| ५. | रंगबोधक | - | काला, पीला, सुनहरा, नीला, हरा। |
| ६. | आकारबोधक | - | मोटा, लंबा, छोटा, चौकोर, गोल। |
| ७. | स्पर्शबोधक | - | कठोर, नरम, गुदागुदा, मुलायम, नरम, सख्त। |
| ८. | ध्वनिबोधक | - | मधुर, कर्कश। |
| ९. | कालबोधक | - | कल, परसों, पुरानी, प्राचीन, नवीन, क्षणिक, दैनिक, साप्ताहिक, मासिक । |
| १०. | स्थानबोधक | - | ग्रामीण, शहरी, विदेशी, जयपुरी, चीनी। |
| ११. | दशाबोधक | - | रोगी, निरोगी, रुग्ण, बीमार, बिगड़ा हुआ। |
| १२. | स्थितिबोधक | - | अगला, पिछला, पहला, पाँचवाँ, अंतिम। |
| १३. | दिशाबोधक | - | पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी, भीतरी, बाहरी। |
| १४. | अवस्थाबोधक | - | गीला, सूखा, नम, शुष्क, तला हुआ, जला हुआ। |

©KTBS Not to be republished

२.	**संख्यावाचक विशेषण** - जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध होता है, वह 'संख्यावाचक विशेषण' कहलाते हैं। संख्यावाचक विशेषण के दो भेद हैं :

**(क) निश्चित संख्यावाचक** (ख) अनिश्चित संख्यावाचक

(क) निश्चित संख्यावाचक - जिनसे निश्चित संख्या का बोध होता है, वे 'निश्चित संख्यावाचक विशेषण' कहलाते हैं। जैसे-दस विद्यार्थी, पाँच केले, चार वृक्ष आदि।

(ख) अनिश्चित संख्यावाचक - इनसे निश्चित संख्या का बोध नहीं होता। जैसे -कुछ आम, थोड़े केले, कुछ लड़के, कई दर्शक आदि।

३. **परिमाणवाचक -** मात्रा या तोल बताने वाले विशेषणों को 'परिमाणवाचक विशेषण' कहते हैं। जैसे-दस किलो चावल, चार किलो आटा, चार गज़ ज़मीन, थोड़ा अनाज़ आदि।

परिमाणवाचक विशेषण के भी दो भेद हैं -(क) निश्चित परिमाणवाचक, (ख) अनिश्चित परिमाणवाचक

**(क) निश्चित परिमाणवाचक** - जिन शब्दों से निश्चित परिमाण का बोध होता है, वे 'निश्चित परिमाणवाचक' विशेषण कहलाते हैं। जैसे-चार किलो दाल, दो मीटर कपड़ा आदि।

**(ख) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण** - जिन शब्दों से परिमण की अनिश्चितता का बोध हो, वे अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं। जैसे-कुछ दाल, थोड़ा आटा, बहुत चीनी आदि।

**संख्यावाचक विशेषण और परिमाणवाचक विशेषण में अंतर** - संख्यावाचक विशेषण का प्रयोग गणनीय वस्तुओं के लिए होता है, जबकी

©KTBS Not to be republished

परिमाणवाचक विशेषण का प्रयोग अगणनीय वस्तुओं के लिए किया जाता है। सेब, पेंसिल, लड़के आदि गणनीय वस्तु हैं तो चावल, कपड़ा, ज़मीन आदि अगणनीय वस्तु।

**४. सार्वनामिक विशेषण -** जिन सर्वनामों का प्रयोग विशेषण के रूप में होता है, वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं। जैसे -

**वह** लड़का भला है।

**कोई** स्त्री द्‌वार पर आकर खड़ी है।

**यह** पुस्तक तुम्हारी है।

इन वाक्यों में वह, कोई, तथा यह सर्वनाम होते हुए भी विशेषण के रूप में प्रयुक्त किए गए हैं। इसलिए ये सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं। पुरुषवाचक (मैं, हम, तू, तुम) तथा निजवाचक (आप) सर्वनामों के अलावा शेष सभी सर्वनाम, सार्वनामिक रूप में प्रयोग में लाए जाते हैं। पाया जाता है कि पुरुषवाचक तथा निजवाचक सर्वनाम के संबंधकारकीय रूप विशेषण के समान प्रयुक्त किए जा सकते हैं। जैसे-मैं से मेरा, मेरी; तुम से तुम्हारा, तुम्हारी तथा हम से हमारा, हमारी।

**५. सार्वनामिक विशेषण तथा सर्वनाम** - कुछ लोग सर्वनाम तथा सार्वनामिक विशेषणों में अंतर नहीं करते। वस्तुतः दोनों रूप-रचना के स्तर पर समान होते हैं, केवल वाक्य में प्रयोग के स्तर पर दोनों में अंतर हो जाता है।

'सर्वनाम' के विषय में आप जानते ही हैं कि ये वे शब्द हैं जो संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं और वही प्रकार्य (function) करते हैं जो वह संज्ञा कर रही थी। जैसे- 'मोहन ईमानदार लड़का है। वह कभी झूठ

©KTBS Not to be republished

नहीं बोलता। उसके पिताजी अध्यापक हैं’। लेकिन जब सर्वनाम किसी संज्ञा (विशेष्य) के साथ लगकर उस संज्ञा की विशेषता बताते हैं तब वे **सार्वनामिक विशेषण** कहे जाते हैं, जैसे -

(क) **किसकी** किताब चोरी हुई थी?

(ख) **मेरे** भाई अमेरिका जा रहे हैं।

(ग) उनके पास खाने के लिए **कुछ भी** सामान नहीं है।

**विशेषण शब्दों की रचना** - कुछ शब्द मूल रूप में ही विशेषण होते हैं। लेकिन कुछ शब्दों (संज्ञा, सर्वनाम तथा क्रिया) की रचना उपसर्ग तथा प्रत्यय लगाकर की जाती है। जैसे-वर्ष से वार्षिक, अंक से अंकित, पुष्प से पुष्पित।

**उपसर्गों से विशेषण रचना**

**शब्द में ‘अ’ जोड़कर :**

अ + समर्थ = असमर्थ, अयोग्य, अबोध।

शब्द में **‘स’** जोड़कर :

स + पूत = सपूत, सजल, सफल, सजीव।

नि जोड़कर :

**‘नि’ :** + दोष = निर्दोष, निर्मम, निर्गुण, निर्मल, निष्ठुर।

‘बे’ जोड़कर :

बे + ईमान = बेईमान, बेवकूफ, बेचारा, बेकसूर।

‘ला’ जोड़कर :

©KTBS Not to be republished

ला + इलाज = लाइलाज, लाचार, लावारिस, लाजवाब।

**प्रत्ययों से विशेषण रचना**

| | शब्द | | विशेषण | शब्द | - | विशेषण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **इक** | धर्म | - | धार्मिक | अलंकार | - | आलंकारिक |
| | आत्मा | - | आत्मिक | लोक | - | लौकिक |
| | करुणा | - | कारुणिक | संप्रदाय | - | सांप्रदायिक |
| | मास | - | मासिक | इच्छा | - | ऐच्छिक |
| | नगर | - | नागरिक | सप्ताह | - | साप्ताहिक |
| | परिवार | - | परिवारिक | मुख | - | मौखिक |
| | पक्ष | - | पाक्षिक | | | |
| **इत्** | ध्वनि | - | ध्वनित | अपमान | - | अपमानित |
| | लक्ष्य | - | लक्षित | योजना | - | योजित |
| | उपेक्षा | - | उपेक्षित | तरंग | - | तरंगित |

**क्रिया**

जिस शब्द से कार्य का करना या होना पाया जाए, उसे क्रिया कहते हैं। जैसे :

(क) बबिता खाना खा रही है। (ख) बच्चे खेल रहे हैं।

यदि इन वाक्यों के साथ हम 'क्या करता है' या 'क्या कर रहा है'? आदि प्रश्नों को जोड़कर उनका उत्तर ढूँढें तो क्रमशः 'खाना खा रही है'

Not to be republished ©KTBS

तथा 'खेल रहे हैं' उत्तर प्राप्त होंगे। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि वाक्य का जो अंश इन प्रश्नों का उत्तर देता है, उसे क्रिया कहते हैं। बिना क्रिया के कोई भी वाक्य पूर्ण नहीं होता। क्रिया को देखकर ही कर्ता या कर्म का अनुमान लगाया जा सकता है। कर्ता एकवचन है या बहुवचन, पुल्लिंग है या स्त्रीलिंग, सजीव है या निर्जीव, उत्तम पुरुष में, मध्यम पुरुष में या अन्य पुरुष में है, इसकी जानकारी भी क्रिया के द्‌वारा ही होती है। काल का ज्ञान भी क्रिया से ही होता है।

**धातु** - धातु का अर्थ है : मूल या बीजाक्षर। किसी क्रिया के विभिन्न रूपों में जो अंश समान रूप से मिलता है, उसे उस क्रिया की धातु कहा जाता है। इस प्रकार "**क्रिया के मूल रूप 'को' धातु कहते हैं**"। जिस प्रकार सोना, चाँदी, आदि धातुओं से हार, कंगन, झुमके, बालियाँ, नथ, इत्यादि आभूषण बनाए जाते हैं, उसी प्रकार 'चल' धातु से चलना, चला, चले, चलो, चलेंगे; 'पढ़' धातु से पढ़ना, पढ़े, पढ़ेगा, इत्यादि क्रिया पद रूप बनाए जाते हैं। आ, जा, खा, पी, चल, सुन, देख, पढ़, आदि प्रत्येक धातु के मूल रूप में 'ना' जोड़कर क्रिया का सामान्य रूप बनाया जाता है। जैसे-आना, जाना, खाना, पीना, चलना, सुनना, देखना, पढ़ना, आदि। ये 'क्रियाएँ संज्ञा' का भी काम करती हैं और कर्म का भी। ऐसे रूपों को क्रियार्थक संज्ञा कहा जाता है। इन क्रियाओं में से 'ना' निकाल देने से क्रिया पुनः धातु में परिवर्तित हो जाती है।

पढ़ + ना = पढ़ना, मार + ना = मारना, उठ + ना = उठना।

मूल धातु का प्रयोग मात्र 'तू' के साथ आज्ञार्थक क्रिया के रूप में ही किया जाता है। जैसे-तू मेरे साथ चल; तू खाना खा; तू कहानी सुन। कुछ धातुओं का प्रयोग शुद्‌ध भाववाचक संज्ञा की तरह होता है जैसे-समझ, लूट, डर, मार, माँग, आदि।

©KTBS Not to be republished

**उदाहरण :**

(क) यह बात उसकी <u>समझ</u> में नहीं आई।

(ख) चोर घर को <u>लूट</u> कर चले गए।

**क्रिया की रचना**

क्रिया की रचना तीन प्रकार के शब्दों से होती है :

**धातु से** - पढ़= पढ़ना, पढ़ता।

खा = खाना, खाता, खाया।


**संज्ञा से** - आलस्य =अलसाना, अलसाता।

फरकार = फटकारना, फटकारता।

**विशेषण से** - टिमटिम = टिमटिमाता, टिमटिमाना।

भिनभिन = भिनभिनाना, भिनभिनाता।

**प्रयोग के आधार पर क्रिया के भेद -**




प्रयोग के आधार पर क्रिया के मुख्य दो भेद हैं :

१. सकर्मक २. अकर्मक

©KTBS Not to be republished

१. **सकर्मक** - सकर्मक का अर्थ है - कर्म के साथ। जिस क्रिया का फल कर्ता को छोड़कर कर्म पर पड़े, वह क्रिया सकर्मक क्रिया कहलाती है, जैसे-बच्चा दूध पी रहा है।

राधा किताब पढ़ रही है।

इन वाक्यों के कर्ता और क्रिया के बीच यदि 'क्या' प्रश्न किया जाए, तो उत्तर स्वरूप क्रमशः 'दूध' तथा 'किताब' आते हैं। जैसे - बच्चा क्या पी रहा है, दूध; राधा क्या पढ़ रही है, 'किताब' सकर्मक क्रिया की सबसे बड़ी पहचान यही है।

कर्म के आधार पर सकर्मक क्रिया के निम्नलिखित दो भेद हैं :

**(क) एककर्मक** - जिस क्रिया का मात्र एक ही कर्म होता है, वह 'एककर्मक' क्रिया कहलाती है। जैसे :

राधा कपड़े धो रही है।    माँ खाना बना रही है।

**(ख) द्विकर्मक** - जिस क्रिया के दो कर्म होते हैं, वह 'द्विकर्मक क्रिया' कहलाती है। इन दो कर्मों में प्रथम कर्म प्राणीवाचक तथा द्विकर्मक कर्म अप्राणीवाचक होता है। प्राणीवाचक कर्म गौण कर्म तथा अप्राणीवाचक कर्म प्रायः मुख्य कर्म होता है। मुख्य कर्म विभक्ति चिह्न राहित तथा गौण कर्म विभक्ति चिह्न सहित होता है। जैसे :

माला ने **राधा** को **पुस्तक** दी। पिता ने **पुत्र** को **पैसे** दिए।

इन वाक्यों की क्रिया के साथ यदि 'क्या', 'किसे' और 'किसको' प्रश्नों को किया जाए तो उत्तर क्रमशः 'पुस्तक' और 'राधा' तथा 'पैसे' और 'पुत्र' आते हैं। जैसे - माला ने राधा को पुस्तक दी। क्या दी? पुस्तक दी। किसे दी? राधा को दी। द्विकर्मक क्रिया की सबसे बड़ी पहचान यही है।

©KTBS Not to be republished

**कुछ प्रमुख अकर्मक क्रियाएँ :**

अकड़ना, डूबना, आना, उगना, जाना, उछलना, कूदना, गिरना, बैठना, दौड़ना, ठहरना, सोना, जागना, बढ़ना, आदि।

**अकर्मक से सकर्मक क्रिया बनाना :**

| **अकर्मक** | | **सकर्मक** | **अकर्मक** | | **सकर्मक** |
|---|---|---|---|---|---|
| ठहरना | - | ठहराव | कूदना | - | कूदा |
| लेटना | - | लेटाना | हँसना | - | हँसी |
| गिरना | - | गिराना, गिरावट | तड़पना | - | तड़पाना |

# अव्यय

**'अव्यय'** शब्द का अर्थ है, जिस शब्द का कुछ भी व्यय न होता हो। **अतः अव्यय वे शब्द हैं जिनके रूप में लिंग, वचन, पुरुष, काल, आदि व्याकरणिक कोटियों के प्रभाव से कोई परिवर्तन नहीं होता।** अतः अव्यय शब्दों को अविकारी शब्द भी कहा जाता है। आज, कल, तेज, धीरे, ओह, किंतु, पर, ताकि आदि अव्यय के उदाहरण हैं।

**अव्यय शब्दों के भेद**

अव्यय

क्रियाविशेषण | संबंधबोधक | समुच्चयबोधक | विस्मयादिबोधक | निपात

©KTBS Not to be republished

## १. **क्रियाविशेषण**

निम्नलिखित वाक्यों में मोटे शब्दों पर ध्यान दीजिए -

(क) बच्चे **धीरे-धीरे** चल रहे थे।

(ख) वे लोग **रात को** पहूँचे ।

(ग) आप **यहाँ** बैठिए।

(ध) बच्चा **बहुत** रोया।

मोटे शब्द, क्रिया के पहले लगकर उसकी विशेषता प्रकट कर रहे हैं। अतः कहा जा सकता है कि

वे अविकारी (अव्यय) शब्द जो क्रिया की विशेषता प्रकट करते हैं, **क्रियाविशेषण कहे जाते हैं**।

क्रिया की विशेषता प्राय: चार प्रकार से बताई जाती है। क्रिया किस रीति से संपन्न हो रही है, जैसे - धीरे-धीरे; तेज़ी से। कहाँ घटित हो रही है, जैसे - यहाँ, वहाँ। कब घटित हो रही है, जैसे - शाम को, सुबह को, रात को। इसके अलावा क्रिया की मात्रागत विशेषता भी थोड़ा, बहुत, काफ़ी आदि शब्दों से बताई जा सकती है। इन्हीं आधारों पर क्रियाविशेषण के चार भेद हो जाते हैं -

©KTBS Not to be republished

क्रियाविशेषण

रीतिवाचक क्रियाविशेषण | स्थानवाचक क्रियाविशेषण | कालवाचक क्रियाविशेषण | परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

i) रीतिवाचक ii) स्थानवाचक

iii) कालवाचक iv) परिमाणवाचक

**i) रीतिवाचक क्रियाविशेषण - जिन क्रियाविशेषणों से क्रिया के घटित होने की विधि या रीति से संबंधित विशेषता का पता चलता है, वे रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं।** इसकी पहचान के लिए क्रिया पर 'कैसे/किस प्रकार' के प्रश्न करने चाहिए। इनके उत्तर में जो शब्द प्राप्त होता है, वह 'रीतिवाचक क्रियाविशेषण' है। जैसे -'गाड़ी तेज़ चल रही है' वाक्य में यदि पूछा जाए कैसे चल रही है? तो उत्तर मिलेगा 'तेज़'। अतः 'तेज़' रीतिवाचक क्रियाविशेषण है। रीतिवाचक क्रियाविशेषण शब्दों के अन्य उदाहरण हैं - अचानक, तेज़ी से, भली-भाँति, जल्दी से आदि। देखिए कुछ वाक्य -

(क) गाड़ी प्लेटफार्म पर **अचानक** आ गई।

(ख) मैं उनसे **भली-भाँति** परिचित हूँ।

(ग) तुम तो **झटपट** काम करो।

©KTBS Not to be republished

**ii) स्थानवाचक क्रियाविशेषण - क्रिया के घटित होने के स्थान के विषय में बोध कराने वाले क्रियाविशेषण शब्द स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं।** जैसे-यहाँ, वहाँ, इधर, उधर, नीचे, ऊपर, बाहर, भीतर, आसपास, घर में, स्टेशन पर आदि।

ये दो प्रकार के होते हैं–

**(क) स्थितिबोधक:** जैसे–आगे,पीछे,आर–पार, भीतर, बाहर, सर्वत्र, पास, दूर, यहाँ, वहाँ आदि ।

**(ख) दिशाबोधक:** जैसे–ऊपर की ओर, नीचे की तरफ, इधर–उधर, चारों ओर आदि।

स्थानवाचक क्रियाविशेषणों की पहचान के लिए क्रिया पर 'कहाँ' प्रश्न करना चाहिए । इसके उत्तर में जो शब्द प्राप्त होता है, वह स्थानवाचक क्रियाविशेषण है। जैसे 'कमला ऊपर बैठी है'– वाक्य में यदि पूछा जाए–कहाँ बैठी है ? तो उत्तर मिलेगा 'ऊपर' । अतः 'उत्तर' स्थानवाचक क्रियाविशेषण है ।

(iii) कालवाचक क्रियाविशेषण – **वे शब्द जो क्रिया के घटित होने के समय से संबंध विशेषता को बताते हैं, कालवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं।** जैसे–आजकल, कभी, प्रतिदिन, रोज़, सुबह, अकसर, रात को, चार बजे, हर साल आदि। इनकी पहचान के लिए क्रिया पर 'कब' प्रश्न करना चाहिए । इसके उत्तर में जो शब्द प्राप्त होगा, वह

©KTBS Not to be republished

कालवाचक क्रियाविशेषण है । जैसे–'गुरु जी अभी आए हैं'– वाक्य में यदि पूछा जाए–कब आए? तो उत्तर मिलेगा 'अभी'। अतः 'अभी' कालवाचक क्रियाविशेषण है।

कालवाचक क्रियाविशेषण तीन प्रकार के होते हैं–

(i) काल बिंदुवाचक : प्रातः, सायं, आज, अभी, अब , जब कभी, कल आदि ।

(ii) अवधिवाचक : हमेशा, लगातर, आजकल, सदैव, दिनभर, नित्य आदि ।

(iii) अवधिवाचक : नित्य, रोज़, हर बार, बहुधा, प्रतिदिन आदि ।

(iv) **परिमाणवाचक क्रियाविशेषण-जिन क्रियाविशेषण से क्रिया के परिमाणें या मात्रा से संबंधित विशेषता का पता चलता है, वेद परिमाणवाच्क क्रियाविशेषण कहलाते हैं ।** इन शब्दों से यह पता चलता है कि क्रिया मात्रा में हुई। अतः इनकी पहचान के लिए क्रिया पर 'कितना/कितनी' प्रश्न करना चाहिए। कुछ उदाहरण देखिए–

१. वह दूध **बहुत** पीता है ।

२. मैं जितना खाता हूँ, **उतना** मोटा होता हूँ।

३. वह **थोड़ा** ही चल सकी ।

इन वाक्यों में स्थूलाक्षर शब्द परिमाणवाचक क्रियाविशेषण हैं।

©KTBS Not to be republished

**क्रियाविशेषणों की रचना** – क्रियाविशेषणों की रचना दो प्रकार से होती है–

**(क) मूल क्रियाविशेषण**–कुछ शब्द मूलतः क्रियाविशेषण ही होते हैं, अर्थात् किसी अन्य शब्द अथवा प्रत्यय के योग के बिना ही प्रयोग में लाए जाते हैं । जैसे–आज, कल, यहीं, इधर, ऊपर, नीचे, ठीक, चाहे आदि ।

**(ख) यौगिक क्रियाविशेषण**–कुछ क्रियाविशेषणों की रचना किसी दूसरे शब्द में प्रत्यय लगाकर होती है। इन्हें यौगिक क्रियाविशेषण कहते हैं । जैसे–यथा + शक्ति = यथाशक्ति, प्रेम + पूर्वक=प्रेमपूर्वक, स्वभाव + तः – स्वभावतः, अन + जाने– अनजाने, दिन + रात– दिनरात, धीरे–धीरे, रातभर आदि ।

विशेष– यद्यपि क्रियाविशेषण अविकारी शब्द हैं तथापि कभी–कभी क्रियाविशेषण शब्दों में भी कुछ परिवर्तन आ जाता है । जैसे–

(क) आम अच्छा **पका** है। लीची अच्छी **पकी** है ।

(ख) कोट अच्छा **धुला** है। साड़ी अच्छी **धुली** है ।

**क्रियाविशेषण संबंधी कुछ महत्वपूर्ण बिंदु :**

* कुछ शब्द तो मूलतः क्रियाविशेषण ही होते हैं। कल, आज, अब, तब, यहाँ, वहाँ, ऊपर, नीचे, हमेशा आदि । परंतु कुछ अन्य शब्दों में प्रत्यय लगाकर या समास द्वारा भी बनाए जाते हैं जैसे–अनजाने,

©KTBS Not to be republished

ध्यानपूर्वक आदि । ऐसे क्रियाविशेषण यौगिक क्रियाविशेषण कहलाते हैं ।

✻ अनेक शब्द ऐसे हैं जो विशेषण तथा क्रियाविशेषण दोनों ही रूपों में प्रतुक्त होते हैं । अत: प्रयोग के आधार पर ही यह निर्णय करना चाहिए कि अमुक शब्द क्रियाविशेषण है या क्रियाविशेषण । जैसे–

१. मुझे **मीठा** केला बहुत पसंद है। (विशेषण)

२. वह बहुत **मीठा** गाती है । (क्रियाविशेषण)

३. वह एक **अच्छी** लड़की है । (विशेषण)

४. वह मुझे **अच्छी** लगती है । (क्रियाविशेषण)

✻ जिस प्रकार विशेषणों की विशेषता बताने वाले क्रियाविशेषण शब्द विशेषणों के पहले लगते हैं उसी तरह से प्रविशेषणों का प्रयोग बी क्रियाविशेषणों के पहले किया जाता है। जैसे –

१. बच्चा **बहुत** तेज़ी से दौड़ रहा था।

२. आज उसने **थोड़ा** कम खाया।

हिंदी में कालवाचक, रीतीवाचक तथा स्थानवाचक क्रियाविशेषणों का प्रयोग एक ही वाक्य में

संभव है जैसे –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वे | शाम को | कार से | घर | पहुँचेंगे । |
| | कालवाचक | रीतिवाचक | स्थानवाचक | |

©KTBS Not to be republished

**समुच्चयबोधक**


जो अव्यय पद एक शब्द का दूसरे शब्द से, एक वाक्य का दूसरे वाक्य से अथवा एक वाक्यांश का दूसरे वाक्यांश से संबंध जोड़ते हैं, वे 'समुच्चयबोधक अव्यय' या 'योजक' कहालाते हैं । जैसे-

राधा आज आएगी **और** कल चली जाएगी ।

समुच्चयबोधक के दो प्रमुख भेद हैं:

१. समानाधिकरण समुच्चयबोधक

२. व्याधिकरण समुच्चयबोधक




१. **समानाधिकरण समुच्चयबोधक** अव्यय के निम्नलिखित चार भेद हैं:

(अ) संयोजक (ख) विभाजक (ग) विरोधसूचक (घ) परिणामसूचक

**(क) संयोजक** - जो अव्यय पद दो शब्दों, वाक्यांशों या समान वर्ग

©KTBS Not to be republished

केदो उपवाक्यों में संयोग प्रकट करते हैं, वे 'संयोजक' कहालाते हैं। जैसे–और, तथा, एवं आदि।

(i) राम **और** श्याम भाई–भाई हैं।

(ii) इतिहास **एवं** भूगोल दोनों का अध्ययन करो ।

(iii) फुटवाल **तथा** हाकी दोनो मैच खेलूँगा ।

**(ख) विभाजक या विकल्प**–जो अव्यय पद शब्दों, वाक्यों या वाक्यांशों में विकल्प प्रकट करते हैं, वे 'विकल्प' या 'विभाजक' कहलाते हैं। जैसे–कि, चाहे, अथवा, अन्यथा, या, नहीं, तो ।

(i) तुम ढंग से पढ़ो **अन्यथा** फेल हो जाओगे ।

(ii) **चाहे** ये दे दो **चाहे** वो ।

**(ग) विरोधसूचक**–जो अव्यय पद पहले वाक्य के अर्थ से विरोध प्रकट करें, वे 'विरोधसूचक' कहालाते हैं। जैसे–पर, परंतु, किंतु।

(i) रोटियाँ मोटी **किंतु** स्वादिष्ट थीं ।

(ii) वह आया **परंतु** देर से।

(iii) मैं तो चला जाऊँगा, **लेकिन** तुम्हें भी आना पड़ेगा।

**(घ) परिणामसूचक**–जब अव्यय पद किसी परिणाम की ओर संकेत करता हैं तो 'परिणामसूचक अव्यय' कहलाता है। जैसे–इसलिए, अतएव, अत:, जिससे, जिस कारण।

(i) तुमने मना किया था **इसलिए** मैं नहीं आया ।

Not to be republished ©KTBS

(ii) मैंने यह काम खत्म कर दिया **जिससे** कि तुम्हें आराम मिल सके।

**२. व्याधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय**–वे संयोजक जो एक मुख्य वाक्य में एक या अनेक आश्रित उपवाक्यों को जोड़ते हैं, 'व्याधिकरण समुच्चयबोधक' कहलाते हैं। जैसे–यदि मेहनत करोगे तो फल पाओगे ।

व्याधिकरण समुच्चयबोधक के मुख्य चार भेद हैं।

(i) हेतुबोधक या कारणबोधक,

(ii) संकेतबोधक,

(iii) स्वरूपबोधक,

(iv) उद्‌देश्यबोधक ।

**(क) हेतुबोधक या कारणबोधक**–इस अव्यय के द्‌वारा वाक्य में कार्य–कारण का बोध स्पष्ट होता है। जैसे–क्योंकि, चूंकि, इसलिए, कि, आदि।

(i) वह असमर्थ है **क्योंकि** वह पढ़ता नहीं है ।

(ii) चूँकि मुझे वहाँ जल्दी पहुँचना है, **इसलिए** जल्दी जाना होगा।

**(ख) संकेतबोधक**–प्रथम उपवाक्य के योजक का संकेत अगले उपवाक्य में पाया जाता है। ये प्राय: जोड़े में प्रयुक्त होते हैं। जैसे–जो.... तो, यद्‌यपि....तथापि, चाहे...पर, जैसे.....तैसे।

©KTBS Not to be republished

(i) **ज्योंही** मैंने दरवाजा खोला **त्योंही** बिल्ली अंदर घुस आई ।

(ii) **यद्‌यपि** वह बुद्धिमान है **तथापि** आलसी भी ।

**(ग) स्वरूपबोधक**–जिन अव्यय पदों को पहले उपवाक्य में प्रयुक्त शब्द, वाक्यांश या वाक्य को स्पष्ट करने हेतु प्रयोग में लाया जाए, उसे 'स्वरूपबोधक' कहते हैं । जैसे – यानी, अर्थात्, यहाँ तक कि, मानो आदि ।

(i) वह इतनी सुंदर है **मानो** अप्सरा हो ।

(ii) माँ ने कहा **कि** अब खाना खा लो ।

**(घ) उद्‌देश्यबोधक**–जिन अव्यय पदों से कार्य करने का उद्‌देश्य प्रकट हो, वे 'उद्‌देश्यबोधक' कहलाते हैं। जैसे–जिससे कि, ताकि आदि ।

(i) वह बहुत मेहनत कर रहा है **ताकि** सफल हो सके।

(ii) मेहनत करो **जिससे** कि प्रथम आ सको ।

**संबंधबोधक अव्यय**

जो अव्यय शब्द संज्ञा या सर्वनाम के बाद प्रयुक्त होकर वाक्य में दूसरे शब्दों से उसका संबंध बताते हैं, उन्हें 'संबंधबोधक' या 'परसर्ग' कहते हैं। जैसे–

(i) स्मिता घर **के भीतर** बैठी है ।

(ii) शीत **के कारण** गरीब का बुरा हाल था।

Not to be republished ©KTBS

यहाँ हम पाते हैं कि इन वाक्यों में 'के भीतर' तथा 'के कारण' शब्द संबंधबोधक अव्यय हैं। इन्हें परसर्गीय शब्द भी कहा जा सकता हैं। लेकिन संबंधबोधक अव्यय परसर्ग रहित भी होते हैं। जैसे–मैं रात **भर** जागता रहा। इस प्रकार संबंधबोधक अव्यय के दो रूप हमारे सामने आते हैं :

(क) **परसर्ग सहित**–के बारे, के समान, के सिवा । (ख) **परसर्ग रहित**–भर, बिना, पहले, मात्र, अपेक्षा ।

इस प्रकार–पहले, सामने, आगे, पास, परे, द्वारा, बिना ऊपर, नीचे, भीतर, अंदर, ओर, मध्य, बीच में, बाद, निकट, कारण, साथ, विरुद्ध, पश्चात्, सरीखा, प्रतिकूल, मात्र, उपेक्षा, मार्फत आदि संबंधबोधक अव्यय की कोटि में आते हैं।

अर्थ के अनुसार संबंधबोधक अव्यय के कुल आठ भेद हैं।

१. कालबोधक, २. स्थानबोधक, ३. दिशाबोधक,
४. साधनबोधक ५. विषयबोधक ६. सादृश्यबोधक,
७. मित्रताबोधक, ८. विरोधबोधक।

**१. कालबोधक**–जिन अव्यय शब्दों से काल का बोध हो, वे 'कालबोधक अव्यय' कहालाते हैं । जैसे- से पहले, के लगभग, के पश्चात्।

(i) ट्रेन समय **से पहले** आ गई ।

(ii) उसके जाने के लगभग एक छंटे **बाद** जाऊँगा।

©KTBS Not to be republished

**२. स्थानबोधक**– जिन अव्यय शब्दों से स्थान का बोध हो, वे 'स्थानबोधक अव्यय' कहलाते हैं। ।जैसे–के पास, के समीप, से दूर ।

(i) स्कूल **के पास** ही राजू का घर है।

(ii) तालाब **के किनारे** ही बगीचा है।

**३. दिशाबोधक**–जिन अव्यय शब्दों से दिशा का बोध हो, उसे 'दिशाबोधक अव्यय' कहते हैं। जैसे–की ओर, के आस–पास ।

(i) आग **की ओर** मत जाना ।

(ii) घर **के आस-पास** ही रहना ।

**४. साधनबोधक अव्यय**–जिन अव्यय शब्दों से साधन केबोध हो, उन्हें 'साधनबोधक अव्यय' कहते हैं । जैसे–के द्वारा, के ज़रिए, के मार्फत ।

(i) आपके आने की सूचना श्याम **के द्वारा** मिली।

(ii) उसके **ज़रिए** यह काम होगा ।

**५. विषयबोधक**–जिन अव्यय शब्दों से विषय की जानकारी प्राप्त हो, वे 'विषयबोधक अव्यय', कहलाते हैं जैसे–के बारे, की बाबत आदि ।

(i) गाँधीजी **के बारे में** बहुत कहा गया है।

(ii) मोहन **की बाबत** बात करने आया हूँ ।

**६. सादृशदयबोधक**–जिन अव्यय शब्दों से सादृश्य का बोध हो, वे 'सादृश्यबोधक अव्यय कहलाते हैं । जैसे–के समान, की भाँति,

©KTBS Not to be republished

के योग्य, की तरह, के अनुरूप आदि ।

(i) गांधी जी **के समान** सत्यवादी बनो ।

(ii) आदर्श व्यक्तियों **की भाँति** जीवन जीओ ।

७. **मित्रताबोधक**–जिन अव्यय शब्दों से मित्रता का बोध हो, वे 'मित्रता बोधक अव्यय' कहलाते हैं । जैसे–के अलावा, के बिना, के सिवा आगि ।

(i) मोहन **के सिवा** मेरा कौन है ।

(ii) सविता **के बिना** मैं नहीं जाऊँगा ।

८. **विरोधबोधक**–जिन अव्यय शब्दों से विरोध व्यक्त होता है, वे 'विरोधबोधक अव्यय' कहलाते हैं। जैसे–के विरुद्ध, के खिलाफ आदि ।

(i) उसके **विरुद्ध** मत बोले ।

(ii) मेरे **खिलाफ** कोई चुनाव नहीं लड़ेगा ।

**विस्मयादिबोधक अव्यय**

विस्मय, हर्ष,शोक, आश्चर्य, घृणा, विषाद, आदि भावों को प्रकट करने वाले अविकारी शब्द 'विस्मयादिबोधक अव्यय' कहलाते हैं। इन शब्दों का वाक्य से कोई व्याकरणिक संबंध नहीं होता। अर्थ की दृष्टि से इसके मुख्य आठ भेद हैं :

१. विस्मयसूचक – अरे!, क्या!, सच! ऐं!, ओह!, हैं !

२. हर्षसूचक – वाह!, अहा!, शाबाश!, धन्य !

©KTBS Not to be republished

३. शोकसूचक – ओह!, हाय!, त्राहि–त्राहि!, हाय राम!

४. स्वीकारसूचक – अच्छा!, बहुत अच्छा!, हाँ–हाँ!, ठीक!

५. तिरस्कारसूचक – धिक् !, छिः! हट! , दूर !

६. अनुमोदनसूचक – हाँ–हाँ!, ठीक!, अच्छा !

७. आशीर्वादसूचक – जीते रहो !, चिरंजीवी हो! दीर्घायु हो !

८. संबोधनसूचक – हे!, रे! अरे, ऐ !

इन सभी के अलावा कभी–कभी संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया और क्रियाविशेषण, आदि का प्रयोग भी विस्मयादिबोधक के रूप में होता है. जैसे :

संज्ञा – शिव, शिव!, हे राम! बाप रे !

सर्वनाम – क्या! अच्छा!, धन्य!, ठीक! सच!

****

©KTBS Not to be republished

# पत्रों के प्रकार

पत्रों को मुख्य रूप से निम्नलिखित श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है:

१. अनौपचारिक पत्र, २. औपचारिक पत्र।

**१. अनौपचारिक पत्र** – इन्हें मुख्य रूप से दो भागों में विभाजित किया जा सकता है:

क) पारिवारिक – पत्र (ख) व्यावहारिक – पत्र।

**(क) पारिवारिक** – पत्र–ये पत्र अपने परवार के सदस्यों तथा संबंधियों को लिखे जाते हैं। ये पत्र व्यक्तिगत होते हैं तथा इन पत्रों में भेजने वालों तथा पाने वालों के बीच गहन आत्मीयता होती है। ये पत्र भावना से ओत–प्रेत होते हैं।

**ख) व्यावहारिक** – पत्र–ये पत्र मुख्य रूप से गुरु, मित्र, पड़ोसी और अन्य परिचित लोगों को भेजे जाते हैं। ये निजी नहीं होते बल्कि इसमें औपचारिकता तथा अनौपचारिकता का ध्यान रखा जाता है। निमंत्रण–पत्र, बधाई–पत्र, सहानुभूति–पत्र, अभिनंदन–पत्र तथा यात्रा का उल्लेख करने वाले पत्र इस श्रेणी के अंतर्गत आते हैं।

**२. औपचारिक पत्र** – इन्हें मुख्य रूप से निम्नलिखित तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है:

**(क) आधिकारिक** – पत्र **(ख) व्यावसायिक-पत्र**

**(ग) कार्यालयीन-पत्र**

**(क) आधिकारिक पत्र** – इसके अंतर्गत मुख्य रूप से वे पत्र आते हैं, जो जनता के सदस्यों की ओर से अधिकारियों को लिखे जाते हैं अथवा अधिकारियों के द्वारा जनता के सदस्यों के नाम लिखे जाते हैं।

©KTBS Not to be republished

# अपने मित्र को उसकी वर्षगाँठ पर बधाई - पत्र

२१०, एम०जी० रोड,
फोर्ट, मुंबई।

दिनांक....................

प्रिय मित्र अनिल,

सप्रेम नमस्ते।

वर्षगाँठ के संबंध में तुम्हारा निमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ। मैं तुम्हारी वर्षगाँठ भूला थोड़े ही था; जो तुम्हें याद दिलानी पड़ी। तुम्हारे पत्र मिलने के पूर्व ही मैंने तुम्हें एक छोटा सा उपहार भेजा है। इस अकिंचन की उस छोटी सी भेंट को यदि तुमने सानंद स्वीकार किया तो मैं अपनी मित्रता को सार्थक समझूँगा। क्या करूँ! मैं इस समय तुमसे बहुत दूर हूँ। इच्छा तो थी कि एक बार आकर तुमसे मिल लूँ, लेकिन पिताजी के अस्वस्थ होने के कारण यह संभव नहीं हो सका है। मुझे विश्वास है कि तुम बुरा नहीं मानोगे। तुम्हें अमेरिका के प्रति सदा अकर्षण रहा है। इसी से संबंधित एक पुस्तक जिसमें वहाँ की सचित्र झलकियाँ भी हैं, मैंने तुम्हारे लिए सबसे उचित उपहार समझा। मुझे विश्वास है कि उस पुस्तक से तुम्हें अमेरिका से संबंधित अनेक जानकारियाँ प्राप्त होंगी। तुम अपनी गर्मी की छुट्टियों की योजना के बारे में लिखना। अच्छा होगा कि तुम गर्मियों में मुंबई चले आओ। यहीं से कोई और कार्यक्रम बनाएँगे।

अपने माताजी और पिताजी को मेरा सादर प्रणाम कहना। अपनी वर्षगाँठ पर पुनः एक बार मेरी हार्दिक बधाई स्वीकार करना।

तुम्हारा मित्र,
अशोक।

Not to be republished ©KTBS

**बस में छूटे हुए सामान का पता लगाने के लिए दिल्ली परिवहन निगम के प्रबंधक को एक पत्र**

रमेश वर्मा,
सी-12/38, कमला नगर,
दिल्ली।

दिनांक ..................

सेवा में,
मुख्य प्रबंधक,
दिल्ली परिवहन निगम,
दिल्ली।

महोदय,

मैंने कल शाम अमृतसर से दिल्ली आने वाली 7 बजकर 30 मिनट की बस पकड़ी थी। मुझे कनॉट प्लेस उतरना था। बस रास्ते में खराब हो जाने के कारण अपने निर्धारित समय से एक घंटा देर से पहुँची। समय काफ़ी हो चुका था, इसलिए घबराहट में मैं मात्र एक ही अटैची लेकर बस से उतर आया। मेरे साथ एक छोटा एयरवेज़ का बैग भी था। उसका रंग गहरा नीला था। वह बैग मैं उसी बस में भूल आया। सुबह मैं बस अड्डे गया भी था लेकिन उस बैग का कोई पता न चला। कृपया आप उसे ढूँढ़ निकालने का प्रयत्न करें। मैं आपका विशेष आभारी रहूँगा। यदि मेरा बैग मिल जाए तो उसे उपर्युक्त पते पर भिजवाने की कृपा करें।

भवदीय,
रमेश वर्मा।

****

©KTBS Not to be republished

# वाक्य-रचना

**वाक्यः** किसी भाव या विचार को पूरी तरह प्रकट करने वाली भाषा की छोटी इकाई को वाक्य कहते हैं। वाक्य में शब्द और पद-बंध (Phrases) रहते हैं। शब्दों और पद-बंधों के बीच एक सुनिश्चित और सार्थक संबंध होता है। वाक्य सरल और स्पष्ट होते हैं तो भाव या विचार बड़ी सुगमता से दूसरों तक पहुँचते हैं।

**उपवाक्य :** वाक्य एक संपूर्ण इकाई है। कभी-कभी एक वाक्य लंबा होता है और उसके साथ छोटे-छोटे वाक्य भी जुड़े होते हैं। ऐसे छोटे-छोटे वाक्यों को उपवाक्य कहते हैं। 'मुझे कल मैसूर जाना है'। यह एक पूर्ण वाक्य है। अब दूसरा वाक्य देखिए 'मुझे कल मैसूर जाना है और उसी दिन वहाँ से ऊटी जाना है'। यह दूसरा ही उपवाक्य है।

**रचना के अनुसार वाक्य के प्रकार :** वाक्य के तीन प्रकार या भेद हैं-सरल वाक्य, संयुक्त वाक्य तथा मिश्र वाक्य।

**सरल वाक्य :** सरल वाक्य में एक ही वाक्य होता है। वह छोटा होता है। उसमें कोई उपवाक्य नहीं होता। वह अपने आप संपूर्ण होता है। उदाः भीम बलवान है।

**संयुक्त वाक्य :** संयुक्त वाक्य में दो या तीन वाक्य होते हैं। पर पहला वाक्य प्रधान होता है। दूसरा या तीसरा वाक्य पहले वाक्य के सहायक बनते हैं। परन्तु वाक्य एक ही है। संयुक्त वाक्य का अर्थ है दो या दो से अधिक वाक्य एक साथ मिलकर पूर्ण अर्थ का बोध कराना।

**उदा :** भीम बलवान है और गुणवान भी है। छोटा वाक्य प्रधान वाक्य की मदद करके, उसकी विशेषता प्रकट करता है। पर दोनों वाक्य स्वतंत्र होते हैं।

©KTBS Not to be republished

**मिश्र वाक्य :** मिश्र वाक्य में दो वाक्य होते हैं। मगर दूसरा वाक्य पहले वाक्य पर आधारित रहता है। पहले वाक्य के बिना दूसरे वाक्य का अस्तित्व नहीं होता।

**उदाः** भीम बलवान है मगर क्रोधी है। यह स्पष्ट है कि 'मगर क्रोधी है'- 'भीम बलवान है' के बिना अधूरा है।

वाक्य-रचना सरल, स्पष्ट और सुबोध होनी चाहिए। चमकी-ले-भड़कीले शब्दों के योग से लंबे-लंबे वाक्य लिखे जायेंगे तो उन्हें समझना कठिन होगा। वाक्यों में मुहावरों तथा कहावतों का प्रयोग हो तो सोने में सुहागा। इसलिए विद्यार्थियों को छोटे-छोटे, सरल वाक्यों को लिखना चाहिए।

****

©KTBS Not to be republished